अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल यानी एसआइटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप दी। हालांकि हिंदू समाज को चिंतित करने वाले इस मामले की जांच अभी जारी है और एसआइटी की अंतिम रिपोर्ट भी आनी शेष है, लेकिन उसकी प्रतीक्षा किए बिना अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर कुछ न कुछ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे लोगों को भरोसा हो कि दोषी बचेंगे नहीं और भविष्य में दान का हिसाब-किताब नीर-क्षीर एवं विश्वसनीय तरीके से होगा। चढ़ावा चोरी प्रकरण केवल राम मंदिर ट्रस्ट की नाकामी को उजागर करने वाला ही नहीं, बल्कि हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करने वाला भी है। यह मामला एक तरह से हिंदू आस्था के साथ छल है। इस छल के लिए जो भी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होते हुए दिखनी ही चाहिए। इसकी पहल राम मंदिर ट्रस्ट को अपने स्तर पर भी करनी चाहिए, क्योंकि उसकी लापरवाही के चलते लोगों के भरोसे को गहरी चोट पहुंची है। अयोध्या में राम मंदिर के लिए दान मंदिर निर्माण के पहले से आ रहा है। कायदे से तो पहले ही ऐसी व्यवस्था बना ली जानी चाहिए थी, जिससे दान राशि के प्रबंधन में किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहती। यह निराशाजनक है कि यह काम राम मंदिर निर्माण और प्रबंधन के लिए ट्रस्ट के गठन के बाद भी नहीं हो सका।

यह समझना कठिन है कि जब करीब छह वर्ष पहले दान राशि की गणना को लेकर एक आडिट फर्म ने सवाल उठाए थे, तो उसकी अनदेखी क्यों की गई? इस प्रश्न का उत्तर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को देना चाहिए। आडिट फर्म ने दान पात्रों के हिसाब-किताब में खामियों को दूर करने के लिए एक निश्चित मानक संचालन प्रक्रिया बनाने को कहा था। हिंदू समाज को यह बताया जाना चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं किया गया? एसआइटी ने भी जिस तरह दान राशि का साप्ताहिक आडिट कराने का सुझाव दिया, उससे यही पता चलता है कि यह एक ऐसा बुनियादी काम था, जो पहले दिन से किया जाना चाहिए था। ट्रस्ट की गलती केवल इतनी ही नहीं कि उसने दान राशि का प्रबंधन उचित तरीके से करने की ठोस व्यवस्था नहीं की। इसे भी उसकी गलती कहा जाएगा कि चढ़ावा चोरी प्रकरण पर उसने तत्काल प्रभाव से एफआइआर दर्ज कराने की जरूरत नहीं समझी। कम से कम अब तो यह काम किया ही जाना चाहिए। वैसे भी एसआइटी ने इसकी सिफारिश कर दी है। यह पहली बार नहीं, जब किसी मंदिर की दान राशि में गड़बड़ी का मामला सामने आया हो। ऐसा ही कुछ और मंदिरों के मामले में सामने आ चुका है। इन स्थितियों में सभी मंदिरों को दान राशि के प्रबंधन के लिए एक ऐसी प्रक्रिया अपनाने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए, जिसमें किसी तरह की खामी और खराबी न हो।

सौर ऊर्जा

उत्तराखंड में सौर ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। सौर ऊर्जा उत्पादन ने राज्य में बिजली खरीद का गणित बदल दिया है। पिछले दस वर्ष में बिजली खरीद में यह हिस्सा 80 गुना बढ़कर 4.89 प्रतिशत पहुंच गया है। पिछले कुछ वर्षों में सौर परियोजनाओं के विस्तार, तकनीकी सुधार और लागत में लगातार आई कमी ने सौर ऊर्जा को अधिक व्यावहारिक विकल्प बनाया है। सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ने से अपेक्षाकृत सस्ती बिजली उपलब्ध हो रही है। साथ ही जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली पर निर्भरता कम होने के साथ ही पर्यावरणीय दुष्प्रभाव घटाने में भी मदद मिल रही है। ऊर्जा स्रोतों में विविधता आने से किसी एक स्रोत पर निर्भरता का जोखिम भी कम हुआ है। राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। बिजली परियोजनाओं में तकनीकी और डिजिटल सिस्टम अपग्रेड हो रहे हैं। हालांकि स्मार्ट मीटर और क्षेत्रीय परियोजनाएं अभी लक्ष्य से पीछे हैं। कई क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्य अभी योजना के ही स्तर पर हैं। बावजूद इसके प्रति व्यक्ति बिजली खपत के मामले में उत्तराखंड राष्ट्रीय औसत से आगे है। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की तुलना में राज्य में प्रति व्यक्ति बिजली खपत लगभग दोगुना हो गई है। यह राज्य की आर्थिक मजबूती, जीवन स्तर में सुधार और बढ़ती विकास दर का संकेत है। बिजली उपयोग को आमतौर पर उद्योगों के विस्तार, बेहतर बुनियादी सुविधाओं, बढ़ती आय एवं आधुनिक जीवनशैली से जोड़कर भी देखा जाता है।

राज्य में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को प्रभावी प्रयास जारी रखने होंगे

भारी पड़ेगा मानसून का रूठना

आदित्य सिन्हा

अल नीनो के दुष्प्रभावों से बचने के लिए भारत को प्रत्येक मोर्चे पर हरसंभव जतन करने होंगे



अवधेश राजपूत

मानसून की महत्ता को इसी बात से समझ सकते हैं कि कहावतों में इसे 'भारत का वास्तविक वित्त मंत्री' कहा गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मानसून की मेहरबानी बहुत मायने रखती है। चूंकि मानसून एक मौसमी परिघटना है, इसलिए उसकी दशा-दिशा भी कई जलवायविक पहलुओं पर निर्भर करती है। ऐसा ही एक पहलू है अल नीनो। इस साल अल नीनो की आशंकाओं ने नीति-नियंताओं की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि कई प्रकार की अनिश्चितताओं से उपजी अस्थिरता में कमजोर मानसून वर्तमान स्थितियों को और बिगाड़ने का ही काम करेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ के अनुसार जून से अगस्त 2026 के बीच अल नीनो के सक्रिय होने की आशंका 80 प्रतिशत तक है, जो नवंबर तक 90 प्रतिशत तक हो सकती है। अमेरिकी मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अल नीनो के वर्ष 2026-27 की पूरी सर्दियों तक बने रहने के 96 प्रतिशत तक आसार हैं, जबकि नवंबर से जनवरी के बीच इसके चरम रूप धारण करने की आशंका 63 प्रतिशत तक है। हालात यही संकेत करते हैं कि 1950 के बाद यह अल नीनो का सबसे प्रचंड असर होने जा रहा है। यह किसी मौसमी अनुमान से अधिक रोजगार, खाद्य सुरक्षा, महंगाई और आर्थिक विकास दर पर मंडराते संकट की एक पूर्व चेतावनी है। इसकी अनदेखी करना बहुत भारी पड़ सकता है।

अल नीनो के पीछे के विज्ञान को समझें तो गर्म पानी को पश्चिमी प्रशांत महासागर की ओर धकेलने वाली ट्रेड विंड्स कुछ वर्षों के अंतराल पर कमजोर पड़ जाती हैं। इस स्थिति में वह गर्म पानी वापस पूर्व की ओर फैलता जाता है, जिससे वायुमंडल में ऊष्मा का एक विशाल भंडार उत्सर्जित होता है। यही कारण है कि इतिहास के अब तक के सबसे गर्म साल आमतौर पर अल नीनो के वर्ष ही रहे हैं। पिछली बार वर्ष 2023-24 में इसके प्रचंड रूप ने ही वर्ष 2024 को वैश्विक तापमान के मामले में एक नया रिकार्ड बनाने की दिशा में उन्मुख किया था। यह गर्मी सिर्फ प्रशांत महासागर के ऊपर ही सिमटकर नहीं रहती। विज्ञान की भाषा में यह टेलीकनेक्शंस यानी दूरगामी मौसमी संबंधी परिघटना होती है, जो विश्व भर में वर्षा के रुझान को प्रभावित करती है। इसका एक निश्चित असर भारत में वर्षा के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी मानसून पर पड़ता है। इससे न केवल मानसूनी वर्षा में देरी होती है, बल्कि उसकी मात्रा भी संकुचित हो जाती है। इस तरह एक दूरस्थ महासागर में घटित होने वाली परिघटना घरेलू समस्या का रूप धारण कर लेती है।

भारत को फसल उत्पादन और जल स्रोतों को दोबारा भरने के लिए जितने पानी की आवश्यकता होती है, उसके करीब 70 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति मानसून से होती है। भारतीय मौसम विभाग ने पहले ही मानसूनी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 92 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो सामान्य से कम श्रेणी में आता है। कमजोर मानसून के व्यापक दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। इससे गर्मी और विकराल रूप धारण कर लेती है, जिससे श्रमिकों की उत्पादकता एवं समग्र उत्पादन प्रभावित होता है। कम बारिश से फसल उत्पादन पर असर से किसान की आमदनी घटती है तो आपूर्ति तंग होने से महंगाई बढ़ती है। भारत दुनिया के उन देशों में से एक है, जहां महंगाई को मापने वाले सूचकांक में खाद्य उत्पादों की बड़ी भारी हिस्सेदारी (47.6 प्रतिशत) है। अप्रैल में पहले ही मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत के स्तर पर पहंच चुकी थी और लगता है कि यह अभी और बढ़ सकती है।

मानसूनी वर्षा में कमी का सबसे बुरा असर देश के उपजाऊ मैदानी इलाकों पर पड़ता है। जून के मध्य तक इस हिस्से में पहले ही वर्षा में करीब 64 से 65 प्रतिशत तक की कमी देखी गई। इससे खरीफ की बोआई प्रभावित होती है। सिंचाई में मुश्किलों के साथ ही उसकी लागत भी बढ़ जाती है। केवल इस रुझान के चलते ही जीडीपी वृद्धि दर में 0.25 प्रतिशत तक की कमी की आशंका हो जाती है। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका 'नेचर' में वर्ष 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन ने इसके पीछे के एक बड़े नकारात्मक पहलू को रेखांकित किया कि इससे ऐसा नुकसान होता है कि बाद में हुई वर्षा भी उसकी भरपाई नहीं कर पाती और इसका चक्रीय प्रभाव करीब अगले तीन वर्षों तक देखा जाता है। इससे खाद्य उत्पादन में गिरावट से महंगाई दर में भी 0.5 से 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के आसार बन जाते हैं।

डार्टमाउथ कालेज के एक अर्थशास्त्री का अनुमान है कि प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के चलते वर्ष 2032 तक भारत को करीब एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के आर्थिक उत्पादन का नुकसान उठाना पड़ सकता है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह क्षति 10 ट्रिलियन डालर से भी ऊपर निकल जाएगी। नेचर के उसी अध्ययन में उल्लेख था कि हाल के दौर में आए प्रचंड अल नीनो के कारण दुनिया को वर्ष 1997-98 में 2.1 ट्रिलियन डालर और वर्ष 2015-16 में 3.9 ट्रिलियन डालर का नुकसान हुआ था, जो प्रत्येक बार कुल वैश्विक उत्पादन का लगभग चार से पांच प्रतिशत था।

ईरान और अमेरिका के बीच भले ही सुलह हो गई हो, लेकिन दोनों पक्षों के बीच गतिरोध अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। ऐसे में अल नीनो के आसार बड़े खतरे की घंटी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का मानना है कि अल नीनो जैसे झटके के साल भर बाद कच्चे तेल की कीमतें करीब 14 प्रतिशत और अन्य वस्तुओं के दाम लगभग पांच प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। घरेलू मोर्चे पर भीषण गर्मी से निपटने के लिए बिजली की मांग में होने वाला इजाफा कोयला आधारित बिजली उत्पादन को करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए मजबूर कर सकता है। साथ ही साथ, पानी की किल्लत जलविद्युत परियोजनाओं के लिए संकट बढ़ाएगी। यानी अल नीनो का असर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों को भी धक्का पहुंचाता है। स्पष्ट है कि अल नीनो के दुष्प्रभावों से बचने के लिए भारत को प्रत्येक मोर्चे पर हरसंभव जतन करने होंगे।

(लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

आपातकाल के काले कारनामे

केसी त्यागी

आपातकाल में विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ दमनचक्र चलाने के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकार भी छीने गए

सत्ता की निरंकुशता का प्रतीक बना था आपातकाल। फाइल

12 जून, 1975 को तापमान के साथ-साथ राजनीतिक पारा भी बढ़ रहा था। गुजरात चुनाव के नतीजे इंदिरा गांधी की नींद उड़ाने वाले थे। मतगणना के प्रारंभिक रुझान नवगठित 'जनता मोर्चा' के पक्ष में आ रहे थे। ये नतीजे चिमनभाई पटेल की भ्रष्ट सरकार के विरुद्ध गुजरात के छात्रों-नौजवानों द्वारा चलाए गए जन आंदोलन का परिणाम थे। गुजरात आंदोलन का असर तब राष्ट्रव्यापी स्वरूप लेता नजर आने लगा, जब लोकनायक जयप्रकाश नारायण इसका नेतृत्व करने को तैयार हो गए थे। उन्हीं के प्रभाव से गुजरात के विपक्षी दलों ने 'जनता मोर्चा' के बैनर तले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था। गुजरात में 182 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को मात्र 75 सीटें मिलीं। गांधीवादी नेता बाबूभाई पटेल के नेतृत्व में गैर-कांग्रेस सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। 1971 में 'इंदिरा लहर' में हुई अपमानजनक हार के बाद विपक्ष की एकता द्वारा हासिल की गई यह पहली विजय पताका थी।

1971 के लोकसभा चुनाव में चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, मधु लिमये, जार्ज फर्नांडिस सरीखे सभी प्रमुख नेता चुनाव हार चुके थे। लोकदल नेता राजनारायण ने अपनी पराजय अस्वीकार कर इलाहाबाद हाई कोर्ट में रायबरेली के चुनाव नतीजों को चुनौती दे डाली। उन्होंने श्रीमती गांधी पर चुनाव के दौरान अपने निजी सचिव यशपाल कपूर को अपना इलेक्शन एजेंट बनाने, स्वामी अवैतानंद को 50 हजार रुपये घूस देकर उम्मीदवार बनाने, वायुसेना के विमानों का दुरुपयोग करने, डीएम-एसपी की अवैध मदद लेने, मतदाताओं को लुभाने हेतु शराब, कंबल आदि बांटने और निर्धारित सीमा से अधिक खर्च करने जैसे तमाम आरोप लगाए। प्रारंभिक सुनवाई के दौरान इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, लेकिन 12 जून, 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा द्वारा दिए गए निर्णय ने देश को चकित कर दिया। उन्होंने इंदिरा गांधी के चुनाव को रद करने के साथ ही उन्हें चुनाव लड़ने के लिए छह वर्ष तक अयोग्य घोषित कर दिया। यह वही दौर था, जब जेपी आंदोलन बिहार में भी गुजरात जैसा राजनीतिक परिवेश बनाने में सफल होने लगा था। देश में बदलाव का वातावरण तैयार हो रहा था। विपक्षी नेताओं की बड़ी-बड़ी सभाएं आयोजित होने लगीं और आंदोलन का राष्ट्रव्यापी स्वरूप तैयार हो चला।

12 जून के अदालती फैसले ने विपक्ष को एक नई संजीवनी प्रदान की। 13 जून को विपक्षी नेताओं द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर इंदिरा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई। इसी बीच संजय गांधी, आरके धवन और हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसीलाल अपनी भावी योजना के क्रियान्वयन में लग गए। कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने 'इंदिरा इज इंडिया' का नारा लगाकर उनकी इस योजना को बल प्रदान किया। कांग्रेस के एक तबके द्वारा सर्वोच्च अदालत में की गई अपील का नतीजा आने तक किसी वरिष्ठ मंत्री को कार्यभार सौंपने की मांग उठने लगी। स्वर्ण सिंह एवं बाबू जगजीवन राम के नाम प्रमुखता के साथ चर्चा में थे, पर श्रीमती गांधी को किसी नेता पर भी विश्वास नहीं था। कांग्रेस के युवा तुर्क नेता चंद्रशेखर ने जेपी और इंदिरा के बीच कई मीटिंग कराईं, लेकिन श्रीमती गांधी के इर्द-गिर्द चापलूस नेता किसी भी समझौते के विरुद्ध थे। जेपी, मोरारजी, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी समेत तमाम नेता श्रीमती गांधी के इस्तीफे से कम पर तैयार नहीं थे।

20 जून को जेपी का कलकत्ता में कार्यक्रम आयोजित था। वे वामपंथी नेता ज्योति बसु को भी इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहते थे, पर राजनीतिक पूर्वाग्रहों के चलते यह संभव न हो पाया। इसी समय सिद्धार्थ शंकर रे जैसे कानूनविद और नेता संजय गांधी के साथ मिलकर आपातकाल का खाका तैयार करने में लगे हुए थे। 25 जून, 1975 को रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली का आयोजन हुआ। सभी दलों के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति ने सभा को गंभीर बना दिया। मंच पर मदनलाल खुराना और मेरी भी उपस्थिति थी। अंतिम वक्ता के रूप में जेपी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का जिक्र करते हुए श्रीमती गांधी के इस्तीफे की मांग कर डाली। उन्होंने सेना और पुलिस से भी अवैध आदेशों की अनदेखी करने की अपील की। इसी को मुद्दा बनाकर रात 11:45 पर राष्ट्रपति से हस्ताक्षर कराकर आपातकाल की घोषणा कर दी गई। अगले कुछ दिनों में देश भर में लगभग दो लाख राजनीतिक लोगों को बंदी बनाया गया। उनके परिजनों को यातनाएं दी जाने लगीं। जमानत न देने के लिए अदालतों पर दबाव बनाया गया। सेंसरशिप लगाकर प्रेस की आजादी का गला घोंट दिया गया। जेपी, मोरारजी, चौधरी चरण सिंह, कृपलानी आदि अनेक नेता स्वतंत्र भारत में कैदी बन गए। 21 महीने के आपातकाल में केवल विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के खिलाफ दमनचक्र ही नहीं चलाया गया, बल्कि संविधान को बंधक बनाकर नागरिकों के सभी मौलिक अधिकार भी छीन लिए गए। स्पष्ट है कि आपातकाल स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र के लिए एक कलंक था।

(आपातकाल में जेल गए लेखक पूर्व सांसद हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

धन का सदुपयोग

जीवन में लगभग हर किसी को यात्रा करनी पड़ती है। जब वह घर छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर जाता है तो सराय, धर्मशाला या होटल आदि में ठहरता है। कुछ दिनों वहां रहने का यह अर्थ नहीं कि वह उन प्रतिष्ठानों का स्वामी बन जाता है। जीवन की भी यही स्थिति है। जन्म हुआ है तो मृत्यु भी सुनिश्चित है। मनुष्य संसार को सराय, धर्मशाला या होटल ही समझे तथा सांसारिक दायित्वों का कुशलता से पालन करे, क्योंकि अंत में कितना भी भौतिक संपन्न व्यक्ति हो, सब संसार में ही छोड़कर चला जाता है। बोध कथा है कि एक अति संपन्न व्यक्ति स्वभाव से अत्यंत कृपण था। एक दिन उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु हो जाने के बाद उसके यहां काम करने वाले नौकर को संपन्न देखकर जब उसकी शादी हुई, तब वह बोला कि मालिक कितने महान थे, जो अपने ऊपर भी पैसा नहीं खर्च करते थे। हमें क्या मालूम कि वह पैसा हम लोगों के लिए बचा रहे थे?

धन की तीन स्थितियां हैं-भोग, दान एवं नाश। अतः जीवन में पैसा ही सब कुछ है, ऐसा सोचकर उसका सिर्फ संग्रह ही नहीं करना चाहिए। धन का सदुपयोग खुद के लिए करने के साथ दान आदि में भी करना चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। अन्यथा एकत्रित धन का प्रयोग कोई और करता है। मरणासन्न व्यक्ति के परिवार के लोग चिकित्सक से कहते हैं कि चाहे जितना पैसा लगे, परंतु हमारे प्रियजन को बचा लीजिए, लेकिन चिकित्सक जवाब देता है कि पैसे से मृत्यु रोकी जा सकती तो धरती पर लोग मरते नहीं। इसलिए संसार को धर्मशाला समझकर रहना चाहिए, न कि मालिक बनकर। यहां स्वयं को किराएदार समझना ही श्रेयस्कर है। जीवन कब समाप्त हो जाएगा, इसलिए अच्छे काम में आरंभ से ही लग जाएं। धर्म-कर्म के लिए वृद्धावस्था की प्रतीक्षा न करें।

सलिल पाण्डेय

अविश्वास के घेरे में आइवीएफ केंद्र

डा. मोनिका शर्मा

आइवीएफ प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ दंपतियों के लिए वरदान समान है

चिकित्सकीय तकनीक के सहयोग से माता-पिता बनने की यात्रा से भी एक भावनात्मक पक्ष जुड़ा होता है। आइवीएफ यानी 'असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलाजी' प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ दंपतियों के लिए वरदान समान है। ऐसे में कई आइवीएफ केंद्रों के कामकाज और पारदर्शिता पर प्रश्न उठने की स्थितियां सचमुच चिंतनीय हैं। हाल में दिल्ली-एनसीआर के एक चर्चित आइवीएफ केंद्र पर जुड़वां बच्चियों के भ्रूण या बच्चों की अदला-बदली का मामला चर्चा में आया। पीड़ित परिवार के मुताबिक उन्होंने आइवीएफ, इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन की प्रक्रिया से जुड़ी सभी जटिल मेडिकल प्रक्रियाओं का सामना किया। करीब पांच से छह लाख रुपये खर्च किए। जन्म के बाद दोनों बच्चियों का डीएनए टेस्ट करवाने पर यह न तो मां से मैच कर रहा था और न ही पिता से। अब परिवार यह जानना चाहता है कि उनके बायोलाजिकल बच्चे कहां हैं? साथ ही आइवीएफ केंद्र की धोखाधड़ी को लेकर कार्रवाई की भी मांग की है।

दुखद है कि अपनी जैविक संतान पाने के लिए आइवीएफ केंद्रों का रुख करने वाले जोड़ों को कई तरह की अनियमितताओं और अनिश्चितताओं से जूझना पड़ता है। निःसंतान दंपतियों को सुरक्षित-सफल प्रक्रिया के लिए इनकी महंगी फीस चुकानी पड़ती है। बावजूद इसके आइवीएफ केंद्रों की लापरवाही और जालसाजी के मामले सामने आते रहते हैं। कई बार भ्रूण या अंडों की अदला-बदली के आरोप लगे हैं। यहां तक कि भ्रूण या अंडों की तस्करी और प्रक्रिया के नियमों के उल्लंघन संबंधित बड़े घोटाले भी सामने आ चुके हैं। बीते दिनों महाराष्ट्र के ठाणे में एक अस्पताल के भीतर अवैध रूप से चल रहे आइवीएफ सेंटर का पता चला था। महीने भर पहले राजस्थान में भी कई आइवीएफ सेंटर्स में अनियमितताओं को लेकर चिकित्सा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। गौरतलब है कि उदयपुर में अंडों की अवैध खरीद-बिक्री और दस्तावेजी गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद 28 केंद्रों का निरीक्षण करने पर गंभीर खामियां सामने आई थीं।

धोखाधड़ी के शिकार लोग डोनर एग-स्पर्म का गलत इस्तेमाल करने या भ्रूण बदलने की शिकायत करते रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या पारदर्शिता को लेकर होती है। आमतौर पर चिकित्सा रिपोर्ट, भ्रूण के निर्माण और डोनर से जुड़ी जानकारी लिखित दस्तावेज में नहीं दी जाती है। हमारे यहां असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलाजी नियमन अधिनियम, 2021 और सरोगेसी नियम, 2022 के तहत, डोनर शुक्राणु, अंडाणु या भ्रूण डोनर की पहचान गुप्त रखी जाती है। इस मामले में डोनर कपल अपने ही जैविक बच्चे पाने के लिए यह प्रक्रिया अपना रहे थे। इसीलिए डीएनए जांच में जालसाजी का खुलासा हो सका है। अविश्वास और जालसाजी का यह घेरा भावनात्मक और आर्थिक मोर्चे पर सचमुच पीड़ादायी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मंदिर में महापाप

'आस्था पर आघात है चढ़ावा चोरी' शीर्षक से लिखे आलेख में राजीव सचान ने यह ठीक ही कहा है कि करोड़ों लोगों की आस्था को आघात पहुंचाने वाले 'चढ़ावा-चोरी' प्रकरण के उजागर होने के बाद भी मंदिर ट्रस्ट के किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने इस महापाप की नैतिक जिम्मेदारी नहीं ली है। सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद हिंदू जनमानस के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर को भव्य आकार मिला और उसमें श्रीरामलला दिव्य आभा के साथ विराजमान हुए। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रतिदिन लाखों रामभक्त मंदिर परिसर में आने लगे। इनमें से किसी भी रामभक्त के मन में यह संदेह पैदा नहीं हुआ होगा कि उनके द्वारा भगवान श्रीराम को समर्पित की गई भेंट मंदिर की व्यवस्था में लगे लोगों द्वारा ही चोरी की जा सकती है, लेकिन साक्ष्य बता रहे हैं कि मंदिर परिसर में यह घोर अनर्थ हुआ है, जिससे करोड़ों रामभक्तों की आस्था आहत हुई है। बावजूद इसके जिम्मेदार लोग इस पाप से अनजान बने हुए हैं और बेशर्मी के साथ अपने पद पर प्रतिष्ठित हैं। यह केवल सामान्य चोरी की घटना नहीं, अपितु करोड़ों रामभक्तों की भक्ति-भावना के साथ खिलवाड़ है। केंद्र और राज्य में सर्वोच्च पद पर विराजमान पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रति जन-मन का विश्वास दृढ़ है। आहत रामभक्त यह मानकर बैठे हुए हैं कि दुराचारियों से चढ़ावा चोरी की न केवल पाई-पाई वसूल की जाएगी, अपितु इस महापाप का उन्हें कड़ा दंड भी मिलेगा। एसआइटी की प्राथमिक रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ट्रस्ट के जिम्मेदार लोगों को तत्काल पदमुक्त कर निष्पक्ष एवं सघन जांच की कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए, ताकि इस घोर पाप के भागीदार और जिम्मेदार लोगों को कानून के हवाले किया जा सके।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़

मंदिर में धन न चढ़ाएं

भक्ति एक सतोगुणी भाव है और धन, स्वर्ण, रजत आदि पूर्णतया रजोगुण से आवृत्त। दोनों का मिश्रण ठीक नहीं। भगवान भाव के भूखे हैं, न कि संपदा के। श्रीराम रूप में उन्होंने शबरी के बेर खाए और वन में जनजातीय लोग उन्हें दोनों में भर-भरकर कंद, मूल, फल ही ले गए, न कि रुपया-पैसा। उन्होंने तो सोने की लंका जीत ली थी, लेकिन सब मित्र विभीषण को दे दी। एक तोला सोना भी अपने घर नहीं लाए। श्रीकृष्ण रूप में वे स्वयं गीता में कहते हैं कि "पत्र, पुष्प, फल या जल, जो भी मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं प्रीतिपूर्वक ग्रहण करता हूं।" धन, आभूषण अर्पण में बेईमानी की पूरी आशंका रहेगी और पाप कर्म होगा ही। इस समय तो राष्ट्रीय चरित्र ज्यादा गिरा हुआ है, वैसे घूस्खोरी त्रेता में भी थी। वाल्मीकि रामायण/अयोध्या कांड/अध्याय-100 में श्रीराम ने भरत को राजनीतिक उपदेश देते हुए कहा है कि "क्या तुम ऐसे आमात्यों को उत्तम कार्यों में नियुक्त करते हो, जो घूस न लेते हों, निश्छल और अंदर बाहर से पवित्र हों?" यानी छली-कपटी तब भी थे। अतः आप मंदिर में फल-फूल ही चढ़ाएं और भक्ति पूर्वक प्रणाम करें। बस।

रघोत्तम शुक्ल, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी

मेलबाक्स

तंत्र की निष्क्रियता

लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्निकांड की जो तस्वीर उभरकर सामने आई है वह हृदयविदारक है। इस घटना ने हमारे तंत्र की निष्क्रियता को उजागर किया है। तब जबकि कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली के मालवीय नगर के होटल में आग लगने से 20 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। सवाल उठता है कि ऐसे हादसों के बाद जैसी उच्चस्तरीय तत्परता दिखाई जाती है वैसी ही सक्रियता संबंधित विभागों की सामान्य दिनों में क्यों नहीं दिखती है? आखिर संबंधित विभाग का जब यही काम है तब सुरक्षा मानकों की परवाह उसके कार्य का नियमित हिस्सा होने चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। दुखद है विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। मगर सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति हम जितने बेपरवाह नजर आते हैं उससे हम विकसित देश की पांत में आने से वंचित रहेंगे।

मुकेश कुमार मनन, पटना

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

42.6 प्रतिशत छात्र ही उद्योग की जरूरतों के अनुसार रोजगार के योग्य पाए गए हैं विभिन्न शिक्षण संस्थानों से निकलने वाले भारतीय स्नातकों में से, मर्सर मेटल इंडियाज ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स, 2025 के आंकड़े के अनुसार।

आजकल

एआइ के दौर में डिग्रियों का महत्व

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने पिछले दिनों कहा कि एआइ के युग में पारंपरिक डिग्रियों का दौर अब खत्म हो रहा है। युवाओं को अब वेल्डर्स, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन और तकनीशियनों जैसे बुनियादी हुनरमंद पेशों की ओर देखना चाहिए। सच्चाई यही है कि तकनीकी प्रगति आपका हुनर और क्षमता नहीं छीन सकती, लेकिन वह रटकर हासिल की गई कागजी डिग्रियों को पल भर में अप्रासंगिक जरूर बना सकती है

पाठ्यक्रम का नया माडल सूचना के संग्रह के बजाय छात्रों की क्षमता के निर्माण पर आधारित होना चाहिए। प्रतीकात्मक

अभिषेक कुमार सिंह
संस्था टेली परफार्मेंसेज से संबद्ध

गत दिनों भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि डिग्रियों का दौर अब खत्म हो चुका है। युवाओं को अब वेल्डर्स, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन और तकनीशियनों जैसे बुनियादी हुनरमंद पेशों की ओर देखना चाहिए। उनका यह आकलन ऐसे समय आया है जब एआइ और आटोमेशन के तेज प्रसार ने व्हाइट कालर नौकरियों के भविष्य पर एक प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उनका यह तर्क अकादमिक और आर्थिक जगत में उस बहस को हवा दे रहा है, जो यह सवाल उठाती है कि पारंपरिक उच्च शिक्षा के रास्ते यानी कालेज और यूनिवर्सिटी की कई-कई वर्षों की सैद्धांतिक पढ़ाई आज के तकनीकी युग में कितनी प्रासंगिक और उपयोगी बची है? सच्चाई यही है कि तकनीकी प्रगति आपके हाथ का हुनर और वास्तविक क्षमता नहीं छीन सकती, लेकिन वह रटकर हासिल की गई कागजी डिग्रियों को पल भर में अप्रासंगिक जरूर बना सकती है।

इस कड़वी हकीकत को मर्सर मेटल इंडियाज ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स, 2025 के आंकड़े भी रेखांकित करते हैं। देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2700 से अधिक विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के लगभग दस लाख से अधिक छात्रों के बीच किए गए इस विस्तृत मूल्यांकन के नतीजे बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कालेजों से डिग्रियां लेकर निकलने वाले भारतीय स्नातकों में से केवल 42.6 प्रतिशत छात्र ही वास्तव में उद्योग की जरूरतों के अनुसार रोजगार के योग्य पाए गए हैं। चिंता का विषय यह है कि यह ग्राफ सुधरने के बजाय पिछले वर्षों के मुकाबले नीचे गिरा है। वर्ष 2023 में जहां 44.3 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य थे, वहीं 2025 के मूल्यांकन में इसमें लगभग दो प्रतिशत की साफ गिरावट दर्ज की गई है।

गैर-तकनीकी कौशल का पतनः मर्सर मेटल की रिपोर्ट इस गिरावट की मुख्य वजह युवाओं में नान-टेक्निकल स्किल्स, क्रिएटिविटी और तार्किक क्षमता के गंभीर अभाव को मानती है। हालांकि इसी अवधि में कंप्यूटर विज्ञान, कोडिंग और एआइ जैसी विशुद्ध तकनीकी भूमिकाओं के लिए भारतीय युवाओं की रोजगार क्षमता में बढ़ोतरी देखी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 46 प्रतिशत स्नातक तकनीकी भूमिकाओं के अनुकूल पाए गए हैं, लेकिन जैसे ही बात मानविकी, कला, वाणिज्य और सामान्य प्रबंधन जैसे गैर-तकनीकी संकायों की आती है, व्यावहारिक दक्षता का स्तर तेजी से नीचे गिर जाता है। हमारे संस्थान ऐसे युवा तो तैयार कर पा रहे हैं, जो कोडिंग कर सकें, लेकिन ऐसे संवेदनशील और तार्किक मानव संसाधन का निर्माण करने में नाकाम हो रहे हैं, जो जटिल समस्याओं का मानवीय एवं रचनात्मक समाधान ढूंढ़ सकें।

इस कौशल संकट का एक और स्याह पहलू भौगोलिक और आर्थिक असमानता से भी जुड़ा है। भारत के स्नातक कौशल सूचकांक, 2025 के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली के युवा 53.4 प्रतिशत के साथ रोजगार क्षमता के मामले में शीर्ष पर काबिज हैं, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश और पंजाब का स्थान आता है। टियर-1 सूची में शामिल महानगरों के कालेजों से निकले स्नातकों ने तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों ही पैमाने पर उच्च रोजगार क्षमता प्रदर्शित की है। इसके विपरीत चंडीगढ़, कानपुर, लखनऊ, देहरादून और पटना जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों के कालेजों से पास आउट होने वाले छात्र इस दौड़ में पीछे पाए गए हैं। यह क्षेत्रीय असंतुलन दर्शाता है कि विविधतापूर्ण और आधुनिक बाजार की मांग के अनुकूल हुनर हासिल करने का अवसर और बुनियादी ढांचा देश के अपेक्षाकृत छोटे शहरों और ग्रामीण अंचलों के युवाओं को नहीं मिल पा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व एस्पायरिंग माइंड्स नामक एजेंसी ने भी आगाह किया था कि इंजीनियरिंग कर चुके देश के 80 प्रतिशत से अधिक छात्र तकनीकी रूप से कारपोरेट नौकरियों के काबिल नहीं होते। नेशनल सैंपल सर्वे आफिस (एनएसएसओ) के पुराने सर्वेक्षणों ने भी इस कड़वे सच पर मुहर लगाई थी कि देश के शिक्षित युवाओं का बेहद मामूली हिस्सा (लगभग दस में से एक) ही ऐसा कोई व्यावहारिक या वोकेशनल प्रशिक्षण प्राप्त करता है, जिसके बल पर कोई उद्योग उन्हें काम पर रख सके।

शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता का सवालः आज देश में डिग्री और रोजगार के बीच जो लंबी-चौड़ी खाई दिख रही है, वह हमारी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता पर एक बड़ा सवालिया निशान है। यह स्कूल और कालेज स्तर पर दी जा रही शिक्षा की खराब क्वालिटी और हमारी रटंत परीक्षा प्रणाली का सीधा दुष्परिणाम है। वर्षों पहले पीयर्सन द्वारा देश के शहरों में किए गए द पीयर्सन वायस आफ टीचर सर्वेक्षण में खुद शिक्षकों ने यह स्वीकार किया था कि मौजूदा शिक्षा तंत्र छात्रों को मुकम्मल व्यावहारिक ज्ञान देने में अक्षम है। यही वजह है कि देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठनों के आंकड़े लगातार डराने वाले आते हैं। एसोसिएशन आफ इंडिया चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचैम) की रिपोर्ट कहती है कि देश के पारंपरिक बिजनेस स्कूलों से एमबीए करने वाले युवाओं में से महज 7 से 10 प्रतिशत ही कारपोरेट जगत की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। देश के विशाल आइटी उद्योग के प्रतिनिधित्व वाली संस्था नैस्काम (नेशनल एसोसिएशन आफ साफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज) भी यह मानती है कि बड़ी संख्या में साफ्टवेयर इंजीनियरिंग के स्नातकों को सीधे काम पर नहीं रखा जा सकता। कंपनियों को उन्हें महीनों प्रशिक्षित करना पड़ता है। जब देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की हो, तब मानव संसाधन का ऐसा कौशल विहीन होना एक जनसांख्यिकीय आपदा का संकेत है।

एआइ के दौर में आजीविका की रक्षाः आज एआइ ने कार्यक्षेत्रों के पुराने नियमों को बदल दिया है। शुरुआती स्तर की कोडिंग, क्लेरिकल कार्य, डाटा एंट्री और बुनियादी प्रशासनिक नौकरियां, जिन्हें कभी सुरक्षित माना जाता था, वे अब एआइ के कारण लुप्त हो रही हैं, पर इसके समानांतर एआइ-संचालित भूमिकाओं, एआइ-मानव सहयोग और डाटा गवर्नेंस के क्षेत्रों में नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। उद्योग अब ऐसे उम्मीदवारों की खोज में हैं, जो न केवल तकनीकी रूप से साक्षर हों, बल्कि जिनमें निरंतर सीखने की ललक एवं बदलती परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने का लचीलापन हो। सरकार ने इस जरूरत को समझते हुए नीतिगत बदलाव किए हैं। शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा में मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक इंटर्नशिप को अनिवार्य गया है।

रटंत शिक्षा से हुनर के गढ़ने तकः यदि भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनना है, तो हमें अपनी युवा पीढ़ी को केवल कागजी शेर या डिग्रियों का संग्रहकर्ता बनाने के सोच से बाहर निकलना होगा। पाठ्यक्रम का नया माडल सूचना के संग्रह के बजाय क्षमता के निर्माण पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले उद्योगों और विश्वविद्यालयों के बीच एक वास्तविक, जीवंत सेतु बनाना होगा, जहां हर छह महीने में पाठ्यक्रम को बाजार की मांग के अनुरूप बदला जा सके। दूसरा, मुख्य आर्थिक सलाहकार की उस बात को आत्मसात करना होगा, जो कहती है कि हमें पारंपरिक व्हाइट-कालर डिग्रियों के मोह से निकलकर ट्रेड स्किल्स और वोकेशनल हुनर को सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा देनी होगी। कालेज की पढ़ाई के दौरान ही व्यावहारिक अप्रेंटिसशिप और लाइव प्रोजेक्ट्स को अनिवार्य किया जाए, ताकि छात्र केवल थ्योरी न रटें। एआइ के इस अभूतपूर्व युग में खुद को बचाए रखने और आगे बढ़ने का एकमात्र मूलमंत्र जीवनपर्यंत सीखना है। सरकारों, शिक्षण संस्थानों और युवाओं को समझना होगा कि भविष्य की जंग डिग्रियों के जोर पर नहीं, हाथों के हुनर और दिमाग की रचनात्मक धार के बल पर जीती जाएगी।

समय के साथ बदलें विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालयों को अपना पाठ्यक्रम बदलने में वर्षों लग जाते हैं, जबकि एआइ के इस दौर में तकनीक हर तीन महीने में खुद को बदल लेती है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि जब तक कोई छात्र कालेज की महंगी डिग्री पूरी करके बाहर कदम रखता है, तब तक उसका सीखा हुआ ज्ञान आउटडेटेड हो चुका होता है। मर्सर मेटल की रिपोर्ट में देश के आधे से अधिक स्नातकों का बेरोजगार पाया जाना इसी संस्थागत सुस्ती का प्रमाण है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर टेक दिग्गज (जैसे गूगल, आइबीएम, माइक्रोसाफ्ट) अब डिग्री-फर्स्ट की रूढ़िवादी नीति को तिलांजलि देकर स्किल-फर्स्ट यानी हुनर को प्राथमिकता देने वाले हायरिंग माडल को अपना रहे हैं। अब कंपनियां यह नहीं देखतीं कि आपके पास किस बड़े संस्थान का ठप्पा है, बल्कि वे यह देखती हैं कि क्या आप उनके वास्तविक प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का व्यावहारिक हुनर रखते हैं। इसके चलते शार्ट-टर्म नैनो-डिग्री, माइक्रो-क्रेडिट और विशिष्ट कौशल प्रमाणपत्रों का चलन तेजी से बढ़ा है, जो पारंपरिक उच्च शिक्षा को सीधे चुनौती दे रहे हैं। इसी संकट को देखते हुए भारत सरकार ने भी एक उच्च स्तरीय एजुकेशन टू एंप्लायमेंट एंड एंटरप्राइज (ईईई) स्टैंडिंग कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा है, जिसका उद्देश्य एआइ के प्रभाव की निरंतर निगरानी करना और शिक्षा प्रणाली को बाजार के अनुकूल समायोजित (री-लाइन) करना है। अब विश्वविद्यालयों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वे खुद को महज डिग्री बांटने के कारखानों से मुक्त करें। उन्हें खुद को एआइ-सक्षम स्मार्ट परिसरों और व्यावहारिक इनोवेशन हब में तब्दील करना होगा, जहां रटने के बजाय छात्रों को वास्तविक दुनिया की जटिल समस्याओं को सुलझाने, तार्किक सोच विकसित करने और अनूठे मानवीय गुणों (भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं रचनात्मकता) का उपयोग करने का प्रशिक्षण मिल सके। भविष्य केवल उसी शिक्षा का है, जो लचीली, गतिशील और पूरी तरह से हुनर पर टिकी होगी। -अभिषेक कुमार सिंह

खरी-खरी

ज्ञान के भ्रम का युग

डा. अंजना चक्रपाणि मिश्र

सूचनाओं के इस अतिप्रसारित युग में अब हम पढ़ते कम, स्क्राल अधिक करते हैं। सोचते कम, साझा अधिक करते हैं और समझने से पहले ही निष्कर्ष सुना देते हैं। विडंबना देखिए एक व्यक्ति पांच मिनट का वीडियो देखकर अर्थशास्त्र का ज्ञाता बन जाता है। दस एक्स पोस्ट पढ़कर इतिहास का निर्णायक और एक वायरल पोस्ट देखकर चिकित्सा का विशेषज्ञ। मानो ज्ञान कोई साधना नहीं, बल्कि त्वरित डाउनलोड होने वाली फाइल हो गया हो। ऐसे में सत्य की खोज का स्थान ट्रेंड ने ले लिया है। जो अधिक साझा हो रहा है, वही अधिक सत्य प्रतीत होने लगता है। इंटरनेट मीडिया की अदृश्य संरचनाएं इस भ्रम को और गहरा करती हैं। एल्गोरिदम हमें वही दिखाते हैं, जो हमें पसंद है।

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि हम पूर्ण अज्ञान में भी नहीं हैं और वास्तविक ज्ञान तक भी नहीं पहुंच पा रहे। हम उस अधबीच की अवस्था में अटके हैं, जहां आधी जानकारी हमें पूर्ण ज्ञानी होने का भ्रम देती है। यही अधूरापन हमारे निर्णयों को प्रभावित करता है।

इस युग में लोग सुनने के लिए नहीं, बल्कि उत्तर देने के लिए सुनते हैं। हर चर्चा एक प्रतियोगिता बन गई है, जहां लक्ष्य सत्य तक पहुंचना नहीं, बल्कि सामने वाले को परास्त करना है। असहमति को अब विचारों की विविधता नहीं, बल्कि अज्ञान या विरोध के रूप में देखा जाता है। परिणामस्वरूप, संवाद की संभावनाएं सिकुड़ती जाती हैं और समाज विचारों के छोटे छोटे द्वीपों में बंटता जाता है। हम यह भूलते जा रहे हैं कि ज्ञान केवल सूचना का संग्रह नहीं, बल्कि उसे समझने, परखने और उचित संदर्भ में प्रयोग करने की क्षमता है।

ऐसे समय में आवश्यकता है ठहरने की। सूचना के इस तीव्र प्रवाह में बहने के बजाय, हमें रुककर विचार करना होगा। प्रश्न करना होगा कि क्या जो हम पढ़ रहे हैं, वह सत्य है। क्या हमारे निष्कर्ष हमारे अपने हैं या किसी और के विचारों का प्रतिबिंब। क्या हम वास्तव में समझ रहे हैं या केवल मान रहे हैं। स्वतंत्र चिंतन की यह क्षमता ही मनुष्य को विशिष्ट बनाती है। क्योंकि अंततः वही समाज प्रगति करता है, जहां प्रश्न पूछे जाते हैं।

पोस्ट

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में गठित एसआइटी से याद आया कि नोएडा में युवराज मेहता की मौत के बाद भी एक एसआइटी गठित हुई थी, जिसे 15 दिन में रिपोर्ट देनी थी। क्या निकला उस रिपोर्ट में? उस रिपोर्ट पर क्या एक्शन हुआ?
ऋचा अनिरुद्ध@richaanirudh

पिछले कुछ वर्षों से पद्म पुरस्कार समारोहों में कई चेहरे पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं। ये ऐसे लोग हैं, जिन्होंने प्रचार, संसाधन या सत्ता संरक्षण के बिना ही अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया होता है। ऐसे क्षण किसी व्यक्ति के सम्मान का उत्सव नहीं, देश के गुमनाम नायक-नायिकाओं के प्रति राष्ट्रीय कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी होते हैं।
डा. मीना कुमारी@DrMeenaJangid

हम कैसे विचित्र समय में जी रहे हैं। लोगों में प्रेम का दिखावा करते हुए किसी निर्दोष का प्राण लेने का जिगरा आता कहां से है? यह कैसी विकृत मानसिकता है? प्रेमी के संग योजना बनाकर हत्या की हिम्मत थी तो विवाह से मना करने की हिम्मत दिखाती सिया। निर्दोष केतन को क्यों मारा?
मालिनी अवस्थी@maliniawasthi

जागरण जनमत — कल का परिणाम

केंद्र और राज्य सरकारें सूखे से निपटने की पर्याप्त तैयारी करती दिख रही हैं?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या पीएम मोदी को ईरान के पूर्व शीर्ष नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जाना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

करें भरोसा किस तरह किस पर दें इल्जाम,
नाम सिया है कर दिया शुर्पणखा का काम।
शुर्पणखा का काम हलाल हुआ मंगेतर,
कर देती इंकार तो होता कितना बेहतर।
लड़की, या मां-बाप जाय अब किसको कोसा,
कलियुग आया घोर कि किसपर करें भरोसा!
-ओम प्रकाश तिवारी

धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

जनहित के मुद्दे उठाने में विफल कांग्रेस

घोटाला, न भ्रष्टाचार और न ही हेराफेरी, फिर भी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और उनके परिवारजन की संपत्ति का मामला गरमाया हुआ है। कांग्रेस जिस आक्रामकता के साथ इस मुद्दे को लेकर आगे बढ़ रही है, वह कितने समय तक इस पर टिक पाएगी, इस पर भी पार्टी को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसकी बड़ी वजह यह है कि बतौर विपक्ष कांग्रेस अब तक विधानसभा से लेकर सड़क तक जनहित के मुद्दे उठाने में बेहद कमजोर साबित हुई है। वहीं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जब मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमल नाथ सरकार थी, तब कांग्रेस पर ही चुनाव में काले धन के उपयोग के गंभीर आरोप लगे थे।

नई दिल्ली से आकर आयकर की टीम ने मध्य प्रदेश में छापे मारे थे। प्रदेश में सरकार रहते हुए कांग्रेस ने इस मामले को दबा लिया था, जबकि कार्रवाई करके भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी छवि को मजबूत कर सकती थी। अब मोहन यादव के मामले में देशभर में कांग्रेस आक्रामक नजर आ रही है। प्रश्न यह है कि जब मोहन यादव और उनके परिवारजन की बढ़ती हुई संपत्ति में अभी तक भ्रष्टाचार, काला धन या किसी प्रकार के दबाव का मामला सामने नहीं आया है, तब कांग्रेस मुखर है, लेकिन जहां काले धन का मामला स्पष्ट रूप से सामने आया, वहां उसका मौन बड़े सवाल खड़े करता है।

दरअसल मामला मुख्यमंत्री और उनके परिवारजन से जुड़ा है, तो चर्चा हो रही है, जबकि तस्वीर वैसी है नहीं, जैसी दिखाई जा रही है। सनसनी का आलम यह है कि लोग कांग्रेस के चश्मे से ही इस मामले को देख रहे हैं और इंटरनेट मीडिया अधूरी जानकारी के साथ भरा पड़ा है। वस्तुस्थिति को बारीकी से समझना जरूरी है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव अपने चुनावी नामांकन हलफनामे में सभी संपत्ति की जानकारी देते रहे हैं और चूंकि उनका परिवार पहले से ही रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़ा हुआ है, तो बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुरूप उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी होना कोई गड़बड़ी या हेराफेरी की तरफ संकेत बिल्कुल नहीं करता। उज्जैन में पर्यटन के साथ ही आए विकासपरक बदलाव के चलते वहां जमीन की कीमत बढ़ जाना और शहर के विभिन्न इलाकों में जमीन की मांग बढ़ जाना भी किसी गड़बड़ी या भ्रष्टाचार का प्रमाण नहीं हो सकता है। जहां तक उनके परिवार की संपत्ति का मामला है, तो कारोबार बढ़ने पर परिवारजन को ही साझेदार बनाना कोई नई बात नहीं है।

जीतू पटवारी, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश कांग्रेस

डा. मोहन यादव और उनके परिवारजन पर जिस तरह कांग्रेस आक्रामक हुई है, उसे अपने गिरेबां में भी झांकने की जरूरत है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आयकर विभाग ने प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमल नाथ के पूर्व ओएसडी प्रवीण कक्कड़, पूर्व सलाहकार राजेंद्र मिगलानी और सहयोगी अश्विन शर्मा समेत करीबियों के 52 ठिकानों पर छापेमारी कर 281 करोड़ रुपये के काले धन का राजफाश किया था। इसका बड़ा हिस्सा चुनाव प्रभावित करने और एक राजनीतिक दल के मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए जुटाया गया था। बरामद की गई डायरियों, कंप्यूटर फाइलों और एक्सेल शीट में 281 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन का पूरा हिसाब-किताब दर्ज था।

जांच में पता चला था कि करीब 20 करोड़ रुपये हवाला के जरिये दिल्ली में तुगलक रोड स्थित एक वरिष्ठ पदाधिकारी के आवास से राजनीतिक दल के मुख्यालय भेजे गए थे। सीबीडीटी की रिपोर्ट के आधार पर चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश सरकार को तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। इन पर चुनाव के दौरान अवैध रूप से काले धन के परिवहन और प्रबंधन में शामिल होने का आरोप था।

आमतौर पर विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों से किनारा ही कर रखा है। उसकी मुखरता हमेशा भाजपा सरकार और उसके नेताओं के विरुद्ध ही अधिक दिखाई पड़ती है। कांग्रेस को अपने विपक्ष वाले चरित्र में यह संतुलन लाना जरूरी है कि वह जनता की भी आवाज उठाए। विधानसभा के सत्रों में भी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस के हाथ जनहित के मुद्दों से हमेशा खाली ही दिखाई पड़ते हैं। तमाम आंकड़े हाथ में लेने के बावजूद कांग्रेस के स्वर में तल्खी केवल भाजपा नेताओं के विरुद्ध ही सुनाई पड़ती है।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की संपत्ति का मामला कितना लंबा खींच सकेगा और कांग्रेस इसका कितना राजनीतिक लाभ ले सकेगी, इसमें भी अभी संशय है। मुख्यमंत्री हिसाब-किताब रखते हुए यदि इस मामले से साफ-सुथरे निकल जाते हैं, तो इसे कांग्रेस के लिए सियासी चोट ही माना जाएगा। यदि कांग्रेस को इसमें भ्रष्टाचार, गड़बड़ी या हेराफेरी के दाग दिखाई पड़ते हैं, तो उसे अपना घर भी दुरुस्त करने के लिए तैयार रहना होगा, तभी वह जनहित का मुद्दा उठाए बिना जनता के मन में जगह बना सकेगी।

मंथन

लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व

एक राष्ट्र के रूप में हमारा संकल्प स्पष्ट होना चाहिए- संविधान सर्वोपरि है, लोकतंत्र हमारी शक्ति है और नागरिक स्वतंत्रता हमारी पहचान

विनोद तावड़े
सदस्य, राज्यसभा

राष्ट्रों का जीवन केवल घटनाओं से नहीं, बल्कि स्मृतियों से संचालित होता है। जो समाज अपने इतिहास के गौरवपूर्ण अध्यायों को याद रखता है, वह आत्मविश्वास प्राप्त करता है और जो अपने इतिहास की त्रासदियों को स्मरण रखता है, वह भविष्य की भूलों से स्वयं को सुरक्षित करता है। भारत में 25 जून को ''संविधान हत्या दिवस'' के रूप में स्मरण करने का निर्णय इसी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। यह किसी राजनीतिक प्रतिशोध का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए ऐतिहासिक स्मृति को जीवित रखने का प्रयास है। 25 जून, 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की वह तारीख है, जिसने स्वतंत्र भारत की संवैधानिक यात्रा को गहरे प्रश्नों के सामने खड़ा कर दिया था। उस रात देश पर आपातकाल थोपा गया। संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार प्रभावहीन कर दिए गए, प्रेस की स्वतंत्रता पर ताले लगा दिए गए, न्यायपालिका पर दबाव बढ़ा, विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया और असहमति को अपराध के रूप में देखा जाने लगा। लोकतंत्र का बाहरी ढांचा तो मौजूद था, लेकिन उसके आत्मा को कैद कर लिया गया था। इसलिए ''संविधान हत्या दिवस'' शब्द केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, यह उस ऐतिहासिक वास्तविकता का प्रतीक है जिसमें संविधान की मूल भावना-स्वतंत्रता, उत्तरदायित्व और नागरिक अधिकार गंभीर रूप से आहत हुए थे।

भारतीय संविधान के निर्माताओं ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की थी जहां सत्ता जनता के प्रति उत्तरदायी होगी, संस्थाएं स्वतंत्र होंगी और नागरिकों को अपनी बात कहने का अधिकार प्राप्त होगा। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श केवल शब्द नहीं हैं, वे भारतीय गणराज्य की आत्मा हैं। जब इन मूल्यों पर प्रहार होता है, तब संविधान केवल विधिक रूप से नहीं, नैतिक रूप से भी घायल होता है। डा. बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान सभा में चेतावनी दी थी कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान की गुणवत्ता पर निर्भर नहीं करती, वह उन लोगों की निष्ठा पर भी निर्भर करती है, जो उसे संचालित करते हैं। उनका यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आपातकाल ने सिद्ध कर दिया कि यदि सत्ता के हाथों में अनियंत्रित शक्ति केंद्रित हो जाए और लोकतांत्रिक मर्यादाएं कमजोर पड़ जाएं, तो संविधान के आत्मा को क्षति पहुंच सकती है।

यह भी स्मरण रखना चाहिए कि आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष केवल राजनीतिक दलों का संघर्ष नहीं था। यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मा का संघर्ष था। विद्यार्थी, पत्रकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक, सभी ने लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए योगदान दिया। अनेक लोगों ने कारावास झेला, अनेक परिवारों ने कठिनाइयां सहीं, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता नहीं किया। 1977 के आम चुनावों में भारतीय जनता ने जिस प्रकार लोकतंत्र के पक्ष में अपना निर्णय दिया, वह विश्व इतिहास की एक अद्वितीय घटना थी। इसने सिद्ध किया कि भारत की जनता लोकतंत्र की अंतिम और सबसे बड़ी संरक्षक है। विश्व के अनेक देशों में लोकतांत्रिक संस्थाएं संकट के समय बिखर गईं, लेकिन भारत ने स्वयं को पुनर्जीवित किया। इसका कारण भारतीय समाज की लोकतांत्रिक चेतना और संविधान के प्रति उसकी आस्था थी। यही वह शक्ति है जिसने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ-साथ संविधान के प्रति सम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को नई ऊर्जा मिली है। शासन में पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी आधारित जवाबदेही, जनभागीदारी और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के प्रयास लोकतंत्र को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थागत संरचनाओं से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास से होती है। विश्वास तभी बनता है जब शासन संवेदनशील, उत्तरदायी और पारदर्शी हो।

संविधान हत्या दिवस का महत्व इस कारण भी बढ़ जाता है कि भारत की युवा पीढ़ी ने आपातकाल का अनुभव नहीं किया है। उनके लिए यह इतिहास की एक घटना मात्र हो सकती है। किंतु राष्ट्रों का भविष्य तभी सुरक्षित रहता है जब नई पीढ़ी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक हो। लोकतंत्र में सत्ता बदल सकती है, सरकारें बदल सकती हैं, राजनीतिक विचारधाराएं बदल सकती हैं, लेकिन संविधान सर्वोपरि रहता है। संविधान ही वह मर्यादा है जो शक्ति को उत्तरदायित्व से जोड़ती है और शासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाती है। लोकतंत्र की रक्षा केवल न्यायालयों, संसदों या सरकारों का कार्य नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फाइल

राष्ट्रीय संस्करण
गुरुवार, 25 जून, 2026
दैनिक जागरण
बिजनेस
10

अमिताभ ने डीपी वायर्स में एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली: अभिनेता अमिताभ बच्चन ने स्टील वायर विनिर्माता डीपी वायर्स लिमिटेड में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 2.48 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दी है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अमिताभ हरिवंश राय बच्चन ने मध्य प्रदेश स्थित कंपनी के 1,23,622 शेयर बेचे, जो 0.79 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर मंगलवार को औसतन 200.84 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए। (प्रेट्र)

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से कंपनी को दुनिया के सबसे परिष्कृत फैशन बाजारों में से एक ब्रिटेन में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा।
- गौतम हरि सिंघानिया, कार्यकारी चेयरमैन, रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड

सेंसेक्स	76,991.22 ▲ 790.54	निफ्टी	24,021.65 ▲ 197.55	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,48,100 ▼ ₹ 1,200	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,31,000 ▼ ₹ 4,000	$ डालर	₹ 94.55 ▼ ₹ 0.21	कूड प्रति बैरल	$ 75.78

एक नजर में

सोने में 1,200 तो चांदी में 4,000 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली: कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच डालर के मजबूत होने से बुधवार को सोने की कीमत 1,200 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि मंगलवार को यह 1,49,300 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 4,000 रुपये गिरकर 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसमें 10,500 रुपये की भारी गिरावट आई थी और यह 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। (प्रेट्र)

भारत की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 6.6% रह जाएगी

नई दिल्ली: एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा है कि ऊर्जा की कमी, सामान्य से कम मानसून और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती से चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रेपो रेट में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। एसएंडपी का अनुमान आरबीआइ के 6.6 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप है। अल नीनो से मानसूनी बारिश प्रभावित हुई है। 22 जून तक बारिश की कमी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई है। (प्रेट्र)

भारत-ब्रिटेन एफटीए को लागू करने पर करेंगे चर्चा

नई दिल्ली: भारत व ब्रिटेन के व्यापार मंत्री इस सप्ताह लंदन में 'व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इस समझौते को 15 जुलाई से लागू करने का प्रस्ताव है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन मुद्दों पर बातचीत के लिए लंदन जाएंगे। वह 25-27 जून तक लंदन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान, गोयल ब्रिटेन के व्यापार और उद्योग मंत्री पीटर काइल के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्ष प्रमुख सेवा क्षेत्रों में आपसी बाजार पहुंच की प्रतिबद्धताओं को लागू करने को लेकर और चर्चा करेंगे। (प्रेट्र)

ब्याज दरें बढ़ाने पर चर्चा करना जल्दबाजी होगी

आरबीआइ गवर्नर बोले- पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम पर नजर, महंगाई को लेकर ज्यादा सतर्क

- भविष्य में बढ़ सकते हैं जोखिम, महंगाई और आर्थिक वृद्धि हो सकती है प्रभावित
- जून में हुई एमपीसी की बैठक में आरबीआइ ने वृद्धि के अनुमान को कर दिया था कम

आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ●

नई दिल्ली, प्रेट्र: आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक की पश्चिमी एशिया में हो रहे घटनाक्रम पर बारीक नजर है और इस समय ब्याज दरें बढ़ाने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा, 'अगर हम सच में बाजार को ऊंची ब्याज दर के लिए तैयार करना चाहते तो हम अपना रुख तटस्थ से बदलकर सख्त कर देते, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हमें पता है कि भविष्य में जोखिम हो सकते हैं और आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है। महंगाई को लेकर हम ज्यादा सतर्क हैं, क्योंकि यह ऊपरी सीमा को छू रही है।'

इस महीने की शुरुआत में आरबीआइ ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से चल रहे संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक सप्लाई-चेन में रुकावटों के चलते आर्थिक वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा था। मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और अपने 'तटस्थ' रुख को जारी रखने के पक्ष में वोट दिया। आरबीआइ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमानों को कम किया है और 2026-27 में 6.6 प्रतिशत वृद्धि रहने की संभावना जताई है। यह अप्रैल के 6.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। यह अनुमान 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से लगभग एक प्रतिशत कम है। वहीं 2026-27 में महंगाई दर बढ़कर 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होना इकोनमी के लिए सकारात्मक

मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष में तनाव कम होना पूरी दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात है और यह वृद्धि और महंगाई दोनों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं और यूरिया की कीमतें भी गिरी हैं, जिससे भारतीय इकोनमी को राहत मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'सरकार और तेल कंपनियों ने मिलकर बढ़ी ऊर्जा कीमतों के असर को काफी हद तक कम किया है और देश ने बहुत अनिश्चित समय में भी इस झटके का अच्छी तरह से सामना किया है।'

महंगाई का असर अन्य चीजों पर होने की बात कहना अभी पूरी तरह ठीक नहीं

मल्होत्रा ने माना कि ऊपरी की ओर जाने वाले जोखिम निश्चित रूप से कम हुए हैं, लेकिन हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि कच्चे तेल की कीमतें आखिर में किस स्तर पर जाकर रुकती हैं। महंगाई पर गवर्नर ने कहा कि आरबीआइ इस बात पर बारीकी से नजर रख रहा है कि क्या ईंधन की वजह से थोक कीमतों का दबाव पूरी अर्थव्यवस्था में फैल रहा है। उन्होंने कहा, "सच कहूं तो हमें पक्का नहीं पता कि महंगाई का असर दूसरी चीजों पर हो रहा या नहीं। अगर पक्का पता होता तो एमपीसी ने कोई कदम जरूर उठाया होता।

कच्चे तेल की कीमतों के अलावा आरबीआइ मानसून की प्रगति पर भी नजर रख रहा है। दोनों ही अनिश्चित हैं। दोनों का महंगाई पर असर पड़ता है और इसलिए हम दोनों पर नजर रख रहे हैं। **-संजय मल्होत्रा,** आरबीआइ गवर्नर

अमेरिका से ट्रेड डील पर वार्ता पूरी, मगर समझौता अभी दूर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर दो दिवसीय महत्वपूर्ण मंत्रिस्तरीय वार्ता बुधवार को समाप्त हो गई। दोनों देश 24 जुलाई को समाप्त हो रहे अमेरिका के अस्थायी 10 प्रतिशत टैरिफ से पहले इस समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वार्ता के बाद जारी बयान में किसी अंतिम नतीजे या समझौते का एलान नहीं किया गया। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर की अगुआई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 22 से 24 जून तक भारत में था। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ हुई बैठक में बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार, गैर-टैरिफ बाधाओं, सप्लाई चेन मजबूती और रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

वाणिज्य मंत्रालय ने बताया है कि दोनों पक्षों ने फरवरी 2026 के संयुक्त बयान के अनुरूप अंतरिम समझौते पर प्रगति की समीक्षा की। वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि वार्ता टीमों ने समझौते के प्रमुख तत्वों पर 'काफी प्रगति' की है। मंत्री पीयूष गोयल ने इंटरनेट मीडिया पर लिखा, 'मैं अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ग्रीर की अगुआई और दोनों टीमों के निरंतर प्रयासों की सराहना करता हूं। हमने सकारात्मक और भविष्योन्मुखी तरीके से चर्चा की।' यह बैठक ऐसे समय में हुई जब अमेरिका में टैरिफ नीति में बदलाव और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पहले के फ्रेमवर्क को दोबारा तैयार करना पड़ा था। फरवरी में तय हुए ढांचे में अमेरिका ने भारतीय सामान पर टैरिफ घटाने का वादा किया था, लेकिन बाद में 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लगाने से स्थिति बदल गई।

कृषि उत्पादों व ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग चाहता है भारत

भारत का जोर है कि दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते में एक ऐसा खंड शामिल किया जाए, जिससे टैरिफ में बदलाव होने पर एक-दूसरे देश पर लागू दरों में संशोधन किया जा सके। भारत अमेरिकी बाजार में प्राथमिकता वाले टैरिफ ट्रीटमेंट के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पादों और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग चाहता है। भारत और अमेरिका में ट्रेड वार्ता का दौर काफी लंबा चला है और इसको लेकर दोनों देशों के संबंधों में कई बार असहजहता भी आई है।

क्रूड के दाम में नरमी से सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा

मुंबई, प्रेट्र: कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आइटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक या 1.04% उछलकर 76,991.22 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह एक समय 989.69 अंक या 1.29% बढ़कर 77,190.37 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 197.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ।

कारोबारियों का कहना है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील की बढ़ती उम्मीदों और घरेलू बाजार में विदेशी फंड्स के शुद्ध खरीदार बनने से भी इक्विटी में मजबूती का रुख बना रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आइसीआइसीआइ बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रानिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.69 प्रतिशत टूटकर 75.78 डालर प्रति बैरल पर आ गया।

76,991.22 पर बंद हुआ बीएसई का बेंचमार्क सूचकांक

197.55 अंक बढ़कर 24,021 पर पहुंचा एनएसई निफ्टी

28 रियल एस्टेट फर्मों ने 1.95 लाख करोड़ की संपत्तियां बेचीं

नई दिल्ली, प्रेट्र: देश की 28 सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 में 1.95 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचीं। इस दौरान गोदरेज प्रापर्टीज की सेल्स बुकिंग सबसे ज्यादा रही। वित्त वर्ष 2024-25 में इन कंपनियों ने 1.66 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां बेची थीं। बेंगलुरु की प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड दूसरे स्थान पर रही और उसके बाद लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड रही।

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ चौथे स्थान पर रही, जबकि सिग्नेचर ग्लोबल पांचवें स्थान पर बनी रही। एक प्रापर्टी कंसल्टेंट द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार, गोदरेज प्रापर्टीज की सेल्स बुकिंग पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 34,171 करोड़ हो गई, जो 2024-25 में 29,444 करोड़ रुपये थी।

क्रेडिट कार्ड फ्राड में अस्थायी तौर पर ग्राहक को राशि लौटाएं बैंक

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ ने कहा है कि क्रेडिट कार्ड के जरिये धोखाधड़ी की शिकायत मिलने के पांच दिनों में बैंक को ग्राहक को अस्थायी तौर पर राशि वापस करनी होगी। हालांकि, जांच पूरी होने तक ग्राहक इस राशि को खर्च नहीं कर सकेंगे। अगर डिजिटल धोखाधड़ी की शिकायत पांच दिनों के बाद मिलती है तो ग्राहक की जिम्मेदारी बैंक की नीति के अनुसार तय की जाएगी। आरबीआइ ने डिजिटल ट्रांजेक्शन में ग्राहकों की जवाबदेही को सीमित करने के लिए संशोधित फ्रेमवर्क जारी किया है। ये नियम एक जनवरी, 2027 से लागू किए जाएंगे।

आरबीआइ ने कहा, 'बैंक के लिए जरूरी है कि वह 500 रुपये से ज्यादा कीमत वाले सभी डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए ग्राहकों को एसएमएस भेजें, लेकिन इसके लिए उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।' बैंक को मैसेज डिलीवर होने के साथ ही अगर ग्राहक कोई जवाब देता है तो उसका समय और तारीख का रिकार्ड रखना होगा। मार्च में आरबीआइ ने मसौदे के जरिये अनधिकृत ट्रांजेक्शन में ग्राहकों की जिम्मेदारी को सीमित करने वाले मौजूदा निर्देशों का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। कुछ हितधारकों ने क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी के मामले में अस्थायी क्रेडिट से जुड़ा प्रविधान शामिल करने का सुझाव दिया था। उधर, आरबीआइ ने कहा है कि एक लाख करोड़ रुपये या उससे ज्यादा परिसंपत्तियों वाली एनबीएफसी को ऊपरी श्रेणी में रखा जाएगा।

आरबीआइ ने डिजिटल ट्रांजेक्शन में ग्राहकों की जवाबदेही को सीमित करने के लिए संशोधित फ्रेमवर्क जारी किया

भारत की विनिर्माण और कृषि की लंबी परंपरा रही है: ग्रीर

बैठक के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा है, 'हम जानते हैं कि भारत की कृषि और विनिर्माण की लंबी परंपरा रही है, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि वे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) में आगे बढ़ना चाहते हैं। वे भविष्य की प्रौद्योगिकियों और भविष्य के व्यापार पर अमेरिका के साथ सहयोग और साझेदारी करना चाहते हैं। यह बेहद उम्दा अवसरों में से है जिनका हम भारत और अमेरिका मिल कर लाभ उठा सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी का एक अद्भुत संबंध है।

जैमिसन ग्रीर ●

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

राष्ट्रीय फलक

ई20 पेट्रोल का इस्तेमाल करने से रद नहीं होगा वाहन का इंश्योरेंस क्लेम

नई दिल्ली, प्रेट्र: केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत का एथनाल मिश्रण कार्यक्रम सुरक्षित, उपभोक्ताओं के अनुकूल व आर्थिक रूप से लाभकारी है। वाहनों में ई20 पेट्रोल का उपयोग करने से वाहन बीमा यानी व्हीकल इंश्योरेंस की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता है। यह दावे कतई निराधार हैं कि ई20 पेट्रोल इस्तेमाल करने से इंश्योरेंस क्लेम रद हो जाएगा।

- केंद्र ने स्पष्ट किया- एथनाल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहन बीमा की वैधता पर नहीं पड़ता असर
- ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता

केंद्र का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इंटरनेट मीडिया पर एथनाल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। केंद्र ने इन्हें भ्रामक व निराधार बताते हुए साफ किया है कि एथनाल मिश्रण कार्यक्रम वैज्ञानिक रूप से मान्य है। इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं है। ई-20 पेट्रोल के प्रयोग के बाद से किसी वाहन का इंजन खराब होने की कोई शिकायत नहीं आई है। तेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पेट्रोल में एथनाल मिश्रण वैश्विक रूप से स्वीकृत प्रथा है और इसे अमेरिका, ब्राजील व जापान जैसे कई देशों में लागू किया गया है। ब्राजील में लंबे समय से ई27 पेट्रोल स्टैंडर्ड फ्यूल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है यानी वहां पेट्रोल में 27 प्रतिशत एथनाल मिलाया जाता है।

सरकार ने कहा कि एथनाल मिश्रण भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एथनाल मिश्रण कार्यक्रम ने भारत को कच्चे तेल के आयात को कम करके 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचाने में मदद की है।

ब्रिटेन में लोन रिकवरी केस हारा भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी

नई दिल्ली, एएनआइ : वर्ष 2019 से लंदन की जेल में बंद भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा कानूनी झटका लगा है। ब्रिटेन की एक अदालत ने दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप को दिए गए ऋण के सिलसिले में उसे बैंक आफ इंडिया को 1.07 करोड़ डालर (100 करोड़ रुपये से अधिक) से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि नीरव मोदी उस ऋण के लिए कानूनन व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार है, क्योंकि उसने कंपनी को दिए गए ऋण के लिए पर्सनल गारंटी दी थी।

लंदन सर्किट कमर्शियल कोर्ट ने मंगलवार को बैंक आफ इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि नीरव मोदी की देनदारी में मूल बकाया रकम के तौर पर लगभग 41 लाख डालर (38.9 करोड़ रुपये) और बैंक के दावे के हिसाब से जोड़ा गया ब्याज शामिल है। इससे कुल देनदारी 1.07 करोड़ डालर से अधिक हो जाती है। यह विवाद पंजाब नेशनल बैंक से जुड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आने से कई वर्ष पहले 2012 में बैंक आफ इंडिया द्वारा फायरस्टार डायमंड एफजेडई को दिए गए ऋण से जुड़ा है। तीन अगस्त, 2012 को नीरव मोदी ने बैंक आफ इंडिया के पक्ष में पर्सनल गारंटी दी।

- लंदन की कोर्ट ने बैंक आफ इंडिया को 1.07 करोड़ डालर चुकाने का दिया आदेश
- 2012 में दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप को दिए ऋण पर नीरव ने दी थी गारंटी

नीरव मोदी। फाइल

गारंटी की शर्तों के तहत उसने ऋण लेने वाली कंपनी के डिफाल्ट होने पर ऋण चुकाने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली थी। कोर्ट के रिकार्ड के मुताबिक, 2018 की शुरुआत में कथित बैंकिंग धोखाधड़ी की जांच सामने आने के बाद फायरस्टार ग्रुप की वित्तीय स्थिति काफी खराब हो गई थी। फायरस्टार डायमंड एफजेडई के डिफाल्ट के बाद बैंक आफ इंडिया ने पर्सनल गारंटी के तहत नीरव मोदी के विरुद्ध स्वतंत्र वसूली प्रक्रिया शुरू की थी। बैंक ने बार-बार डिमांड नोटिस जारी किए, इसके बावजूद कोई भुगतान नहीं किया गया।

ट्रेंट लिमिटेड का चेयरमैन पद छोड़ेंगे नोएल टाटा

मुंबई आइएनएस: नोएल टाटा ने ट्रेंट लिमिटेड का चेयरमैन पद छोड़ने का एलान किया है। इसके साथ टाटा समूह की मुख्य रिटेल कंपनी से उनका तीन दशक पुराना जुड़ाव खत्म हो जाएगा।

नोएल ने कंपनी की 47वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) के दौरान यह घोषणा की। शेयरधारकों को संबोधित करते हुए टाट ने कहा,चेयरमैन के तौर पर यह उनकी आखिरी बैठक है। नवंबर में 70 साल के होने जा रहे इस अनुभवी कारोबारी की सेवानिवृत्ति टाटा समूह के गवर्नेंस नियमों के तहत होगी, जिसमें गैर कार्यकारी निदेशक के लिए सेवानिवृत्ति आयु 70 साल तय है। लक्ष्मे के विनिवेश के बाद उनकी मां सिमोन टाटा द्वारा स्थापित ट्रेंट के बोर्ड में नोएल टाटा 1998 में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हुए थे। जून 1999 में वे ट्रेंट के पहले मैनेजिंग डायरेक्टर बने और कंपनी की खुदरा रणनीति को आकार में देने में अहम भूमिका निभाई। नोएल दिवंगत बिजनेस आइकन रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। नोएल के नेतृत्व में ट्रेंट ने जबरदस्त प्रगति की और यह वेस्टसाइड स्टोर से बढ़कर 1,200 से ज्यादा स्टोर वाला भारत के सबसे बड़े रिटेल नेटवर्क में से एक बन गया। कंपनी ने फैशन चेन जूडियो व सुपरमार्केट बिजनेस स्टार के विकास के साथ काफी विस्तार किया। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में काफी वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2026 में ट्रेंट का राजस्व बढ़कर 19,701 करोड़ रुपये हो गया।

नोएल टाटा। फाइल

कंपनी की 47वीं एजीएम में किया एलान, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं नोएल टाटा

2026 में 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की वैल्यू 11 लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली, एएनआइ: देश की 10 सबसे मूल्यवान गैर सरकारी कंपनियों का वैल्यूएशन गत वर्ष की तुलना में 2026 में 11 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है। इन कंपनियों का कुल मूल्यांकन एक साल पहले 97 लाख करोड़ रुपये था जो अब 86 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इसके बावजूद इन कंपनियों का वैल्यूएशन अभी भारत की जीडीपी का करीब एक चौथाई है। '2025 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' सूची की कुल वैल्यू का 27 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवें साल भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। 2026 के दौरान इसके वैल्यूएशन में 1.8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वृद्धि हुई। बजाज फाइनेंस प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज्यादा वैल्यू बनाने वाली कंपनी रही और इसका मूल्यांकन 5.8 लाख करोड़ रुपये आंका गया। गत एक दशक में शीर्ष 10 कंपनियों का कुल मूल्यांकन 3.5 गुना बढ़ा है जबकि सात कंपनियां गत पांच वर्षों से शीर्ष 10 की सूची में हैं। हुरुन इंडिया 500 में शामिल कंपनियों की बात करें तो इनका वैल्यूएशन 3.4 ट्रिलियन डालर से ज्यादा हो गया है। 2026 के दौरान 500 में से 198 कंपनियों के मूल्यांकन में वृद्धि हुई है।इस सूची में 95 नई कंपनियां शामिल हुई हैं और उन्होंने कुल मिलाकर 18.45 लाख करोड़ रुपये जोड़े हैं। 2021 के बाद से सूची में एक-तिहाई से ज्यादा कंपनियां बदली हैं। । सूची में नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) 4.86 लाख करोड़ रुपये की वैल्यू के साथ भारत की सबसे मूल्यवान गैर सूचीबद्ध कंपनी बनी हुई है।

- इन कंपनियों का कुल मूल्यांकन एक साल पहले 97 लाख करोड़ से घटकर 86 लाख करोड़ रुपये रह गया

पांच आइपीएल टीमों ने भी हुरुन इंडिया 500 में जगह बनाई

मुंबई, प्रेट्र: पांच आइपीएल टीमों (चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, राजस्थान रायल्स और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु) ने 2025 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 की सूची में जगह बनाई है। इन टीमों की कुल वैल्यूएशन 71,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। कोलकाता नाइट राइडर्स सबसे ज्यादा मूल्यांकन (20,850 करोड़ रुपये) वाली आइपीएल फ्रेंचाइजी है। वह सूची में 270वें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स 19,550 करोड़ रुपये के साथ 285वें स्थान पर है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु की वैल्यूएशन 16,700 करोड़ रुपये है और वह 330वें स्थान पर है। राजस्थान रायल्स 15,700 करोड़ रुपये की वैल्यूएशन के साथ 343वें स्थान पर और पंजाब किंग्स 14,050 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ 390वें स्थान पर है।

300 से ज्यादा शहरों में शुरू होगी 'अमेजन नाऊ' सर्विस

नई दिल्ली, प्रेट्र: अमेजन ने भारत में अपने क्विक कॉमर्स बिजनेस को बड़े स्तर पर बढ़ाने की योजना का एलान किया है। कंपनी ने कहा है कि वो अपनी अमेजन नाऊ सर्विस को आने वाले समय में भारत के 300 से ज्यादा शहरों में शुरू करेगी। यह एलान ऐसे समय में हुआ है जब कंपनी के सीईओ एंडी जैसी भारत दौरे पर हैं। यह एलान भारत पर अमेजन के बढ़ते फोकस को दिखाती है, जहां कंपनी ई-कामर्स, लाजिस्टिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग व एआइ के क्षेत्रों में तेजी से निवेश कर रही है। कंपनी ने कहा है कि 'अमेजन नाउ' उसके भारतीय परिचालन में सबसे तेजी से बढ़ने वाला बिजनेस बन गया है। हर तिमाही में इसके आर्डर की संख्या दोगुनी हो रही है। जैसी ने बुधवार सुबह मुंबई में अमेजन नाऊ के माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर का दौरा किया। अमेजन नाऊ सर्विस अभी एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे समेत 15 शहरों में उपलब्ध है।

राजेश एक्सपोर्ट्स ने विदेशी लेन-देन से जुड़े रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किए: ईडी

नई दिल्ली, प्रेट्र : ईडी ने बुधवार को आरोप लगाया कि सोने की रिफाइनिंग व आभूषण बनाने वाली कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स के मुख्य कारोबारी संकेतक (की बिजनेस इंडिकेटर्स) में काफी बातें सामान्य व्यावसायिक तरीकों से अलग थीं। उनमें विदेशी लेन-देन से जुड़े रिकार्ड भी उपलब्ध नहीं थे।

ईडी ने मंगलवार को राजेश एक्सपोर्ट्स और उससे जुड़े लोगों के विरुद्ध विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के लिए छापेमारी करने के बाद बुधवार को बताया कि कंपनी के विरुद्ध पांच मामलों की पहचान की गई है। तलाशी के दौरान दोष साबित करने वाले कई दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। कंपनी ने ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है। वहीं बांबे स्टाक एक्सचेंज ने भी कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है।

- कहा, इस वजह से लेन-देन का वास्तविक सत्यापन लगभग नामुमकिन हुआ

बीएसई ने कंपनी के ठिकानों पर ईडी के छापों को लेकर मांगा स्पष्टीकरण

ईडी के मुताबिक, राजेश एक्सपोर्ट्स विदेशी लेन-देन के दस्तावेज पेश करने में विफल रही, जिससे इन लेन-देन के वास्तविक होने का सत्यापन करना नामुमकिन हो गया। इन दस्तावेज में कंपनी के आयात, निर्यात, विदेशी निवेश और विदेशी व्यापार प्राप्तियां एवं भुगतान का निपटान शामिल है। उदाहरण के तौर पर अफ्रीकी खदानों में 1,035 करोड़ रुपये के कथित निवेश के तत्कालीन रिकार्ड व दस्तावेज न तो मिले और न ही कंपनी ने अभी तक दिए हैं।" ईडी ने दावा किया कि कंपनी के "की बिजनेस इंडिकेटर्स" सामान्य व्यावसायिक तरीकों से काफी अलग थे। उदाहरणार्थ, वरिष्ठ प्रबंधन को दिया जाने वाला वेतन कंपनी के आपरेशंस के स्केल की तुलना में बहुत कम थी। जैसे मुख्य वित्तीय अधिकारी को 2020 से कोई वेतन नहीं मिला, जबकि प्रबंध निदेशक को हर माह सिर्फ 17,000 रुपये दिए गए, जबकि कंपनी ने 7.7 लाख करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया था। ईडी ने कहा, एनआरआइ बेनामीदारों का प्रयोग कर शेयरों में हेराफेरी से भारत से 600 करोड़ रुपये से अधिक निकाले गए। ईडी को तलाशी के दौरान स्टाक सत्यापन से पता चला कि फैक्ट्री रजिस्टर में दर्ज स्टाक व परिसर में मिले मान में लगभग 40 प्रतिशत का अंतर था।

चिंतन

मानसून फिर सक्रिय होने के बावजूद सतर्कता जरूरी

देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून ने कुछ दिनों के विराम के बाद फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून की प्रगति अब सामान्य दिशा में आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में अच्छी वर्षा की संभावना है। यह खबर किसानों के लिए राहत लेकर आई है, क्योंकि खरीफ का सबसे महत्वपूर्ण दौर इसी समय होता है। हालांकि राहत के साथ-साथ सावधानी की भी आवश्यकता है। मौसम वैज्ञानिक इस वर्ष प्रशांत महासागर में विकसित हो रही अल नीनो जैसी परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं, जो मानसून के वितरण और वर्षा के स्वरूप को प्रभावित कर सकती है। हमारी कृषि आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। देश के लगभग आधे कृषि क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और वहां वर्षा ही खेती का मुख्य आधार है। ऐसे में मानसून का समय पर पहुंचना और नियमित वर्षा होना किसानों की आय, उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि केवल कुल वर्षा का आंकड़ा पर्याप्त नहीं होता। असली चुनौती वर्षा के वितरण में होती है। कई बार पूरे सीजन में सामान्य वर्षा दर्ज होती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश और कुछ क्षेत्रों में लंबे सूखे अंतराल देखने को मिलते हैं। यही स्थिति फसलों के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक साबित होती है। अल नीनो का प्रभाव भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण हो जाता है। सामान्यतः अल नीनो की स्थिति में प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी भाग का समुद्री तापमान बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम चक्र प्रभावित होता है। भारत में इसका संबंध अक्सर कमजोर या असमान मानसून से जोड़ा जाता रहा है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा पड़े, यह जरूरी नहीं है, लेकिन इसके कारण मानसून की अनिश्चितता बढ़ जाती है। इसलिए किसानों के लिए यह समय केवल बारिश का इंतजार करने का नहीं, बल्कि जोखिम प्रबंधन की तैयारी करने का भी है। इसलिए किसान मौसम आधारित खेती को प्राथमिकता दें। खेत में बुवाई, सिंचाई, उर्वरक प्रयोग और कीटनाशक छिड़काव स्थानीय मौसम की जानकारी के आधार पर ही करें। यदि किसी क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना हो तो उर्वरकों और रसायनों का प्रयोग टालना अधिक लाभकारी होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात जल प्रबंधन की है। मानसून के शुरुआती दौर में होने वाली अच्छी बारिश का अधिकतम संग्रह किया जाना चाहिए। खेत तालाब, मेड़बंदी, वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग भविष्य में पड़ने वाले सूखे अंतराल से बचाने में मदद कर सकता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू फसल बीमा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी व्यवस्थाओं का लाभ उठाना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकता है। अक्सर किसान इसे अतिरिक्त खर्च समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदा की स्थिति में यही सुरक्षा आर्थिक संकट को कम कर सकती है। सरकार और कृषि विभागों की भी जिम्मेदारी है कि वे किसानों तक समय पर और स्थानीय स्तर की मौसम जानकारी पहुंचाएं। केवल पूर्वानुमान जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके आधार पर कृषि सलाह भी उपलब्ध करानी चाहिए। कृषि विस्तार सेवाओं को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है ताकि किसान बदलते मौसम के अनुसार अपने निर्णय ले सकें। इसलिए किसान बारिश का स्वागत करें, लेकिन तैयारी और सतर्कता को भी उतनी ही प्राथमिकता दें। इससे ही बेहतर उत्पादन और अधिक आय हासिल हो सकती है।

मंथन

कांतिलाल मांडोत

प्रेम के मुखौटे के पीछे भरोसे की हत्या

भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा।

महाराष्ट्र के पुणे से सामने आए एक चर्चित हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिस रिश्ते को विश्वास और जीवनभर के साथ का आधार माना जाता है, उसी रिश्ते के भीतर कथित साजिश और हत्या की कहानी ने समाज को कई कठिन सवालों के सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर शादी की तैयारियां चल रही थीं, करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही थीं। दूसरी ओर रिश्तों की सतह के नीचे अविश्वास और दूसरे संबंधों का ऐसा जाल बुना जा रहा था, जिसने अंततः एक युवा कारोबारी की जान ले ली। पुलिस जांच के अनुसार मंगेतर और उसके कथित प्रेमी पर युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

मामला केवल एक आपराधिक घटना भर नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर करता है। आज समाज का बड़ा वर्ग इस घटना को केवल हत्या के रूप में नहीं बल्कि भरोसे की हत्या के रूप में देख रहा है। भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। यही कारण है कि पुणे की इस घटना ने लोगों को भीतर तक विचलित किया है। सवाल केवल यह नहीं है कि एक युवक की मौत कैसे हुई बल्कि यह भी है कि क्या हमारे समाज में संवाद की जगह छल ने ले ली है। क्या सच बोलने का साहस कम होता जा रहा है। क्या लोग अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने के बजाय गलत रास्ते चुनने लगे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रेम संबंधों विवाहेतर संबंधों या निजी रिश्तों के विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। कभी पति या पत्नी की हत्या की खबर आती है तो कभी प्रेमी या प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश का खुलासा होता है। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के युग में रिश्ते बनना आसान हुआ है लेकिन उन्हें निभाने की जिम्मेदारी और ईमानदारी का महत्व भी उतना ही बढ़ गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि समाज में बढ़ती भौतिकता और त्वरित संतुष्टि की मानसिकता ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है। बहुत से लोग रिश्तों को एक प्रतिबद्धता के बजाय सुविधा के रूप में देखने लगे हैं। जब तक सब कुछ अनुकूल रहता है, तब तक संबंध चलते हैं लेकिन कठिन परिस्थितियां आते ही कई लोग जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हैं। यह प्रवृत्ति चिंता का विषय है क्योंकि किसी भी स्वस्थ समाज की बुनियाद भरोसे और नैतिकता पर टिकी होती है। धोखाधड़ी आज के समय में केवल आर्थिक अपराध तक सीमित नहीं रह गई है। भावनात्मक धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। कई बार लोग एक व्यक्ति के साथ भविष्य के सपने दिखाते हैं जबकि समानांतर रूप से किसी और संबंध में

भी जुड़े रहते हैं। जब सच्चाई सामने आती है तो उसके परिणाम केवल व्यक्तिगत नहीं होते बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करते हैं। माता-पिता भाई-बहन और अन्य परिजन भी मानसिक आघात से गुजरते हैं। इस घटना ने अवैध संबंधों और बढ़ते व्यभिचार पर भी बहस छेड़ दी है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी रिश्ते में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यदि दो लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव समाप्त हो गया है या कोई अन्य संबंध बन चुका है तो उसे ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए। झूठ और दोहरी जिंदगी अंततः बड़े संकट को जन्म देती है। जब भावनाएं स्वार्थ और छल से संचालित होने लगती हैं तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। सोशल मीडिया ने भी रिश्तों के स्वरूप को बदल दिया है। आज लोग अपने निजी जीवन की चमकदार तस्वीरें दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं, लेकिन वास्तविकता कई बार उससे बिल्कुल अलग होती है। डिजिटल दुनिया में बनाई गई छवि और वास्तविक जीवन के बीच का अंतर कई बार गंभीर मानसिक और सामाजिक समस्याओं को जन्म देता है। पुणे मामले में भी जांच एजेंसियों ने सोशल मीडिया चैट और डिजिटल साक्ष्यों को महत्वपूर्ण माना है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि आधुनिक अपराधों की जांच में तकनीक की भूमिका कितनी बढ़ चुकी है। समाज के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि नैतिक मूल्यों को कैसे मजबूत किया जाए। केवल कानून अपराध होने के बाद कार्रवाई कर सकता है, लेकिन अपराध होने से पहले उसे रोकने का काम परिवार समाज और शिक्षा व्यवस्था को करना होगा। बच्चों और युवाओं को यह सिखाना आवश्यक है कि किसी भी रिश्ते की नींव ईमानदारी और सम्मान पर टिकी होती है। यदि किसी संबंध में असहमति है तो उसका समाधान संवाद से होना चाहिए, न कि छल या हिंसा से। परिवारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवारों के बीच संवाद कम होता जा रहा है। कई युवा अपनी भावनात्मक समस्याओं और व्यक्तिगत संघर्षों को साझा नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे गलत निर्णयों की ओर बढ़ जाते हैं। यदि परिवारों में खुला संवाद और विश्वास का वातावरण हो तो अनेक संकटों को समय रहते रोका जा सकता है। कानून व्यवस्था के स्तर पर भी ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच जरूरी है ताकि अपराधियों को स्पष्ट संदेश मिले कि किसी भी परिस्थिति में हिंसा स्वीकार्य नहीं है। साथ ही समाज को भी यह समझना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं बल्कि सम्मान है। यदि कोई रिश्ता नहीं निभ सकता तो उसे समाप्त किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने का अधिकार किसी को नहीं है।

पुणे की यह घटना एक चेतावनी है कि आधुनिकता के साथ यदि नैतिकता और जिम्मेदारी का संतुलन नहीं रखा गया तो समाज गंभीर संकटों का सामना करेगा। रिश्तों में बढ़ता अविश्वास परिवार संस्था को कमजोर कर सकता है। प्रेम यदि ईमानदारी से जुड़ा हो तो जीवन को संवारता है लेकिन यदि उसमें छल और स्वार्थ प्रवेश कर जाए तो वही प्रेम विनाश का कारण बन सकता है। आज आवश्यकता केवल इस एक घटना पर चर्चा करने की नहीं बल्कि उन सामाजिक कारणों को समझने की है जो ऐसे अपराधों को जन्म देते हैं। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा। तभी समाज विश्वास और मानवीय मूल्यों की उस राह पर आगे बढ़ सकेगा, जहां प्रेम जीवन का आधार बने, न कि किसी त्रासदी की वजह।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह

आपातकाल : इंदिरा गांधी की क्षमायाचना और उसके बाद...

इक्यावन साल पहले 1975 में वह आज का ही दिन था, 25 जून का, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देशव्यापी आपातकाल की घोषणा कर दी थी। इस घोषणा के बाद सारे विपक्षी नेताओं को तुरत-फुरत जेल में डाल दिया गया था, अभिव्यक्ति की आजादी समेत नागरिकों के सारे मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे और इन कदमों के विरुद्ध प्रतिरोध का कोई स्वर न उठ सके, इसके लिए अखबारों पर सख्त सेंसर लगा दिया गया था। ज्ञातव्य है कि उन दिनों अखबार ही लोगों के लिए समाचारों के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। यह आपातकाल 21 मार्च,1977 तक कुल मिलाकर लगभग 21 महीनों तक लागू रहा और इंदिरा गांधी ने उसे तब भी नहीं हटाया, जब इस मुगालते में लोकसभा चुनाव करा दिए कि 'आपातकाल की उपलब्धियों से खुश' मतदाता उनको आसानी से जीत दिला देंगे। उनकी उम्मीद के विपरीत इस चुनाव में उनकी करारी हार हुई तो प्रधानमंत्री पद से अपने इस्तीफे से पहले उन्होंने यह सोचकर राष्ट्रपति से आपातकाल हटाने की सिफारिश कर दी कि उनके इस्तीफे के बाद भी वह लागू रह गया तो नई सरकार अपनी बारी पर उसके प्रावधानों को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। फिर 23 जनवरी,1978 को अनेक प्रेक्षकों को चकित करते हुए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों, ज्यादतियों व गलतियों के लिए सार्वजनिक रूप से और बिना शर्त माफी मांग ली। इसके लिए उन्होंने उन दिनों महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव के सिलसिले में यवतमाल में अपनी नवगठित पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को चुना। अलबत्ता, इस सभा में भी उन्होंने आपातकाल को उस दौर की बीमारियों के इलाज के लिए दी गई ऐसी दवा बताया, जो निस्संदेह सुखद नहीं थी। लेकिन उसके बाद? उन्हीं के शब्दों में कहें तो 'उसके बाद नए चुनाव कराने में हमने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया। हमसे हुई गलतियों को लेकर नाराज देश की जनता ने हमारे खिलाफ फैसला दिया तो हमने उसके फैसले को भी विनम्रता से स्वीकार किया।' महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के साथ ही कर्नाटक विधानसभा के भी चुनाव हुए थे, जिसमें इंदिरा गांधी की पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था और उसने देवराज अर्स के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। बहरहाल, श्रीमती गांधी द्वारा मांगी गई माफ़ी की पृष्ठभूमि पर विचार करें तो केंद्र की सत्ता से उनकी बेदखली के बाद नई-नई बनी जनता पार्टी की सरकार ने उन दिनों आपातकाल की ज्यादतियों की जांच के लिए शाह नामक कमीशन गठित कर रखा था और सरकारी समाचार माध्यमों से उसकी कार्रवाई का भरपूर प्रचार कराकर उनके विरुद्ध फैले जनाक्रोश की उम्र लम्बी करने में लगी हुई थी। ऐसे में उनका यवतमाल में माफी मांगना सिर्फ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जय-पराजय से जुड़ा हुआ मामला नहीं था। उससे उनकी देश भर में अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने की एक बड़ी चुनावी रणनीति जुड़ी हुई थी। इस रणनीति ने देश की राजनीति में उनकी जैसी वापसी कराई, वह भारतीय राजनीति के इतिहास का एक बेहद दिलचस्प अध्याय है। प्रतिद्वंद्वी जनता पार्टी की टूट-फूट का लाभ उठाकर उन्होंने लोकसभा के 1980 के मध्यावधि चुनाव में जिस तरह वापसी की, उसे दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक कमबैक में से एक माना जाता है। फरवरी, 1978 में कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने के कुछ ही महीनों बाद नवंबर 1978 में उन्होंने इसी राज्य की चिकमगलूर सीट से लोकसभा का उपचुनाव जीतकर देश की सत्ता में अपनी वापसी की भूमिका लिखनी शुरू की तो जनता पार्टी की सरकार ने उनको घेरने के चक्कर में विशेषाधिकार हनन के आरोप में उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर जेल भेज दिया। तब उन्होंने इस कार्रवाई को जनता के सामने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में पेश किया और उसकी सहानुभूति प्राप्त कर ली। फिर तो 1980 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 351 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया और वे फिर से देश की प्रधानमंत्री बन गईं। 1977 की हार के बाद वे पल भर भी निराश नहीं बैठी थीं। जुलाई 1977 में बिहार के बेलछी गांव में दलितों के साथ हिंसा हुई तो वे बाढ़ के बावजूद पानी भरे रास्ते को पार करने के लिए हाथी पर सवार होकर वहां उनके आंसू पोंछने पहुंची थीं। उसके बाद पीड़ितों के प्रति दिखाई गई इस गहरी सहानुभूति की तस्वीरों ने देश की गरीब और शोषित जनता के बीच उनकी 'गरीबों की मसीहा' वाली छवि को दोबारा जिंदा कर दिया था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व

संकलित

दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

अंतर्मन

आज की पाती

सुरक्षा मानकों पर उठते सवाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून को एक दो-मंजिला व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मृतकों में अधिकांश विद्यार्थी थे, जो भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और एनिमेशन सेंटर में अध्ययन कर रहे थे। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक पेंट शॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और कुछ ही मिनटों में पूरे भवन में फैल गई। यह भी सामने आया है कि प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन प्रणाली से संचालित था, जो आपातकालीन स्थिति में समय पर नहीं खुल पाया। क्या सुरक्षा एजेंसी ने कभी सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। - विवेक चौहान, राजनांदगांव

ट्रेंड

कॉरिडोर विज़न

असम एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का एक नेटवर्क बना रहा है ताकि हर इलाके तक यात्रा का समय मौजूदा 13-15 घंटे से घटकर 6 घंटे के दायरे में आ जाए। बड़े सिलीगुड़ी-सिलचर कॉरिडोर विज़न के तहत सिलचर-शिलांग सेक्शन पर काम पहले ही चल रहा है।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

महत्वपूर्ण कदम

आज झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई है। न केवल डॉक्टरों, बल्कि अस्पताल प्रबंधकों और वित्त प्रबंधकों की नियुक्ति से अस्पताल प्रबंधन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

लखनऊ अग्निकांड

लखनऊ अग्निकांड जैसी जानलेवा घटनाएं अनगिनत परिवारों की उम्मीदें तोड़ देती हैं। ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए सही ढंग से काम करने की जरूरत है। सिर्फ एक-दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा। - मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

छात्रों की आवाज़

लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है, नीट पेपर लीक की वजह से 20 बच्चों ने अपनी जान दे दी...लेकिन मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं और इंटरव्यू देते समय "छात्रों की आवाज़" को "आतंकवादी" कह रहे हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीनी कंप्यूटर 'लाइनशाइन' ने अमेरिकी कंप्यूटर को पछाड़ा

चीन का एक सुपरकंप्यूटर अमेरिकी मशीनों को पछाड़कर अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली कंप्यूटर बन गया है। वर्ष 2017 के बाद यह पहला मौका है जब किसी चीनी कंप्यूटर ने उस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है जिसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किसी देश की क्षमता के पैमाने के रूप में भी अकसर देखा जाता है। चीन के शेनझेन में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने मंगलवार को घोषित 'टॉप500' कंप्यूटर की रैंकिंग के हालिया संस्करण में अमेरिकी कंप्यूटर 'एल कैपिटन' को पछाड़ दिया। 'टॉप500' परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि चीन के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग केंद्र में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने 2.198 एक्साफ्लॉप्स की क्षमता हासिल की है। इसका अर्थ है कि यह प्रति सेकंड दो क्विंटिलियन (10 की घात 18) से अधिक गणनाएं कर सकता है। अमेरिकी सरकार की कैलिफोर्निया स्थित 'लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी' का 'एल कैपिटन' अब दूसरे स्थान पर है। इसके बाद टेनेसी और इलिनॉय की राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में स्थित दो अन्य अमेरिकी सुपरकंप्यूटर का स्थान है। जर्मनी का 'जुपिटर' सुपरकंप्यूटर खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। ये पांचों दुनिया के एकमात्र ऐसे 'एक्सास्केल' कंप्यूटर हैं, जिनकी क्षमता की सार्वजनिक रूप से पुष्टि की गई है।

ऑफ बीट

पृथ्वी का ज्ञात क्रेटर तीन अरब वर्ष से भी अधिक पुराना

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पिलबारा क्षेत्र में स्थित प्राचीन चट्टानों पर किए गए एक नए अध्ययन में पुष्टि हुई है कि पृथ्वी पर ज्ञात सबसे पुराना क्रेटर 3.024 अरब वर्ष से अधिक पुराना है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक क्रिस किर्कलैंड के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि उत्तरी ध्रुव के झुकाव वाले क्षेत्र में मौजूद भूगर्भीय संरचना एक विशाल उल्कापिंड टक्कर का परिणाम है, जो आर्कियन काल (4 से 2.5 अरब वर्ष पूर्व) में हुई थी। इस क्षेत्र की चट्टानें लगभग 3.5 अरब वर्ष पुरानी ज्वालामुखीय चट्टानें हैं, जिनमें 'शॉटर कोन्स' पाए गए हैं। ये संरचनाएं अत्यधिक दबाव और झटके का संकेत देती हैं, जो किसी उल्कापिंड के टकराने से उत्पन्न होते हैं। शोधकर्ताओं ने इन चट्टानों के भीतर मौजूद सूक्ष्म खनिजों का विश्लेषण कर उनकी आयु निर्धारित की। विशेष रूप से जिरकॉन के क्रिस्टलों में यूरेनियम-सीसा डेटिंग तकनीक का उपयोग किया गया। यह तकनीक रेडियोधर्मी क्षय के सिद्धांत पर आधारित होती है और अत्यंत प्राचीन घटनाओं की सटीक आयु निर्धारित करने में सहायक होती है। अध्ययन में पाया गया कि कुछ जिरकॉन क्रिस्टल 3.4 अरब वर्ष से भी पुराने थे, जो संभवतः उस प्राचीन चट्टान का हिस्सा थे जिस पर उल्कापिंड का प्रभाव पड़ा था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संपादकीय

पीओकेच्या जळत्या घरात वारा!

पाकिस्तानने काश्मीरसाठी जन्मापासूनच भारतासोबत उभा दावा मांडला. चार युद्धे लढली. रक्त सांडले. मिळेल त्या आंतरराष्ट्रीय मंचावर गळे काढले. त्या सगळ्याचा पाया एका वाक्यात खिळखिळा करण्याचे काम पाकिस्तानचे संरक्षणमंत्री ख्वाजा आसिफ यांनी नुकतेच केले. पाकव्याप्त काश्मीर (पीओके)मध्ये सध्या सुरू असलेल्या आंदोलनावर भाष्य करताना, तेथील रहिवासी 'अस्सल काश्मिरी' नसून 'पहाडी' आणि 'पोटोहारी' भाषा बोलणारे आहेत, असे त्यांनी म्हटले. हे विधान केवळ एका मंत्र्याचे मत म्हणून दुर्लक्षित करता येणार नाही; कारण त्यातून पाकिस्तानच्या आठ दशकांपासूनच्या काश्मीरविषयक भूमिकेतील मूलभूत विरोधाभास उघड झाला आहे. पाकिस्तानने नेहमीच स्वतःला 'काश्मिरी जनतेचा संरक्षक' म्हणून सादर केले. आंतरराष्ट्रीय व्यासपीठांवर काश्मिरी जनतेच्या हक्कांसाठी लढत असल्याचा दावा केला; परंतु, जर पीओकेमधील लोक काश्मिरीच नसतील, तर पाकिस्तान नेमका कोणाच्या नावाने संघर्ष करीत आहे, हा प्रश्न उपस्थित होणे स्वाभाविक आहे. ख्वाजा आसिफ यांनी पाकिस्तानच्या अधिकृत कथनाच्याच पायावरच कुऱ्हाड चालवली आहे. वास्तविक, पाकव्याप्त काश्मीर हा नैसर्गिक सौंदर्यासोबतच, सांस्कृतिकदृष्ट्या विविधतेने नटलेला प्रदेश आहे. 'आझाद काश्मीर' आणि 'गिल्गिट-बाल्टिस्तान' या भागांमध्ये पोटोहारी, पहाडी, गुजरी, शिना, बल्ती अशा विविध भाषा बोलल्या जातात. पाकिस्तानने गेली ७९ वर्षे या वास्तवाकडे दुर्लक्ष करून, संपूर्ण प्रदेशाला काश्मिरी अस्मितेच्या चौकटीत बसविण्याचा प्रयत्न केला आणि आज त्याच देशाच्या संरक्षणमंत्र्यांनी त्या दाव्याला छेद दिला आहे. सध्या पीओकेमध्ये तीव्र जनआंदोलने सुरू आहेत. अनेक ठिकाणी आंदोलक आणि सुरक्षा दलांमध्ये संघर्ष झाला असून, गोळीबाराच्या घटनांनी परिस्थिती अधिक चिघळली आहे. अनेक काश्मिरी नागरिक पाक लष्कराच्या गोळ्यांना बळी पडल्याचे वृत्त आहे. काश्मिरी जनतेच्या हक्कांसाठी जगभर गळे काढणाऱ्या पाकिस्तानला आज त्याच प्रदेशातील जनतेच्या रोषाला सामोरे जावे लागत आहे. हा विरोधाभास पाकिस्तानच्या नैतिक आणि राजकीय दिवाळखोरीचे प्रतीकच! गंभीर बाब म्हणजे, पाक सरकारने आंदोलकांवर कारवाईसाठी लष्कराला खुली सूट दिली आहे. त्यात ख्वाजा आसिफ यांचे वक्तव्य म्हणजे जळत्या घरात वाराच म्हणावे लागेल. या घडामोडींच्या पार्श्वभूमीवर भारताची भूमिका अधिक ठळकपणे समोर येते. भारत सरकारची अधिकृत भूमिका सुरुवातीपासून स्पष्ट आहे, की जम्मू-काश्मीरसोबतच पाकव्याप्त काश्मीरही भारताचा अविभाज्य भाग आहे आणि तेथील नागरिकही भारतीयच आहेत. ख्वाजा आसिफ यांनी अप्रत्यक्षपणे पाकिस्तानच्या दाव्यातील पोकळपणा उघड केला आहे. त्यामुळे भारताला आंतरराष्ट्रीय स्तरावर आपली भूमिका अधिक प्रभावीपणे मांडण्याची संधी मिळू शकते. भारताचे संरक्षणमंत्री राजनाथ सिंह यांनी काही दिवसांपूर्वी केलेले विधान यासंदर्भात उल्लेखनीय ठरते. पाकव्याप्त काश्मीर मिळविण्यासाठी बलप्रयोगाची आवश्यकता नाही; तेथील नागरिक स्वतःहून भारतात सामील होण्याची इच्छा व्यक्त करतील, असे त्यांनी म्हटले होते. पीओकेतील वाढती अस्वस्थता आणि पाकिस्तानविषयीचा रोष लक्षात घेतल्यास, त्यामध्ये निश्चितच तथ्य दिसते. पीओकेतील घडामोडींकडे बघताना, जम्मू-काश्मीरमध्ये गेल्या काही वर्षांत झालेले बदलही लक्षात घ्यावे लागतील. कलम ३७० रद्द झाल्यानंतर जम्मू-काश्मीरमध्ये हिंसाचार वाढेल, अशी भीती व्यक्त करण्यात आली होती. प्रत्यक्षात मात्र दहशतवादी कारवायांचे प्रमाण कमी होऊन पर्यटनाला चालना मिळाली, पायाभूत सुविधांच्या प्रकल्पांना वेग आला आणि गुंतवणुकीच्या नव्या संधी निर्माण झाल्या आहेत. अलीकडेच काँग्रेस नेते शशी थरूर यांनीही काश्मिरात स्थिती सामान्य असल्याचे प्रमाणपत्र दिले. अर्थात, सर्व समस्या संपलेल्या नाहीत. अजूनही अनेक आव्हाने आहेत; परंतु, जम्मू-काश्मीरमध्ये स्थैर्य आणि विकासाची प्रक्रिया सुरू असल्याचे नाकारता येत नाही. एका बाजूला भारताच्या जम्मू-काश्मीरमध्ये विकास, पर्यटन आणि स्थैर्याची प्रक्रिया दिसत आहे; तर दुसऱ्या बाजूला पाकव्याप्त काश्मीरमध्ये असंतोष, आंदोलन आणि दडपशाहीच्या तक्रारी ऐकू येत आहेत. अलीकडील घटनाक्रम एक गोष्ट स्पष्टपणे दाखवतो आणि ती म्हणजे भावनिक घोषणांपेक्षा वास्तव अधिक बोलके ठरत आहे! पाकिस्तानचे मंत्री स्वतःच पीओकेतील लोकांची वेगळी ओळख अधोरेखित करीत असताना, तेथील जनता मूलभूत हक्कांसाठी संघर्ष करीत आहे. दुसरीकडे जम्मू-काश्मीरमध्ये सामान्यतेकडे वाटचाल सुरू आहे. बदलत्या वास्तवाचा हा नवा अध्याय भविष्यात काश्मीर प्रश्नाच्या राजकीय आणि नैतिक समीकरणांवर दूरगामी परिणाम करणारा ठरू शकतो. भारताने ही संधी साधायला हवी.

...तर विद्यार्थ्यांचे भवितव्य अंधारलेलेच राहील!

शालेय शिक्षणाने विद्यार्थ्यांच्या गरजा पूर्ण केल्या नाहीत, उच्च शिक्षणाने कामचलावूपणा सोडला नाही, तर शिक्षण व्यवस्थेला काहीच भवितव्य नाही.

कपिल सिब्बल
राज्यसभा खासदार, ज्येष्ठ विधिज्ञ

अध्यापन पद्धती आणि व्यवस्थाविषयक समस्यांनी आपली शिक्षणव्यवस्था पूर्वापार ग्रासलेली आहे. सर्व शिक्षा अभियान, २००९चा शिक्षण हक्क कायदा आणि २०२०चे राष्ट्रीय शिक्षण धोरण, अशा योजनांमुळे उपलब्धता आणि पटनोंदणी यांचे प्रमाण बरेच वाढले असले; तरीही गुणवत्ता, समन्याय्यता, गळतीरोध आणि प्रासंगिकता यांबाबतचे प्रश्न जैसे थे आहेत. साचेबद्ध स्वरूपाची, पाठ्यपुस्तक व परीक्षाकेंद्रित शिक्षणपद्धती मुलांच्या आकलनक्षमता वाढवून त्यांचा सर्वांगीण विकास घडवण्यात अपयशी ठरते. तुटपुंजी शिक्षक-प्राध्यापक संख्या, अपुऱ्या पायाभूत सुविधा आणि अधूनमधून परिसरात उफाळून येणारा असंतोष, यामुळे या समस्यांत अधिकच भर पडते.

सर्वप्रथम शालेय शिक्षणाचा विचार करू. शासकीय शाळा हा आपल्या शिक्षण व्यवस्थेचा कणा आहे. एकूण ६९ टक्के संस्था शासकीय असून, त्यात ५० % पटनोंदणी होते. हे प्रमाण अवाढव्य असले, तरी पायाभूत सुविधा आणि निष्पत्ती पाहता ही प्रगती अत्यंत विषम स्वरूपाची आहे. जीडीपीचा केवळ ४.१ ते ४.६ टक्के इतकाच हिस्सा आपण सार्वजनिक शिक्षणावर खर्च करतो. राष्ट्रीय शिक्षण धोरण २०२०ने ठरवून दिलेले ६ टक्केचे लक्ष्य फारच दूर आहे. मागील सरकारांनीही हे लक्ष्य कधीच गाठले नव्हते. निम्न स्तरावर जवळजवळ १०० टक्के पटनोंदणी होत असली, तरी वरील समस्या तशाच आहेत. नोंदणीचे एकूण प्रमाण प्रगती दर्शवते, पण वरिष्ठ स्तरावर ते ढेपाळत जाते. आजही नववीत येणाऱ्या दोन विद्यार्थ्यांमधील केवळ एकच बारावीत पोहोचतो. त्याआगोदर पहिलीतील एकूण मुलांपैकी एक तृतीयांश मुले नववीपर्यंत गळालेली असतात.

२०२४च्या वार्षिक शैक्षणिक स्थिती अहवालात, 'अध्ययनाविना शिक्षणा'चे चिंताजनक चित्र रेखाटले आहे. पाचव्या इयत्तेतील सुमारे ४९ टक्के विद्यार्थी केवळ दुसरीचीच पुस्तके नीट वाचू शकतात. सुमारे ३१ टक्के विद्यार्थीच भागाकार करू शकतात. घोकंपट्टी आणि पाठ्यपुस्तकावर भर देणारी अध्यापन पद्धतीच या अधोगतीला प्रामुख्याने जबाबदार आहे.

मुलांची बलस्थाने आणि उणिवा ओळखण्यात आणि त्यांना वर्गखोलीच्या पलीकडचे ज्ञान धुंडाळायला उद्युक्त करण्यात आपली शिक्षण पद्धती कमी पडते. पाठ्यपुस्तक व परीक्षाकेंद्रित शिक्षणव्यवस्था मुलांच्या बहुआयामी गुणवत्तेची भूक भागवू शकत नाही. एकजात सर्वांना एकाच मापात बसवण्याचा आग्रह उपजत गुणवत्तेकडे दुर्लक्ष करतो आणि जेईई, नीट यांसारख्या जोखमीच्या परीक्षांच्या चाकोरीत विद्यार्थ्यांना ढकलतो. त्यातून सार्वत्रिक तणाव, चिंता, अलिप्तता आणि अयोग्य क्षेत्राची निवड, अशी घसरण सुरू होते.

बहुशाखीय व लवचीक अध्ययन, आशयाचे ओझे कमी करणे, अनुभवाधिष्ठित आणि क्षमताधारित

अध्यापन पद्धती आणि ५-३-३-४, अशी अभ्यासक्रमाची रचना याद्वारे २०२०चे राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण यावर उपाय शोधू पाहते. परंतु, असमान अंमलबजावणीमुळे हे धोरण अद्याप केवळ कागदावरच राहिले आहे.

आता उच्च शिक्षणाकडे वळू. तिथे निधीची कमतरता हे जुनाट दुखणे आहे. राज्यांची विद्यापीठे कोलमडत असताना, भरमसाठ निधी उच्चभ्रू शिक्षणसंस्थांकडे वळवला जातो. परिणामी, राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरणाची लक्ष्ये दूरच राहतात. भारतात संशोधन आणि विकास यावरील खर्च जीडीपीच्या ०.६४ ते ०.७ टक्के वरच घुटमळत आहे आणि त्यातील ८ ते ९ टक्क्यांचेच योगदान विद्यापीठांचे असते.

संशोधनाचा खालावलेला दर्जा आणि जागतिक क्रमवारीतील घसरण, यामुळे या उणिवा अधिकच ठळक होतात. राष्ट्रीय परीक्षा संस्थेकडून घेतल्या जाणाऱ्या उच्च जोखमीच्या केंद्रिकृत परीक्षांत प्रश्नपत्रिका सातत्याने फुटत असतात. शिवाय अशा परीक्षा व्यवस्थांमुळे, आपले स्वतःचे प्रवेश निकष ठरवण्याची विद्यापीठांची क्षमताच पंगू होते.

वस्तुतः आपल्या भोवतालच्या समुदायाच्या गरजा कशा भागवाव्यात आणि उच्च दर्जा कसा प्राप्त करावा, याबाबतची रूपरेखा आखण्याचे स्वातंत्र्य विद्यापीठांना असायला हवे. परंतु, या केंद्रीय परीक्षांमुळे राज्यांच्या शिक्षणमंडळातून, तसेच ग्रामीण भागातून येणाऱ्या आणि प्रादेशिक भाषांच्या माध्यमातून शिकलेल्या विद्यार्थ्यांना प्रतिकूल परिस्थितीला तोंड द्यावे लागते. त्यातून कोचिंग उद्योग फोफावतो आणि पालकांवर आणि विद्यार्थ्यांवरही अकारण आणि अनावश्यक ओझे पडते. स्थानिक गरजांनुसार नवोपक्रम हाती घेत परीक्षा पद्धतीचे विकेंद्रीकरण करणे, हाच यातून बाहेर पडण्याचा योग्य मार्ग ठरेल. प्राध्यापकांची संख्या अत्यंत अपुरी आहे. ३१ जानेवारी, २०२५ पर्यंत शिक्षकांच्या मंजूर पदांपैकी २८.५६ टक्के पदे रिकामी होती. प्रोफेसर दर्जाच्या तर ५६ टक्के जागा रिकाम्या होत्या. राज्य विद्यापीठातील स्थितीसुद्धा अशीच चिंताजनक आहे. तिथे अध्यापकांची ४० टक्के पदे रिकामी आहेत. आयआयटीसारख्या अग्रगण्य संस्था वैश्विक दर्जाचे प्रतिभासंपन्न विद्यार्थी घडवत असल्या, तरी त्यातील सुमारे एकतृतीयांश पदवीधर परदेशी स्थलांतर करतात. एकंदरीत पाहता पदवीधरांची रोजगारक्षमता केवळ ४२ ते ५६ टक्के इतकीच आहे.

२०२६च्या शैक्षणिक स्वातंत्र्य निर्देशांकात १७९ देशांत भारताचा क्रमांक १५६वा आहे. संशोधन, अध्यापन आणि मतप्रदर्शनाचे स्वातंत्र्य हळूहळू लोपू लागले आहे. गुणवत्ता बाजूला ठेवून केलेल्या भरतीमुळे विद्यापीठांची स्वायत्तता धोक्यात येते. कुलगुरू आणि प्राध्यापकांच्या मोक्याच्या जागांवर बऱ्याचदा सत्ताधाऱ्यांशी निष्ठावंत असलेल्यांचा भरणा केला जातो. शालेय शिक्षणाने विद्यार्थ्यांच्या गरजांची पूर्ती केली नाही, विद्यापीठीय शिक्षणाने कामचलावूपणा सोडला नाही आणि स्वायत्तता व वैविध्य हाच उच्च शिक्षणाचा मूलमंत्र बनला नाही, तर भवितव्य काहीसे अंधारलेलेच राहील.

अन्वयार्थ

तुटीचे कारण सांगत एसटीची अन्याय्य भाडेवाढ..

सव्वा वर्षाच्या कालावधीत एसटी महामंडळाने २५ टक्क्यांपेक्षा अधिक प्रवासी भाडेवाढ केलेली आहे. तोट्याची कारणे सांगून प्रवाशांना वेठीस धरले जात आहे.

ॲड. कांतीलाल तातेड
अर्थशास्त्राचे अभ्यासक

डिझेलच्या वाढत्या किमती तसेच कर्मचाऱ्यांच्या महागाई भत्त्यातील वाढ यामुळे एसटी महामंडळावर पडणारा आर्थिक ताण लक्षात घेऊन १५ एप्रिल ते १५ जून २०२६ पर्यंत १० टक्के प्रवासी भाडेवाढ लागू करण्यात आली होती, मात्र त्यानंतरही ही भाडेवाढ रद्द न करता महामंडळाने सदर भाडेवाढीचा कालावधी १५ जुलैपर्यंत वाढविला आहे. तसेच १५ एप्रिल २०२६ पासून नव्याने प्रतिप्रवासी दोन रुपये स्वच्छता अधिभार लागू केला आहे.

डिझेलच्या दरवाढीमुळे एसटी महामंडळावर प्रतिवर्षी जवळपास ३०० कोटी रुपयांचा अतिरिक्त आर्थिक बोजा पडणार आहे, असे राज्य सरकार व महामंडळाचे म्हणणे आहे. आंतरराष्ट्रीय बाजारात ब्रेंट कच्च्या तेलाच्या किमती आता कमी झाल्या असून, त्या ८१ डॉलर प्रतिबॅरल आहेत. ब्रेंटव्यतिरिक्त इतर कच्च्या तेलाच्या किमती तर ७७ डॉलर प्रतिबॅरलवर आलेल्या आहेत. परंतु आतापर्यंतचा अनुभव लक्षात घेता केंद्र सरकार व तेल कंपन्या डिझेलच्या किमती कमी करण्याची शक्यता नाही. त्यामुळे एसटी महामंडळाने आणखी एक महिन्यासाठी लागू केलेली भाडेवाढ कायमस्वरूपाचीच राहण्याची शक्यता आहे. त्यामुळे महामंडळाने १५ एप्रिलपासून लागू केलेली भाडेवाढ समर्थनीय आहे का, हा महत्त्वाचा प्रश्न आहे.

एसटी महामंडळाचा १२ हजार कोटी रुपये संचित तोटा आहे. महामंडळाच्या ३१ विभागांपैकी १० विभाग नफ्यात, तर २१ विभाग तोट्यात आहेत. हे विभाग तोट्यात का आहेत याचा शोध घेऊन त्याबाबतीत कडक उपाययोजना करणे, गळतीचे सर्व मार्ग बंद करणे, अनावश्यक खर्च व सवलती बंद करून तोट्याची सर्व कारणे दूर करणे आवश्यक आहेत. परंतु महामंडळ तसे न करता वेगवेगळ्या मार्गांने सातत्याने मोठ्या प्रमाणात भाडेवाढ करीत असते.

उदाहरणार्थ डिझेल, टायर, चेसिसच्या किमतीत झालेल्या वाढीचे कारण सांगून २४ जानेवारी २०२५ रोजी महामंडळाने १४.९५ टक्के भाडेवाढ केली होती. मुळात २२ मे २०२२नंतर डिझेलच्या दरात वाढ झालेली नव्हती, हे लक्षात घेणे आवश्यक आहे. म्हणजेच साधारणत: सव्वा वर्षाच्या कालावधीत महामंडळाने २५ टक्के भाडेवाढ केलेली आहे. (प्रत्यक्षात ती त्याहूनही जास्त आहे.) त्याव्यतिरिक्त दोन रुपयाचा स्वच्छता अधिभार, 'अपघात सहायता योजने'च्या नावाखाली लागू केलेला एक रुपयाचा अधिभार तसेच दिवाळीच्या तसेच उन्हाळ्याच्या सुट्टीतली गर्दी लक्षात घेऊन कोणतेही कारण नसताना केवळ उत्पन्न वाढविण्याच्या हेतूने करण्यात येणारी अन्यायकारक हंगामी भाडेवाढ याद्वारे सर्वसामान्य प्रवाशांवर शेकडो कोटी रुपयांचा आर्थिक बोजा सातत्याने टाकण्यात येत असतो.

वास्तव काय आहे?

१५ एप्रिल रोजी महामंडळाने १० टक्के दराने हंगामी भाडेवाढ करतांना तसेच प्रतिप्रवासी दोन रुपये स्वच्छता अधिभार लागू करतांना डिझेलच्या किमतीत कोणतीही वाढ झालेली नव्हती. १५ मेपासून तेल कंपन्यांनी डिझेलच्या दरात केलेल्या वाढीमुळे महामंडळावर प्रतिवर्षी जवळपास ३०० कोटी रुपयांचा आर्थिक बोजा पडेल असे महामंडळाचे म्हणणे आहे; परंतु महामंडळाला तेल कंपन्यांकडून तीन रुपये प्रतिलिटर इतकी सवलत मिळत होती.

स्पर्धात्मक निविदेनंतर आता प्रतिलिटर ५.१३ रुपयांची सवलत महामंडळाला मिळत आहे. त्यामुळे एसटी महामंडळाला २४१ कोटी रुपयांचा फायदा होणार आहे. एसटीने दररोज ५५ लाख प्रवासी प्रवास करतात. प्रतिप्रवासी दोन रुपये स्वच्छता अधिभार लागू केल्यामुळे महामंडळाला एका वर्षात ४०१.५० कोटी रुपयांचे उत्पन्न मिळणार आहे. म्हणजेच तेल कंपन्यांकडून डिझेलच्या दरात मिळणारी सवलत व स्वच्छता कराच्या मिळणाऱ्या उत्पन्नातून डिझेलच्या दरवाढीमुळे होणारा अतिरिक्त खर्च वजा जाता महामंडळाला ३०१.५० कोटी रुपयांचा फायदा होणार आहे. असे असताना एसटी महामंडळाला हंगामी

भाडेवाढीची, मुदतवाढीची आवश्यकता काय?

राज्य सरकारने विमानाने प्रवास करणाऱ्या श्रीमंतांसाठी विमानाच्या इंधनावरील मूल्यवर्धित कर केंद्र सरकारच्या सांगण्यावरून २५ टक्क्यांवरून ७ टक्क्यांवर आणला आहे. मग राज्यातील कोट्यवधी सर्वसामान्य जनतेची 'जीवनवाहिनी' असणाऱ्या एसटी बससेवेसाठी डिझेलवरील मूल्यवर्धित कर ७ टक्के करून सर्वसामान्य जनतेचे जगणे सुसह्य का करीत नाही? एसटी महामंडळाने १५ जुलैपर्यंत केलेली १० टक्क्यांची भाडेवाढ तसेच दोन रुपयाचा स्वच्छता अधिभार रद्द करणे आवश्यक आहे.

kantilaltated@gmail.com

जगभर

विमान प्रवासात अनुभवा कृत्रिम सूर्योदय-सूर्यास्त!

कल्पना करा, तुम्हाला अतिशय लांब प्रवास करायचा आहे. तोही सलगपणे. तुम्ही एका विमानात बसता आणि कुठंही न थांबता, पूर्ण एक दिवस म्हणजे जवळपास २० ते २२ तास सतत आकाशात प्रवास करता. ७ ते ९ टाइम झोन एकाच वेळी ओलांडण्याचा हा प्रवास कुठल्याही माणसाचं शरीर आणि मेंदू पूर्णपणं थकवण्यासाठी पुरेसा आहे. पण, विज्ञानाच्या मदतीनं आता हा थकवणारा प्रवास आरामदायी आणि आरोग्यदायी होणार आहे. या प्रयोगाकडे आता संपूर्ण जगाचं लक्ष लागलं आहे.

ऑस्ट्रेलियन विमान कंपनी 'क्वांटस एअरवेज'नं 'सनराइज' प्रकल्पांतर्गत जगातली सर्वांत लांब नॉनस्टॉप फ्लाइट (सिडनी ते लंडन) या विमान प्रवासासाठी एअरबस ए३५०-१०००यूएलआर हे विशेष विमान तयार केलं आहे. ही उड्डाणं पुढच्या वर्षी सुरू होतील. आता एवढा लांबचा प्रवास म्हटल्यावर प्रवाशांना थकवा तर येणारच. मग त्यासाठी काय करायचं? - त्यावरही एक अफलातून मार्ग काढण्यात आला आहे.

प्रवाशांना जेटलॅगपासून वाचवण्यासाठी विमानात कृत्रिम सूर्योदय - सूर्यास्त, विशेष खानपान आणि चालण्यासाठी 'वेलनेस झोन' तयार करण्यात येणार आहे. सलग विमान प्रवासामुळे प्रवाशांना थकवा आणि निद्रानाशाचा जो सामना करावा लागतो, त्याला जेटलॅग असं म्हटलं जातं.

इतक्या लांब प्रवासात माणसाचं जैविक चक्र (बायोलॉजिकल क्लॉक) संतुलित ठेवणं, हे शास्त्रज्ञांसाठी सर्वांत मोठं आव्हान आहे. या प्रकल्पाच्या वैज्ञानिक संशोधनात सहभागी असलेले सिडनी विद्यापीठातील निद्रा विज्ञानाचे प्राध्यापक पीटर सिस्टुली म्हणतात, 'नऊ टाइम झोन एकाच वेळी ओलांडणं हे मोठं जैविक संकट असतं. त्यावर

मात करण्यासाठी आम्ही विमानाच्या आतल्या प्रत्येक छोट्या तपशिलावर काम केलं आहे. टेकऑफनंतर लगेच जड अन्न देणं टाळलं जाईल आणि शरीराच्या नैसर्गिक जैविक घड्याळानुसार 'प्रोटेक्टिव्ह स्लीप विंडो' निश्चित केली जाईल. यात विमानातील खास ॲनिमेटेड प्रकाशयोजनेची मोठी भूमिका असेल.'

विमानाचे केबिन डिझायनर डेविड कॉन यांनी सांगितलं, 'विमानात ऑस्ट्रेलियाच्या नैसर्गिक दृश्यांपासून प्रेरित १४ वेगवेगळे प्रकाश 'सिनेरिओ' प्रोग्रॅम करण्यात आले आहेत. हे सकाळ किंवा संध्याकाळ झाल्याचा अनुभव प्रवाशांना देतील.' या विशेष सोयींमुळे प्रवाशांना प्रवासाचा थकवा बिलकुल जाणवणार नाही. 'नैसर्गिक' वातावरणात असल्याचा अनुभव त्यांना येईल. कृत्रिम सूर्योदय आणि सूर्यास्तामुळे प्रवाशांचं झोपेचं चक्रही डिस्टर्ब होणार नाही. त्यामुळे आपली कामंही ते नियमितपणे करू शकतील.

विमानात विखुरलेला, लुकलुकणारा प्रकाश असेल, जो प्रवाशांना जणू स्विमिंगपूलच्या काठावर विसावल्यासारखा अनुभव देईल. तिथे उभं राहून ते स्ट्रेचिंग करू शकतील आणि शरीराला आराम देऊ शकतील. वजनाच्या मर्यादांमुळे या मोठ्या विमानात फक्त २३८ प्रवासीच प्रवास करतील. त्यामुळे सामान्य इकॉनॉमी वर्गातही पाय पसरवण्यासाठी ३३ ते ३४ इंच अतिरिक्त जागा मिळेल.

जगभरातले प्रवासी या अनोख्या प्रवासाची प्रतीक्षा करीत आहेत. वेगवेगळ्या विमान कंपन्याही प्रवाशांना आणखी काय सुविधा देता येऊ शकतील, याचा विचार करीत आहेत.

जनमन

विद्यापीठांची मानांकनात घसरण दुर्दैवी

जागतिक क्यूएस टॉप युनिव्हर्सिटी रँकिंग २०२७ मध्ये देशातील उच्च शिक्षण संस्थांनी प्रगतीची नोंद केलेली असताना राज्यातील सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ आणि मुंबई विद्यापीठ या दोन विद्यापीठांचे मानांकन अतिशय घसरले आहे. पुणे विद्यापीठाचे मानांकन ५६६ स्थानावरून थेट ७९१ ते ८०० गटात गेले आहे. एका वर्षात हे रँकिंग सुमारे २५० अंकांनी खाली घसरले आहे. विद्येचे माहेरघर समजल्या जाणाऱ्या पुणे विद्यापीठाची ही घसरण अत्यंत दुर्दैवी व धक्कादायक आहे.

पुणे विद्यापीठाच्या पाठोपाठ मुंबई विद्यापीठाचीही मोठी घसरण झाली आहे. या सरकारी विद्यापीठांवर कोणाचेच नियंत्रण राहिले नाही, असे निदर्शनास येते. महाराष्ट्रातीलच नव्हे तर भारताच्या आणि जगाच्या कानाकोपऱ्यातून पुणे व मुंबई विद्यापीठात विद्यार्थी शिक्षणासाठी येत असतात. जर ही घसरण अशीच चालू राहिली तर पुणे व मुंबई विद्यापीठांची मोठी नाचक्की होणार आहे. विद्यापीठांतील सद्य परिस्थिती अत्यंत नाजूक असून सर्व विद्यापीठांचे कुलगुरू असणारे राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च व तंत्र शिक्षणमंत्री तसेच विद्यापीठ सिनेट सदस्य यांनी यासंदर्भात लक्ष घालणे आवश्यक आहे.

जागतिक क्यूएस टॉप युनिव्हर्सिटी रँकिंग पातळीवर भारतीय संस्था सुधारत असताना, पारंपरिक विद्यापीठांनी रँकिंग वाढीसाठी विशेष प्रयत्न करणे आणि शैक्षणिक दर्जा सुधारणे गरजेचे आहे. दोन्ही विद्यापीठांचे रँकिंग इतके का घसरले, याकडे लक्ष देतानाच हे रँकिंग पुन्हा कसे सुधारेल आणि पहिल्यापेक्षा वर कसे जाईल याकडे गांभीर्याने लक्ष देण्याची गरज आहे.

शशिकांत जाधव, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे

सेतू

इथे आता कोणीच राहत नाही! आम्हीच फक्त उरलोय मागे..

जपान पाहिलेला नव्हता, तेव्हा त्याचं एक सुंदर चित्र डोळ्यांसमोर होतं, जपान सुंदर आहेच, पण तिथल्या एकाकी जीवनाची दुखरी बाजू अस्वस्थ करते..

मयुरेश कुलकर्णी
जपानी भाषा, साहित्य, इतिहासाचा अभ्यासक, अनुवादक

जपानी शिकताना जपानचं एक सुंदर चित्र डोळ्यांसमोर उभं राहायचं. प्रत्यक्षात तिथे राहताना जपानची एक वेगळीच बाजू दिसली. तो जपान एकसुरी, भकास आणि एकाकी माणसांनी भरलेला आहे. क्योतो आणि एदो (आत्ताचं तोक्यो) या मुख्य शहरांना जोडणाऱ्या तीनचारशे वर्षं जुन्या व्यापारी वाटेवरची जुन्या पद्धतीची गावं बघायला छोटा ट्रेक केला. समोरून एक आजीबाई हळूहळू चालत येत होत्या. मी त्यांना 'कोन्निचिवा' म्हटलं. 'काय सुंदर परिसर आहे हा!' असंही कौतुकाने म्हणालो.

त्या गोड हसल्या खऱ्या, पण मग किंचित विषादाने म्हणाल्या, 'पण इथे आता कोणीच राहत नाही! सगळे शहरात गेले. आम्ही उरलो मागे!' त्यांच्या त्या एका वाक्यानिशी मला 'अंतु बर्वा' आठवला. कोकणच्या सौंदर्यावर दारिद्र्य आघात करतं, जपानमध्ये ते काम एकाकीपण करतं. ती शोभिवंत हिरवाई मला भकास वाटू लागली.

माऊंट फुजीच्या पायथ्याशी असलेल्या एका पारंपरिक 'न्योकान' मध्ये राहायला गेलो होतो. तिथल्या यजमान आजीबाई कमरेत काटकोनात वाकलेल्या होत्या. 'तुम्ही का करता?' असं त्यांना विचारूही शकलो नाही. मालकीणबाई म्हणून त्यांना स्वतःचा आब राखायचा होता. 'मी नाही तर कोण करणार? आणि फुजीसान (माऊंट फुजी) काय दिसतो इथून! असा अगदी हात लांबवला तर स्पर्श करता येईल!..' त्यांच्या सांगण्यात अभिमान असला तरी त्यात एकाकीपणाचं दुःखही होतंच.

हे गावांमधलं चित्र. शहरांमध्ये कोलाहलातली शांतता माणसांचे जीव घेते की काय वाटावं अशी परिस्थिती. जपानी माणूस एकमेकांत न मिसळणारा. भिडस्ताहून भिडस्त. एकेकटा राहाणारा. सुटाबुटातले लोक अतिश्रमांमुळे किंवा पेयपानामुळे स्टेशनच्या दाराशी आडवे पडलेलेही बघितले. दिवसभर गळ्यापर्यंत कामात बुडायचं. संध्याकाळी काऊंटरसमोर बसून जेवायचं. जेवताना मोबाइलवर रिल्स बघायचे. खाण्याव्यतिरिक्त तोंड उघडायचं नाही. त्यामुळे रेस्टॉरंटमध्येही शांतता. ही घुमी माणसं कसं जगत असतील आणि का या प्रश्नाचं उत्तर शोधण्याचा नादही मी नंतरनंतर सोडून दिला.

या एकसुरी, एकलकोंड्या स्वभावाचे परिणामही तिथे दिसत होतेच. नागोया स्टेशनबाहेर एक तरुण बसायचा. त्याच्या समोर एक छोटी खुर्ची 'मी तुमचं म्हणणं ऐकतो. तुमच्या व्यथा, चिंता, राग, लोभ मला सांगा. सल्ला देणार नाही, फक्त ऐकेन, अर्ध्या तासासाठी २००० येन' अशी पाटी त्याने लावलेली होती. पुढे कधीतरी त्याच्या समोरच्या खुर्चीवर एक माणूस बसलेला मी पाहिला. होमो सेपियन म्हणून मला त्याच्याबद्दल विलक्षण सहानुभूती, कुतूहल वाटलं.

'मी मॅरेथॉनमध्ये भाग घेतलाय. फिनिशिंग लाईनपाशी मी धावत धावत येईन तेव्हा तिथे माझ्यासाठी उभा राहशील का?' अशा विनंत्या करणारी आणि त्या स्वीकारणारी माणसं असणं याला काय म्हणायचं? परंपरा जपणारा, एकत्र सणवार साजरे करणारा जपान आर्थिक समृद्धीने मोडकळीस आणला की काय, असं वाटत राहतं. उत्तर अर्थातच माझ्यापाशी नाही. पण माणसं असं का वागतात, हा प्रश्न त्या अपार सुंदर देशाने माझ्या मनात पेरला तो आजपर्यंत. स्वतःच्या अंगाखांद्यावर प्रश्न वागवणारे ते चेहरे आणि मनात घर करुन राहाणारी त्यांची वाक्यं आजही माझी पाठ सोडत नाहीत.

m.kulkarni2611@gmail.com

सेतू : जगभरातील मराठी माणसांच्या जगण्यातले रूपरंग शोधणारा हा स्तंभ. तुम्ही स्वत:, तुमचे आप्त परदेशात राहात असाल, तर तुमचे अनुभव जरूर पाठवा. निवडक लेखनाला प्रसिद्धी. **ईमेल करा :** setu@lokmat.com

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे व्यापारचिन्ह आहे.

हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव

रिश्तों का खून

पुणे के युवा उद्यमी केतन अग्रवाल के साथ बेवफाई और कत्ल का जो जघन्य मामला सामने आया है, उसने सबको झकझोर कर रख दिया है। उनकी उम्र महज 25 वर्ष थी और वह बीते महीनों से अपनी शादी की तैयारी में लगे थे, उनकी 20 वर्षीया मंगेतर भी तैयारियों का दिखावा कर रही थी। इस होने वाली दुल्हन ने बनते रिश्ते का ही नहीं, बल्कि होने वाले दूल्हे की जिंदगी का भी अंत कर दिया। किसी अवांछित या अप्रिय रिश्ते से बचने के दूसरे भी उपाय हो सकते हैं, पर सीधे हत्या कर देना सांविधानिक, सामाजिक और धार्मिक रूप से सरासर गलत है। यहां प्रेम विवाह नहीं, एक पारंपरिक विवाह की तैयारी थी, जहां सर्वाधिक दोष लड़की के अभिभावकों का है, जिन्होंने अपनी बेटी पर यह रिश्ता लादा। अभिभावक यदि सजग रहते, तो यह नौबत नहीं आती। बच्चे बुरी संगत में बिगड़ रहे हैं या अच्छी संगत में आगे बढ़ रहे हैं, क्या यह अभिभावकों की चिंता का विषय नहीं होना चाहिए? अपने बच्चों को पूरी आजादी दे रहे अभिभावकों को अपना थोड़ा-सा कीमती वक्त उन्हें जानने-समझने के लिए जरूर खर्च करना चाहिए।

ऐसे अपराधों के प्रति लोक ही नहीं, तंत्र को भी सजग होना पड़ेगा। बीते वर्ष के ही दो चर्चित मामले हैं। मेरठ के मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ राजपूत को उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने बेरहमी से काटकर नीले ड्रम में चुनवा दिया, तो इंदौर के राजा रघुवंशी को उसकी नई-नवेली पत्नी मारने के लिए मेघालय ले गई। हमें गौर करना चाहिए कि क्या इन दो मामलों में न्याय का चक्र पूरा हो चुका है? क्या लोगों तक न्याय का संदेश स्पष्टता के साथ पहुंच चुका है? कहीं न कहीं, कानून ऐसे जघन्य अपराधों का मुंहतोड़ जवाब देने में चूक जा रहा है। जिस समाज में इंसाफ की आवाज पुरजोर सुनाई पड़ती है, उसी समाज में अपराधों पर अंकुश रहता है। अब सवाल खड़ा होता है कि पुणे के युवा उद्यमी केतन अग्रवाल को कब तक न्याय मिलेगा? कानून-व्यवस्था कब मिसाल पेश करेगी? हमें यह समझना होगा कि ऐसे अपराध होने से पूर्व कुछ संकेत अवश्य मिलते हैं, इन मामलों में भी कई संकेत स्पष्ट थे, पर परिवारों व समाजों में दिल की दूरियां बढ़ रही हैं और दिखावा तेजी से बढ़ रहा है। पुणे के इस मामले में भी सभी दिखावे में लगे थे। सगाई का जश्न था, फोटो शूट की वैश्विक योजनाएं थीं, फेरों की आलीशान तैयारियां थीं, लेकिन अंदर से सब कुछ खोखला साबित हुआ। दिखावे के ऐसे दर्पण में सभी को अपना चेहरा जरूर परखना चाहिए। हमारी खुद की हकीकत हमारे हाथों से कहीं फिसल तो नहीं गई है?

पुणे के उद्यमी केतन अग्रवाल की हत्या से कई सवाल खड़े हुए हैं। किसी अप्रिय रिश्ते से बचने के अनेक सभ्य उपाय हो सकते हैं, जिन्हें जरूर आजमाना चाहिए।

पति-पत्नी के बीच हिंसा के प्रति हमें ज्यादा मानवीय होना पड़ेगा। हालात और आंकड़े किसी भी संवेदनशील इंसान को रुला सकते हैं। ध्यान रहे, हर बार पत्नी ही बेवफा नहीं होती। आंकड़े बताते हैं, पति द्वारा पत्नी हत्या के प्रतिवर्ष करीब 7,000 मामले सामने आते हैं, जबकि पत्नी द्वारा पति की हत्या के करीब 300 मामले दर्ज होते हैं। अतः रिश्तों में बढ़ती बेवफाई को समग्रता में देखना पड़ेगा। आधुनिक समाज की एक बुनियाद है मुखरता, लेकिन मुखरता में ऐसी समझदारी होनी चाहिए कि हिंसा के लिए रत्ती भर भी जगह न बन पाए। जब कोई रिश्ता चलाने लायक न रहे, तो हिंसा करने से बेहतर है- फिर से अजनबी हो जाना। साहिर लुधियानवी के एक प्रसिद्ध फिल्मी गीत की पंक्तियां हैं– *वो अफसाना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन। उसे इक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा।* वाकई, आज हमारे समाज में हर तरह की बदसूरती झेलती इंसानियत को खूबसूरत मोड़ों की तलाश है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले
25 जून, 1951

शान्ति-प्रस्ताव

कोरिया के युद्ध को, संयुक्त राष्ट्रीय शब्दों में दक्षिणी कोरिया पर उत्तरी कोरिया के आक्रमण को आज पूरा एक वर्ष हो गया। इस बीच कितने ही निरपराध व्यक्तियों को अपने प्राण से हाथ धोना पड़ा, कितने लुंज-पुंज तथा गृहहीन हो गये, कितने भव्य भवन धराशायी हुए, कितने अस्पताल व शिक्षालय बमवर्षा तथा गोलाबारी से नष्ट-भ्रष्ट हुए और कितने उद्योग-धंधे नेस्तनाबूद हो गये, इसका आकलन आज कौन कर सकता है?

प्रश्न उठता है और वह बहुत स्वाभाविक है कि, कोरिया का युद्ध किसलिए लड़ा जा रहा है? साम्यवादी कहेंगे कि कोरिया की एकता तथा स्वतन्त्रता के लिए और यदि अमरीका तथा उसके साथियों से पूछेंगे तो वे भी ठीक इन्हीं शब्दों को अपने उत्तर में दुहरायेंगे। जब उद्देश्य एक ही है तो फिर इतना रक्तपात और विनाश क्यों? क्या मानव बुद्धि पशुता तथा बर्बरता से इस प्रकार अभिभूत हो गई है कि किसी समस्या को हल करने के लिए युद्ध के अतिरिक्त उसे और कोई साधन सूझता ही नहीं? यह तो सात समुद्र पार बसने वाला एक साधारण बुद्धि का व्यक्ति भी समझ सकता है कि जब उत्तरी व दक्षिणी कोरिया के निवासियों में रंग-रूप, वर्ण, जाति, खान-पान, रीति-रिवाज आदि का कोई अन्तर नहीं, तो फिर दक्षिणी कोरिया व उत्तरी कोरिया का प्रश्न ही नहीं उठना चाहिए। 38वें अक्षांश पर कोरिया का विभाजन ऐसा ही है जैसा कि शरीर का धड़ व सिर के रूप में विभाजन।

मूल कठिनाई यह है कि युद्ध में संलग्न दोनों पक्ष इस तथ्य को विस्मरण कर देते हैं कि जब कोरिया ही रणचन्डी के नृत्य से धूल धूसरित हो जायेगा और अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहाने के लिए कोरियावासी भी न रहेंगे, तब कोई भी पक्ष विजयी हो, इसका क्या असर पड़ेगा? महाभारत के युद्ध के पश्चात् कौरवों व पाण्डवों की जो दशा हुई, वह इतिहास में अमिट है। यदि दीर्घकाल तक कोरिया लहूलुहान होता रहा तो एक दिन वह जाएगा, जब उसके मृत शरीर में किसी प्रकार प्राण नहीं फूंका जा सकेगा। इसी भयावह भविष्य की कल्पना कर भारत ने यथासाध्य युद्ध-विराम के लिए प्रयत्न किया, किन्तु वह कृतकार्य न हुआ।

आज पुनः एक ऐसा प्रस्ताव सामने आया है, जो शांति-प्रयास के लिए नवीन अवसर प्रदन करता है।

सामूहिक लापरवाही के ये हादसे

अग्नि-सुरक्षा सिर्फ फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। देश के हर नागरिक, कर्मचारी व संस्थान को पता होना चाहिए कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना है।

यहां स्कैन करें

अशोक कुमार | पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड

लखनऊ के अलीगंज इलाके में घटी भीषण आग की घटना, जिसमें पंद्रह युवाओं की जान चली गई, केवल स्थानीय दुर्घटना नहीं है। यह पूरे देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है। दिल्ली, मुजफ्फरपुर और दूसरे शहरों के हालिया अग्निकांडों के बाद हुई यह त्रासदी हमें याद दिलाती है कि देश में शहरी विकास जिस गति से हो रहा है, उस अनुपात में आग से सुरक्षा की व्यवस्था मजबूत नहीं हो पाई है। आज देश में ऊंची-ऊंची इमारतें बन रही हैं; बड़े-बड़े मॉल, कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल और आवासीय टावर तेजी से बन रहे हैं, पर आग से निपटने की तैयारी कई जगह दशकों पुरानी समझ पर चल रही है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि भारत में आग की घटनाएं बार-बार बड़ी त्रासदी में क्यों बदल रही हैं? इसका उत्तर कई स्तरों की विफलताओं में छिपा है। शॉर्ट सर्किट, खराब रखरखाव, भवनों के नक्शे में अवैध बदलाव, अवरुद्ध आपातकालीन निकास, क्षमता से अधिक भीड़, धुआं प्रबंधन की कमी और निकासी योजना का अभाव- ये सब आग को घातक बना देते हैं। हर अग्निकांड में केवल लपटें जान नहीं लेतीं; अधिकांश मौत धुएं से दम घुटने, घबराहट और समय पर बाहर न निकल पाने से होती हैं। यदि भवन में प्रभावी फायर अलार्म, सुरक्षित निकास, धुआं नियंत्रण की व्यवस्था और प्रशिक्षित कर्मचारी न हों, तो छोटी आग भी कुछ ही मिनटों में बड़ी जनहानि में बदल सकती है।

यह नई समस्या नहीं है। 13 जून, 1997 को हुए उपहार सिनेमा अग्निकांड से लेकर आज तक तक, आग लगने की लगभग हर बड़ी घटना में एक समान पैटर्न दिखाई देता है- नियमों का उल्लंघन, चेतावनियों की अनेदखी, निरीक्षण की महज औपचारिकता। कार्रवाई तब होती है, जब जानें जा चुकी होती हैं। आज ज्यादातर जगहों पर अग्नि सुरक्षा का अर्थ केवल 'अनापत्ति प्रमाणपत्र', यानी एनओसी प्राप्त कर लेना रह गया है। भवन में प्रमाणपत्र लगा है, इसलिए मान

लिया जाता है कि सुरक्षा भी सुनिश्चित है, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। एनओसी किसी भवन की सुरक्षा का अंतिम प्रमाण नहीं, बल्कि न्यूनतम अनुपालन का एक चरण मात्र होना चाहिए। दुर्भाग्य से व्यवहार में इसे ही सुरक्षा का पर्याय बना दिया गया है। यही वह सोच है, जिसे बदलना होगा।

इस व्यवस्था में लापरवाही केवल एक पक्ष की नहीं है। भवन मालिक, बिल्डर, संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान कई बार नियमों से बचने के रास्ते खोजते हैं। जैसा कि मैंने पहले संकेत किया है, स्वीकृत क्षमता से अधिक लोगों को भवन में रखा जाता है, अनुमति मिलने के बाद संरचना में बदलाव कर दिए जाते हैं, निकासी के मार्गों को भी घेर लिया जाता है और सुरक्षा उपकरणों का रखरखाव नहीं किया जाता। दूसरी ओर, विकास प्राधिकरण, नगर निकाय और अग्नि सुरक्षा विभाग के स्तर पर भी निरीक्षण और प्रमाणन अपेक्षित गंभीरता से नहीं किए जाते। कहीं निरीक्षण कार्य कागजी हो जाते हैं, कहीं सिफारिश पर निर्णय लिए जाते हैं, तो कहीं भ्रष्टाचार भी एक बड़ा मुद्दा होता है।

एक और गंभीर समस्या यह है कि इन भवनों में मौजूद लोगों की तैयारी और जानकारी न के बराबर है। स्कूलों, कॉलेजों, मॉल, अस्पतालों, होटलों और कार्यालयों में अग्निशामक यंत्र, होज रील, अलार्म व अन्य उपकरण अक्सर केवल इसलिए लगे होते हैं, क्योंकि नियम ऐसा कहते हैं। वास्तविक आपात स्थिति आने पर बहुत कम लोगों को पता होता है कि उनका उपयोग कैसे करना है। उपकरण मौजूद होते हैं, प्रशिक्षण नहीं होता।

अग्नि-सुरक्षा सिर्फ फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। हरेक नागरिक, कर्मचारी और संस्थान को यह पता होना चाहिए कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना है, निकासी का रास्ता कौन-सा है और शुरुआती स्तर पर अग्निशमन उपकरण कैसे चलाए जाते हैं। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मॉल और आवासीय सोसायटियों में नियमित तौर पर फायर ड्रिल अनिवार्य होनी चाहिए। किसी भी आग की घटना में शुरुआती कुछ मिनट वहां मौजूद लोगों के ही होते हैं। उनकी तैयारी ही तय करती है कि जानें बचेंगी या नहीं। आपातकालीन प्रतिक्रिया की बड़ी समस्या परिचालन स्थान की कमी है। आधुनिक अग्निशमन वाहनों और उपकरणों को इमारत तक पहुंचने के लिए निर्बाध मार्ग और पर्याप्त खुला क्षेत्र चाहिए होता है। वास्तविकता यह है कि हमारे शहरों में ऐसी सड़कें अक्सर अतिक्रमण का शिकार मिलती हैं। सामान्य दिनों में तो यह मामूली लगता है, पर आग लगने, भूकंप आदि में ये बाधाएं बचाव कार्य को धीमा कर नुकसान बढ़ा देती हैं।

भारत को एक बड़ी चुनौती स्वीकार करना होगी। हमारे शहर ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं, पर अग्निशमन क्षमता उसी गति से विकसित नहीं हो रही। बहुमंजिला भवनों में लगी आग से निपटने के लिए विशेष उपकरण, एरियल प्लेटफॉर्म जैसे ड्रोन, उन्नत रेस्क्यू सिस्टम, धुआं प्रबंधन तकनीक और उच्च प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता है। आगे का रास्ता कठिन नहीं है, बशर्ते इच्छाशक्ति हो। अग्नि-सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा व सख्ती से उनका पालन आवश्यक है। भवनों की नियमित सुरक्षा जांच होनी चाहिए और उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसी तरह, क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी, अवरुद्ध निकास और अनधिकृत ढांचागत बदलाव पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपराधिक दायित्व स्पष्ट रूप से तय होना चाहिए। जहां मानवीय लापरवाही के कारण जान-माल की बड़ी हानि होने लगी है, वहां जिम्मेदारी केवल जांच समितियों और रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। लाइसेंस रद्द करना, दोषी बिल्डरों को काली सूची में डालना, जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने के साथ आवश्यक होने पर आपराधिक मुकदमा चलाना, यह सब सामान्य व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए, अपवाद नहीं। लखनऊ की त्रासदी स्पष्ट संकेत दे रही है कि अब अगली दुर्घटना का इंतजार करने का समय नहीं है। भारत का शहरी भविष्य केवल ऊंची इमारतों पर नहीं, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि वे सुरक्षित भी हों।

अग्नि-सुरक्षा को किसी नियामकीय औपचारिकता, कागजी आवश्यकता या प्रशासनिक असुविधा की तरह नहीं देखा जा सकता। इसे जन-सुरक्षा नीति के एक बुनियादी स्तंभ के रूप में स्वीकार करना होगा। यदि हमने अब भी गंभीरता नहीं दिखाई, तो भविष्य की तमाम त्रासदियां दुर्घटनाएं नहीं मानी जाएंगी, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का ही परिणाम कहलाएंगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बीते छह वर्षों में नई शिक्षा नीति ने कितनी दूरी तय की

यहां स्कैन करें

एम अफशार आलम | पूर्व कुलपति, जामिया हमदर्द

भारत सरकार ने जब राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 प्रस्तुत की थी, तब इसे देश की शिक्षा-व्यवस्था में 34 वर्षों बाद किया गया पहला व्यापक सुधार बताया गया था। बीते वर्षों में इसके कार्यान्वयन के दौरान यह नीति केवल एक दृष्टि या घोषणा भर नहीं रह गई, बल्कि कार्यान्वयन के अधिक चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली चरण में प्रवेश कर चुकी है।

भारत की पिछली शिक्षा नीति वर्ष 1986 में बनाई गई थी और साल 1992 में उसमें संशोधन किया गया था। उस समय न इंटरनेट था, न कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) थी और न ही वे जनसांख्यिकीय व आर्थिक चुनौतियां थीं, जो आज हमारे सामने हैं। एनईपी- 2020 का उद्देश्य इसी विसंगति को दूर करना है। इसने कठोर और सीमित शैक्षणिक संरचना के स्थान पर बहुविषयक, लचीली और परिणामोन्मुख शिक्षा की अवधारणा प्रस्तुत की है। यह दृष्टिकोण उच्च शिक्षा को केवल विशेषज्ञ तैयार करने वाली प्रणाली नहीं मानता, बल्कि जीवन भर सीखने वाले और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल सकने वाले नागरिकों के निर्माण का आधार मानता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य विसंगति को दूर करना है। इसने लचीली और परिणामोन्मुख शिक्षा की अवधारणा प्रस्तुत की है।

जो विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल एक विषय तक सीमित रखते थे, अब उन्हें विभिन्न विषयों में क्रेडिट-आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने पड़ रहे हैं। मसलन, जामिया हमदर्द में बहुविषयक और कौशल-आधारित शिक्षा को विश्वविद्यालय की पारंपरिक- फार्मेसी, यूनानी चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के साथ समन्वित किया गया है। इस अनुभव ने यह स्पष्ट किया कि एनईपी-2020 संस्थानों की मौजूदा विशेषताओं को नए शैक्षणिक ढांचे के साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करती है।

नई शिक्षा नीति की सबसे महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं में से एक मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहन देना है, विशेषकर प्रारंभिक स्तर पर और फिर क्रमशः उच्च शिक्षा में। यह केवल भाषायी विरासत का सम्मान नहीं है, बल्कि शिक्षा तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने का व्यावहारिक उपाय है। हमारे अनेक विद्यार्थी अपनी क्षमता के कारण नहीं, बल्कि भाषा संबंधी बाधाओं के कारण पीछे रह जाते हैं। इसलिए मातृभाषा आधारित शिक्षा ज्ञान तक पहुंच को अधिक लोकतांत्रिक बनाती है। *दीक्षा* और *स्वयम* जैसे डिजिटल मंचों ने इस दिशा में अहम भूमिका निभाई है।

नई शिक्षा नीति का एक महत्वपूर्ण, पर अपेक्षाकृत कम चर्चित पहलू यह है कि यह व्यावसायिक और कौशल-आधारित शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा का अभिन्न अंग मानती है। नीति यह स्वीकार करती है कि यदि उच्च शिक्षा केवल डिग्रीधारी युवाओं का निर्माण करती रहे और उन्हें रोजगारपरक कौशल न प्रदान करे, तो हमें अपनी जनसांख्यिकीय क्षमता का पूरा लाभ नहीं मिल सकेगा। जाहिर है, इतने व्यापक स्तर के सुधार के साथ चुनौतियां जुड़ी ही होती हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की परीक्षाओं, खासकर नीट-यूजी को लेकर हाल के वर्षों में प्रश्न उठे हैं। इन परिस्थितियों ने निस्संदेह पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा प्रणाली में सुधार की जरूरत को रेखांकित किया है।

भारत के विश्वविद्यालय यूजीसी, एनएमसी, एआईटीसी, एफसीआई और बार काउंसिल जैसी संस्थाओं के अधीन कार्य करते हैं। एनईपी- 2020 ने इन सबको समन्वित व सुव्यवस्थित बनाने की परिकल्पना की है। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति, विदेशी डिग्रियों की मान्यता को सरल बनाना तथा विदेशी छात्रों को आकर्षित करने की पहल इस नीति के प्रमुख आयाम हैं। आगे की प्रक्रिया में तीन प्राथमिकताओं- छोटे और क्षेत्रीय संस्थानों के लिए आवश्यक डिजिटल एवं प्रशासनिक अवसंरचना का निर्माण, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लोगों की विश्वास बहाली तथा भाषा और कौशल संबंधी प्रावधानों को जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर ध्यान देना होगा।

यदि इन लक्ष्यों को इसी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाया जाता रहा, जिसके साथ इसकी कल्पना की गई और प्रारंभिक क्रियान्वयन किया गया, तो एनईपी- 2020 को उस ऐतिहासिक मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से भारतीय उच्च शिक्षा वास्तव में भविष्य के लिए होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

ज्ञानी होने के गुण

समता एक ज्ञानी का सच्चा लक्षण है। समता शब्द ही भेद के अस्तित्व को सूचित करता है। सब भेदों में ज्ञानी एकता देखता है, जिसे मैं समता कहता हूं। समता का अर्थ भेदों का अज्ञान नहीं है। जब आपको ज्ञान होता है, तब आप देखते हैं कि ये भेद केवल बाहरी दिखावा हैं; वे नित्य नहीं हैं। इन सब बाह्य भेदों में जो अभिन्न तत्व है, वह सत्य है, जिसे मैं एकत्व कहता हूं।



यह सही है कि ज्ञानी ध्वनि, स्वाद, रूप, गंध इत्यादि भेदों का अनुभव करता है, लेकिन उन सब में वह हमेशा उस एक को देखता व अनुभव करता है। इसी कारण उसे कुछ पसंद या नापसंद नहीं होता। वह घूमता है, बात करता है और कर्म करता है, तो यह सब उसी एक सत्य में स्थित रहकर करता है। उसकी दृष्टि में उस एक परम सत्य से अलग कुछ भी नहीं है।

पतंजलि के *योगसूत्र* में कहा गया है, मैत्री, करुणा, मुदिता, क्षमा जैसे भाव ज्ञानी के स्वभाव बन जाते हैं। भले लोगों के प्रति स्नेह, दुखी और असहाय लोगों के प्रति करुणा, अच्छे काम करने में सुख का अनुभव, दुष्टों के प्रति क्षमा-भाव, ये सब ज्ञानी व्यक्ति के स्वाभाविक लक्षण हैं। वे किसी भी अवस्था या हालात में समान रहते हैं, क्योंकि वे सत्य को जानते हैं। वे अपनी सारी क्रियाओं में केवल दूसरों के लिए उद्युक्त (तत्पर) होते हैं। कोई काम वे अपने लिए नहीं करते। मैंने आपसे कई बार कहा है कि जैसे कुछ लोग शुल्क लेकर दूसरों के लिए शोक प्रदर्शनार्थ रोते हैं, यही उनका व्यवसाय है, उसी तरह ज्ञानी संसारासक्त जीवों के लिए काम करते हैं, किंतु स्वयं अनासक्त और अप्रभावित रहते हैं।

ज्ञानी लोग गाने वालों के साथ ताल मिलाते हैं, रोने वालों के साथ रोते हैं, हंसने वालों के साथ हंसते हैं, खेलने वालों के साथ खेलते हैं। उनका क्या नुकसान है? उनकी स्थिति शुद्ध दर्पण जैसी होती है। जैसे दर्पण बिंब को ठीक वह जैसा होता है, वैसा ही प्रतिबिंबित करता है। वह लिप्त नहीं होता, वैसे ही ज्ञानी कर्मों से लिप्त नहीं होते हैं।

दूसरी ओर जो लोग जगत में कार्यरत हैं तथा सभी प्रकार के कर्म करते रहते हैं, उन अज्ञानियों को यह अवश्य निश्चित करना पड़ता है कि कौन सा गाना गाया जाए, कौन से कर्म शास्त्रसम्मत, व्यवहार्य और जगत के हित में है।

ज्ञानी महात्मा के चारों ओर के वातावरण में शांति का अनुभव होता है। वही एक साधन है, जिससे कोई भी साधक किसी महात्मा की महानता को जान सकता है।

ज्ञानी की अवस्था केवल ज्ञानी ही जान सकता है। ज्ञानी को समझने के लिए स्वयं हमें ज्ञानी बनना चाहिए। ज्ञानी महात्मा के चारों ओर वातावरण में शांति का अनुभव होता है। वही एक साधन है, जिससे कोई साधक किसी महात्मा की महानता को जान सकता है। उसकी वाणी, कार्य तथा बाह्य रूप उसकी महानता के चिह्न नहीं हैं, क्योंकि वह साधारण लोगों की समझ से परे है।

रमण महर्षि

दलाई लामा | बौद्ध धर्मगुरु

अंदर की सुंदरता ही असली सुंदरता है। क्या बाहरी चीज किसी को सुंदर बना सकती है? शारीरिक सुंदरता जल्द फीकी पड़ जाती है, मगर सौहार्द, करुणा और प्रेमपूर्ण दया से उपजी सुंदरता अमिट है।

अनुलोम-विलोम
बदले की राजनीति

प्रतिशोध की यह प्रवृत्ति रुकनी चाहिए

पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर नगर पंचायत के चेयरमैन और टीएमसी नेता की लोगों ने जूते की माला पहनाकर परेड करवा दी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह लोगों के सामने उठक-बैठक कर रहे हैं। लोगों ने उन पर टमाटर और अंडे भी फेंके। बीते दिनों बाहुबली माने जाने वाले टीएमसी नेता जहांगीर खान का कान पकड़े हुए वीडियो सामने आया था। इस तरह की वारदात बदले की राजनीति का उदाहरण है। पश्चिम बंगाल में यह सब लंबे समय से चल रहा है। यह राजनीतिक संस्कृति प्रतिशोध की प्रवृत्ति पर आधारित है, जो एक सभ्य समाज के लिए बहुत ही गलत परंपरा है। यद्यपि राष्ट्रीय स्तर पर जनता पार्टी के समय से ऐसी कार्रवाई शुरू हुई थी, जब केंद्र में बनी इसकी सरकार ने आठ राज्यों की कांग्रेस सरकार को एक साथ बर्खास्त कर दिया। इसी समय केंद्र सरकार में गृह मंत्री चौधरी चरण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल में डालने की जिद पाल ली थी। इसके बाद जनवरी 1980 में केंद्र में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने के तुरंत बाद फरवरी 1980 में नौ विपक्षी राज्य सरकारों को बर्खास्त कर दिया गया था। यह प्रवृत्ति कई बार दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में भी देखने को मिली, जब पूर्व मुख्यमंत्रियों जयललिता और करुणानिधि के बीच की आपसी प्रतिद्वंद्विता निजी प्रतिशोध के स्तर पर उतर आई थी। हालांकि केंद्र के स्तर पर या तमिलनाडु में सुधार बहुत जल्दी देखने को मिला और इन चंद घटनाओं के बाद प्रतिशोध की राजनीति 2019 तक बड़े पैमाने पर नहीं देखी गई।

पश्चिम बंगाल में दशकों से सत्ता परिवर्तन के बाद अक्सर हिंसा, प्रतिशोध व विरोधियों के दमन का चक्र देखने को मिलता है। दशकों के वामपंथी शासन से लेकर तृणमूल कांग्रेस और हालिया सत्ता बदलाव तक, यह राज्य की राजनीतिक संस्कृति का एक अहम पहलू बन गया है। बंगाल में चुनावों के दौरान और बाद में होने वाली हिंसक झड़पें, आगजनी और हत्याएं बहुत आम रही हैं। इसमें सत्ताधारी दल द्वारा विपक्षी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जाता है, उनके घरों/ कार्यालयों में तोड़फोड़ करना और उन्हें डराने-धमकाने का सिलसिला जारी रहा है। हालिया सत्ता-संघर्ष के दौरान भी विभिन्न दलों के नेताओं (जैसे अभिषेक बनर्जी) पर हुए हमलों को राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा जा सकता है। यह सच भी रहा है कि सत्ता में बैठी पार्टी पुलिस और प्रशासनिक तंत्र का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करती है।

देश का लोकतांत्रिक चरित्र बना रहे, उसे एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में देखा जाए, इसके लिए जरूरी है कि इस तरह की अपसंस्कृति पर तत्काल रोक लगे।

हिमांशु कुमार, टिप्पणीकार

जो बोया, वही काट रहे तृणमूल के नेता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ जनता के आक्रोश को भाजपा की बदले की राजनीति बताना सही नहीं है। सच यही है कि पिछले पंद्रह वर्षों में ममता सरकार के दौरान विरोधी रुख रखने वाले आम लोगों को काफी परेशान किया गया। ममता सरकार के पहले कार्यकाल में वामपंथी कार्यकर्ता तृणमूल कांग्रेस के उत्पाती कार्यकर्ताओं के निशाना बने। उन्हें इतना प्रताड़ित किया गया कि या तो वे तृणमूल में शामिल हो गए या फिर भाजपा में चले गए। दूसरे कार्यकाल में ममता बनर्जी की सरकार इतनी अहंकार में आ गई कि उसने उस कांग्रेस को भी नहीं बख्शा, जिससे टूटकर वह वजूद में आई। ममता बनर्जी ने एक-एक करके कांग्रेस के सभी नेताओं को तृणमूल में शामिल होने के लिए बाध्य कर दिया। उसके दफ्तरों पर तृणमूल के लफंगों ने कब्जा कर लिया। केंद्र में भाजपा सरकार ने इस सबके विरुद्ध रणनीतिक रूप से आंखें मूंदे रही, ताकि कांग्रेस का समर्थन वर्ग उसकी ओर शिफ्ट हो सके। आलम यह रहा कि 2016 में जिस कांग्रेस के पास बंगाल में 44 विधायक थे, तृणमूल की गंदी राजनीति के कारण साल 2021 में वह संख्या शून्य पर आ गई। इस तरह, दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कांग्रेस को निपटा दिया और इसके लिए तृणमूल ने भीतरखाने भाजपा की मदद भी की।

तीसरे कार्यकाल में भाजपा की मजबूती ने तृणमूल के होश फाख्ता कर दिए। दरअसल, कांग्रेस और वाम मोर्चे के कार्यकर्ताओं को जब यह लग गया कि केंद्र में फिलहाल उनकी वापसी नहीं होने जा रही, तो उन्होंने अपने बचाव के लिए भाजपा का दामन थाम लिया, क्योंकि वही ममता की आक्रामकता का बराबरी से मुकाबला कर सकती थी। अब तृणमूल के नेता-कार्यकर्ता भाजपा के लोगों को निशाना बनाने लगे। पिछले पांच वर्षों में सबने देखा कि कैसे एक के बाद दूसरे भाजपा नेताओं पर हमले हुए। कभी भद्र लोगों का राज्य कहे जाने वाले पश्चिम बंगाल में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला किया गया। यहां तक कि सीबीआई, ईडी की टीम को भी इन लोगों ने नहीं बख्शा। इसलिए जब चुनाव आयोग ने चुनाव में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किया, तो जनता ने ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंका। अब भाजपा की सरकार में लोगों का 15 साल से जमा गुस्सा ही तृणमूल नेताओं के खिलाफ निकल रहा है।

बंगाल की घटनाओं का एक राष्ट्रीय सबक है कि बदले की राजनीति से अब कोई पार्टी नहीं बचने वाली। कल तृणमूल ने जो किया, वही आज भाजपायी उसके साथ कर रहे हैं।

रोहित राजवंशी, टिप्पणीकार

विदेश में कब और कैसे करें पढ़ाई

भारत में भी बेहतर शिक्षा के अनेक विकल्प मौजूद हैं। फिर भी फिलहाल 153 देशों में 18 .82 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें करीब 12 .54 लाख उच्च शिक्षा ले रहे हैं। इस राह में बढ़ती फीस, बदलते वीजा नियम और डिग्री की उपयोगिता जैसे सवाल भी हैं, जिनका समाधान बता रहे हैं करियर सलाहकार सोनिक सौरभ

कभी सवाल होता था-विदेश में पढ़ने का मौका मिले तो किस देश जाना चाहिए? आज सवाल बदलकर यह हो गया है किस देश और किस डिग्री पर खर्च किए गए लाखों रुपये भविष्य में बेहतर करियर में बदल पाएंगे? हालिया रिपोर्ट बताती हैं कि विदेश में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में कुछ नरमी भी आई है। बढ़ती फीस, सख्त वीजा नियम और इमिग्रेशन अनिश्चितताओं के कारण कनाडा, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई की मांग प्रभावित हुई है, जबकि ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, आयरलैंड और न्यूजीलैंड जैसे विकल्प तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय छात्र अब विदेश में पढ़ाई को करियर से जुड़े एक निवेश के रूप में देख रहे हैं।

फैसला लेने से पहले

विदेश में पढ़ाई का निर्णय केवल डिग्री या देश पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करता है कि छात्र ने अपने लक्ष्य, कोर्स, खर्च और भविष्य के अवसरों का कितना सही आकलन किया है। विश्वविद्यालय की रैंकिंग से ही नहीं, बल्कि उपयुक्त कोर्स और संस्थान के चयन से भी सफलता तय होती है। उदाहरण के तौर पर, इंजीनियरिंग के बाद अवकाश सिन्हा ने कंसल्टिंग क्षेत्र में करियर बनाने के लिए ईएससीपी बिजनेस स्कूल, पेरिस से एमबीए किया। अंतरराष्ट्रीय अनुभव और प्रोजेक्ट्स ने उन्हें शुरुआती करियर में बढ़त दी। आज वह गुरुग्राम की एक अंतरराष्ट्रीय कंसल्टिंग फर्म में कार्यरत हैं। अवकाश की तरह अनेक छात्र वैश्विक अनुभव और कौशल लेकर भारत लौटते हैं और यहां उत्कृष्ट करियर बनाते हैं।

कब जाएं विदेश पढ़ाई के लिए : जो छात्र शुरू से ही विदेशी शिक्षा प्रणाली, शोध संस्कृति और वैश्विक माहौल का अनुभव लेना चाहते हैं, उनके लिए 12वीं के बाद विदेश जाना अच्छा विकल्प हो सकता है। हालांकि, इस रास्ते में पढ़ाई और रहने का खर्च अपेक्षाकृत अधिक होता है। वहीं, बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भारत से स्नातक करने के बाद विदेश में मास्टर डिग्री करना पसंद करते हैं। इससे कम लागत में बुनियादी शिक्षा पूरी हो जाती है और छात्र अपनी पसंद तथा करियर लक्ष्य को बेहतर ढंग से समझकर विशेषज्ञता के लिए सही कोर्स और विश्वविद्यालय चुन पाते हैं।

छात्रवृत्ति और शिक्षा ऋण : जर्मनी की डिएएडी, ब्रिटेन की चेवनिंग, अमेरिका की फुलब्राइट, यूरोप की इरास्मस मुंडस और ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड्स जैसी कई छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। शिक्षा ऋण भी एक विकल्प हो सकता है। ऋण लेने से पहले यह आकलन करना चाहिए कि चयनित कोर्स में नौकरी की संभावनाएं और आय कितनी हो सकती है एवं कर्ज चुकाने में कितना समय लगेगा।

कौन-सी प्रवेश परीक्षाएं जरूरी : अधिकांश देशों में अंग्रेजी दक्षता साबित करने के लिए आईईएलटीएस, टोफेल, पीटीई अकादमिक और डुओलिंगो इंग्लिश टेस्ट स्वीकार किए जाते हैं। अमेरिका के कुछ मास्टर कार्यक्रमों में जीआरई और एमबीए के लिए जीमैट की आवश्यकता पड़ सकती है, जबकि स्नातक स्तर पर कुछ विश्वविद्यालय एसएटी या एसीटी स्कोर भी मांगते हैं। हालांकि कई संस्थानों ने इन्हें वैकल्पिक बनाया है।

प्रवेश सत्र को समझें : आमतौर पर तीन प्रमुख प्रवेश सत्र होते हैं- फॉल (सितंबर), स्प्रिंग (जनवरी) व समर (मई-जून)। फॉल इन्टेक सबसे लोकप्रिय माना जाता है, क्योंकि इस दौरान सबसे अधिक कोर्स, सीटें, छात्रवृत्तियां और इंटर्नशिप के अवसर मिलते हैं। स्प्रिंग इन्टेक उन छात्रों के लिए बेहतर है, जिन्हें तैयारी या दस्तावेजों के लिए अतिरिक्त समय चाहिए। समर इन्टेक सीमित विश्वविद्यालयों और कोर्स में उपलब्ध होता है। विशेषज्ञ आमतौर पर फॉल इन्टेक को प्राथमिकता देने की सलाह देते हैं, क्योंकि इसमें विकल्प और अवसर अधिक होते हैं। भारतीय छात्रों के लिए यह सबसे सुविधाजनक माना जाता है, क्योंकि इसमें विकल्प और अवसर सबसे ज्यादा होते हैं।

जाने की तैयारी कब शुरू : विदेश में पढ़ाई की तैयारी 9 से 12 महीने पहले शुरू कर देनी चाहिए। सबसे पहले देश, कोर्स और विश्वविद्यालय का चयन करें। इसके बाद आईईएलटीएस, टोफेल, जीआरई या जीमैट जैसी परीक्षाओं और एसओपी, एलओआर समेत जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करें। समय पर योजना बनाने से बेहतर विश्वविद्यालय, छात्रवृत्ति और अधिक विकल्प मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

विश्वविद्यालय का चयन कैसे ?

विश्वविद्यालय चुनते समय केवल रैंकिंग या नाम न देखें, बल्कि यह भी देखें कि वह आपके चुने हुए विषय के लिए कितना उपयुक्त है। उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगार रिकॉर्ड और उद्योग से जुड़ाव कैसा है। डिग्री की भारत में मान्यता, ट्यूशन फीस व रहने का कुल खर्च, पोस्ट-स्टडी वर्क वीजा, अवसर, नेटवर्क, कैंपस सुरक्षा और पूर्व छात्रों के करियर रिकॉर्ड पर भी ध्यान दें। कई बार कम चर्चित विश्वविद्यालय भी किसी विशेष क्षेत्र में बेहतर शिक्षा और करियर अवसर देते हैं।

विदेश में पढ़ाई: सालाना लागत कितनी ?

जर्मनी	ब्रिटेन	ऑस्ट्रेलिया	अमेरिका
10-15 लाख रुपये	25-50 लाख रुपये	25-45 लाख रुपये	35-70 लाख रुपये

(वास्तविक खर्च विश्वविद्यालय, कोर्स और शहर के अनुसार अलग-अलग)

कौन-से कोर्स भविष्य में देंगे बेहतर अवसर

आज रोजगार बाजार में केवल डिग्री ही मायने नहीं रखती। विदेश में कोर्स चुनते समय बदलती तकनीक, व्यावहारिक कौशल व उद्योग की भावी जरूरतें समझना भी जरूरी है।

तकनीक सबसे बड़ा अवसर क्षेत्र : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में आने वाले वर्षों में रोजगार के बड़े अवसर बनने की उम्मीद है।

हेल्थकेयर की बढ़ती मांग : नर्सिंग, पब्लिक हेल्थ, हेल्थकेयर मैनेजमेंट, बायोटेक्नोलॉजी और फार्मास्यूटिकल साइंसेज जैसे कोर्स कई देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

बिजनेस की बदलती दुनिया : बिजनेस एनालिटिक्स, फिनटेक, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है।

कई विषयों की समझ देगी बढ़त : कंप्यूटर साइंस के साथ बिजनेस एनालिटिक्स, डाटा साइंस के साथ फाइनेंस या बायोलॉजी के साथ एआई जैसे विषयों का संयोजन छात्रों को नए अवसर और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दे सकते हैं।

किस कोर्स के लिए कौन-सा देश?

- **जर्मनी :** इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स और मैन्युफैक्चरिंग।
- **अमेरिका :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर साइंस, शोध, बायोटेक्नोलॉजी और उद्यमिता।
- **ब्रिटेन :** फाइनेंस, कानून, प्रबंधन, मीडिया और सार्वजनिक नीति।
- **ऑस्ट्रेलिया :** नर्सिंग, हेल्थकेयर, आईटी, इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान।
- **आयरलैंड :** डाटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग और फार्मास्यूटिकल साइंसेज।
- **नीदरलैंड्स और नॉर्डिक देश :** सस्टेनेबिलिटी, डिजाइन, ग्रीन टेक्नोलॉजी और नवाचार आधारित कार्यक्रम।

जॉब/करियर

- भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित।
कुल पद : 1500
अंतिम तिथि : 08 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट, sbi.co.in

- दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड में टीजीटी, लिफ्ट ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर आवेदन प्रक्रिया जारी है।
कुल पद : 1979
अंतिम तिथि : 15 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट - dsssb.delhi.gov.in

- नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड में इंजीनियर समेत अन्य पदों पर रिक्तियां हैं।
कुल पद : 175
अंतिम तिथि : 14 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट - nhsrcl.in

- द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में अप्रेंटिस की रिक्तियां भरी जाएंगी। ये भर्तियां विभिन्न राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश के लिए निकाली गई हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
कुल पद : 550
अंतिम तिथि : 06 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट newindia.co.in पर लॉगइन करें।

- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधीन सोसायटी फॉर सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट ऑफ स्टाफ इन सबऑर्डिनेट कोर्ट्स ने हरियाणा के जिला एवं सत्र न्यायालयों में क्लर्क के पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।
कुल पद : 1265
अंतिम तिथि : 09 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : इस वेबसाइट sssc.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

- हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमिशन में ग्रुप-सी के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कुल पद : 1238
अंतिम तिथि : 30 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। बोर्ड की वेबसाइट है- hssc.gov.in

- बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके तहत इलेक्ट्रिशियन आदि पद भरे जाएंगे।
कुल पद : 899
अंतिम तिथि : 04 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया : डाक द्वारा। वेबसाइट है- bro.gov.in

- पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट, चंडीगढ़ में सफाई सेवक एवं माली के रिक्त पदों पर आवेदन किए जा रहे हैं।
कुल पद : 167
अंतिम तिथि : 30 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट है- highcourtchd.gov.in

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

करियर गैप के बाद भी अवसर कम नहीं

एक्सपर्ट टिप्स

डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर



- **मैंने बी.एड. किया है। कुछ कारणों से डेढ़ साल का ब्रेक लेना पड़ा। अब दोबारा करियर शुरू करना चाहती हूं, लेकिन समझ नहीं आ रहा कि आगे क्या करूं? खुद को अपग्रेड कर बेहतर कैसे बनाऊं? मार्गदर्शन करें। -निर्शा शर्मा**

करियर में आया गैप चिंता की बात नहीं है। सबसे जरूरी है कि आप खुद को अपडेट करें और आत्मविश्वास के साथ दोबारा नौकरी की शुरुआत करें। आपके पास बी.एड. की डिग्री है, इसलिए स्कूल, कोचिंग संस्थानों, ऑनलाइन ट्यूशन, एजुकेशनल कंटेंट कंपनियों और एडटेक संस्थानों में नौकरी के अच्छे अवसर हैं। साथ ही, गूगल क्लासरूम, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स, कैनवा, पावरपॉइंट और एआई आधारित शिक्षण टूल्स सीखकर अपने डिजिटल कौशल भी बढ़ाएं, क्योंकि आज के समय में ये बहुत जरूरी हैं। अतिरिक्त योग्यताएं भी हासिल करें।

शिक्षण में रुचि हो तो सीटेट यानी राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, डीएसएसएसबी, केवीएस व एनवीएस जैसी परीक्षाओं की तैयारी करें। एडटेक, करिकुलम डेवलपमेंट, ट्रेनिंग, करियर काउंसलिंग, स्पेशल एजुकेशन एवं एजुकेशनल साइकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में आप अच्छे अवसर तलाश सकती हैं।

कम्युनिकेशन स्किल्स, स्पोकन इंग्लिश और डिजिटल स्किल्स पर काम करें। एआई, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग और एजुकेशनल लीडरशिप से जुड़े सर्टिफिकेट कोर्स आपके प्रोफाइल को मजबूत बनाएंगे। अपना रिज्यूमे अपडेट करें, शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करें और पूरे आत्मविश्वास के साथ नौकरी के लिए आवेदन शुरू करें ।

- **मैं एग्रीटेक और एग्री स्टार्टअप के बारे में जानना चाहती हूं। खासकर हाइड्रोपोनिक्स व एरोपोनिक्स खेती को शुरू करने और अपनाने के तरीकों के बारे में बताएं -मनीषा पांडेय**

भारतीय कृषि में एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डाटा एनालिटिक्स और ड्रोन जैसी तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल से नई एग्रीटेक स्टार्टअप कंपनियां उभर रही हैं। नई तकनीक से खेती की उत्पादकता बढ़ाने, संसाधनों की बचत करने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही हैं। हाइड्रोपोनिक्स और एरोपोनिक्स कृषि क्षेत्र की सबसे उभरती नई खेती प्रणालियों में शामिल हैं। हाइड्रोपोनिक्स में मिट्टी के बिना पानी और पोषक तत्वों की मदद से पौधे उगाए जाते हैं, जबकि एरोपोनिक्स में पौधों को इस तरह उगाया जाता है कि उनकी जड़ें हवा में लटकी रहती हैं और उन पर पोषक तत्वों की बारीक फुहार डाली जाती है। ये दोनों प्रणालियां कम पानी और कम जगह में पूरे साल खेती की सुविधा देती हैं, इसलिए शहरी और जल-संकट वाले क्षेत्रों के लिए उपयोगी हैं।

इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों, कृषि विश्वविद्यालयों और मौजूदा फार्मों से इसकी बुनियादी जानकारी लेनी चाहिए। शुरुआत में छोटे स्तर पर एक पायलट सेटअप बनाकर व्यावहारिक अनुभव हासिल किया जा सकता है। इसके लिए पत्तेदार सब्जियां, जड़ी-बूटियां, स्ट्रॉबेरी, टमाटर, खीरा और शिमला मिर्च जैसी फसलें उपयुक्त मानी जाती हैं, क्योंकि इनकी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है और जल्दी रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। एग्रीटेक उद्यमियों को निवेश, फसल, बाजार और तकनीक को ध्यान में रखकर बिजनेस प्लान बनाना चाहिए। सरकार और कई संस्थान भी नई कृषि परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। कीटनाशक-मुक्त और टिकाऊ खेती की बढ़ती मांग के बीच इस क्षेत्र में अच्छे अवसर उभर रहे हैं।

www.sanjibacharya.com

हिन्दुस्तान क्विज-11

हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...

1. हिंदी फिल्म के कौन से संगीतकार चितलकर नाम से फिल्मो में गाते थे?
2. किस हिन्दुस्तानी गायक द्वारा प्रसिद्ध पॉप ग्रुप 'बनी एम' के गानों का हिंदी रूपांतरण रिकॉर्ड किया था?
3. किस प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी कवि को मैथिली कवि कोकिल के नाम से भी जाना जाता है?
4. सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे शिखर का क्या नाम है?
5. कौन से हिन्दुस्तानी वैज्ञानिक न केवल सीएसआईआर के पहले डायरेक्टर जनरल थे बल्कि यूजीसी के भी पहले अध्यक्ष थे?
6. एकमात्र हिन्दुस्तानी क्रिकेटर, जा 15 वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं?
7. हिंदुस्तान का सबसे प्राचीन सक्रिय बौद्ध मठ कहां है?
8. हिन्दू धर्म में बलराम और सुभद्रा जी की माताजी का क्या नाम था?
9. एक पाकिस्तानी नागरिक को भी हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा पुरस्कार भारत रत्न दिया गया है। कौन हैं वो?

10. वो एक मात्र कौरव कौन था, जिसकी मृत्यु महाभारत के युद्ध में नहीं हुई थी?

उत्तर : 1. सी रामचन्द्र 2. महेंद्र कपूर 3. विद्यापति 4. धूपगढ़ 5. शांति स्वरूप भटनागर 6. मिताली राज 7. ताबो, हिमाचल प्रदेश 8. माता रोहिणी 9. खान अब्दुल गफ्फार खान 10. युयुत्सु

भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें nayiraheincareer@gmail.com

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

वृष : कारोबार में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

मिथुन : वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। वाणी के प्रभाव से रुके हुए कार्य भी पूर्ण होंगे। कारोबार में भागदौड़ से सफल परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क : कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के लिए पिता से धन मिल सकता है। कारोबार के लिए यात्रा से कारोबार में वृद्धि होगी, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।

सिंह : संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार के विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या : शैक्षिक एवं शोध आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन हो सकता है।

तुला : मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में बदलाव के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

वृश्चिक : धैर्यशीलता में कमी रहेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

धनु : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

मकर : मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में लाभ में वृद्धि हो सकती है।

कुंभ : संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

मीन : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक और शोध आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

25 जून, गुरुवार, **शक संवत्**: 04 आषाढ़ (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग**: 11 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 09 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि रात्रि 08.10 मिनट तक पश्चात द्वादशी तिथि स्वाती नक्षत्र सायं 04.29 मिनट तक पश्चात विशाखा नक्षत्र शिव योग प्रात: 10.54 मिनट तक पश्चात सिद्ध योग। चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तर गोल। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे से तक राहुकालम्। निर्जला एकादशी व्रत।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

बहुत मेहनत एवं लागत लगाने के बाद भी यदि फैक्ट्री नहीं चले, तो क्या करें-

- फैक्ट्री उत्तर पूर्व मुखी होना ठीक है। फैक्ट्री का प्लॉट काफी बड़ा हो, फैक्ट्री केवल आगे के हिस्से में लगाई हो, फैक्ट्री का पिछला हिस्सा बिल्कुल खाली हो। फैक्ट्री का ईशान दिशा वाला भाग भारी हो गया हो, दक्षिण पश्चिम दिशा बिल्कुल हल्की और खाली हो गई हो, तो सारी समस्याओं की जड़ निर्माण है, जो वास्तु के नियमों के अनुसार एक बहुत बड़ा दोष है।
- थोड़ा निर्माण पीछे अवश्य करना चाहिए, जो कि भारी भी हो और ऊंचा भी हो।
- आगे की ओर ईशान कोण में कोई अंडरग्राउंड पानी का टैंक बनवाना उचित है।

वर्ग पहेली : 8370



बाएं से दाएं
1. दस्तावेजी सबूत; लिखित प्रमाण; सनद (5)
3. बाद में वापसी के लिए दिया गया धन; ऋण (3)
6. जिसका विस्तार नीचे की ओर अधिक हो; अथाह; गंभीर; जो बहुत चटकीला हो; हलका का विलोम (3)
7. जानकारी देने वाला; ज्ञान देने वाला; समाचारसूचक; सूचना प्रदान करने वाला (5)
9. इज्जत रहना; कुल की मर्यादा रहना; प्रतिष्ठा का बना रहना (2,1,3,3)
12. आविर्भूत होना; उदित होना; उभरना; प्रत्यक्ष नजर आना; समक्ष आना; साकार होना (3,2)
13. आसान; सहज; सरल (3)
15. गणना करने वाला; गणित्र; लेखापाल; ज्योतिषी (3)
16. शीत काल का; शीत काल संबंधी; शीत ऋतु में होने वाला (5)

ऊपर से नीचे
1. प्रयोग करने का स्थान; वह स्थान जहां विज्ञान संबंधी प्रयोग किए जाते हैं (5)
2. मार्ग; रास्ता; राह (2)
4. अनवरत; अविच्छिन रूप से; अविराम गति से बहने वाला; धारा के रूप में बहने वाला (5)
5. पुचकार के साथ प्यार प्रकट करना; लाड़ करना; सांत्वना देना (5)
8. चर्चा होना; चिंतन होना; बातचीत होना; मनन किया जाना; मंत्रणा होना (3,2)
10. जनता का कल्याण; जनता की भलाई; लोकोपकार; लोक कल्याण (2,3)
11. जो कभी न हो सके; जो मुमकिन न हो (5)
14. बसीठ; राजनयिक; प्रतिनिधि; संदेशवाहक (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8369

1 पा	रि	2 वा	रि	क	■	3 बा	■	4 चु
ल	■	ह	■	■	5 इ	त	रा	ना
6 न	वी	न	■	7 आ	■	ब	■	व
हा	■	■	8 ब	ह	क	ना	■	■
9 र	ज	10 क	■	भ	■	11 ना	ति	12 न
■	■	13 श	रा	र	ती	■	■	का
14 ला	■	ल	■	ना	■	15 क	म	रा
16 द	र	गा	ह	■	■	ह	■	त्म
ना	■	ना	■	17 भा	व	वा	च	क

सुडोकू : 8331

*मध्यम

2						6		3
					1	8		
1	8		6		5			
	3	4		2		9		
			3		6			
		1		5		2	3	
			1		2		6	7
		2	8					
4		7						8

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8330

6	8	7	5	2	3	9	1	4
2	4	1	7	6	9	3	5	8
9	3	5	4	8	1	2	7	6
5	7	6	3	1	8	4	9	2
3	2	4	6	9	7	1	8	5
1	9	8	2	5	4	6	3	7
8	6	3	9	7	2	5	4	1
7	5	9	1	4	6	8	2	3
4	1	2	8	3	5	7	6	9

धैर्य के माध्यम से कई लोग उन परिस्थितियों में भी सफल हो जाते हैं, जिनमें एक निश्चित असफलता जान पड़ती है।

– डेल कार्नेगी

आस्था पर चोट

हिंदू समाज में मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं, वहां लोग मानिसक शांति और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। साथ ही वहां स्वेच्छा से धन या अन्य सामग्री दान करते हैं, ताकि उसका इस्तेमाल धार्मिक कार्यों में किया जा सके। श्रद्धालु इस विश्वास के साथ मंदिर में दान करते हैं कि इस राशि को खर्च करते वक्त पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। मगर इस दान राशि में ही अगर हेरफेर होने लगे, तो इसे लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं, तो और क्या कहा जाएगा। मसला जब अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ा हो, तो मामला और भी संवेदनशील एवं गंभीर हो जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष दल (एसआइटी) गठित किया है, जिसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्य सचिव (गृह) को सौंप दी है। खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में दान राशि और कीमती सामान के प्रबंधन में कमियों का जिक्र करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इससे स्पष्ट है कि मंदिर के वित्तीय मामले में कुछ तो हेरफेर हुआ है, जिसकी गहन जांच की जरूरत है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और दान राशि से संबंधित आरोपों की जांच के लिए 13 जून को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था। सरकार का दावा था कि एसआइटी की जांच में 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा। अब एसआइटी ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, मगर उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। जांच दल के अधिकारियों का कहना है कि यह गोपनीय रिपोर्ट है और इसे मीडिया से साझा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अब सरकार के दावों और उसकी मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। अगर जांच के दौरान मंदिर की दान राशि में किसी तरह की गड़बड़ी पाई गई है, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है? जिन श्रद्धालुओं ने राम मंदिर में राशि या कीमती सामान दान किया है, क्या उन्हें यह जानने का हक नहीं है कि उसका इस्तेमाल कहां हुआ? अगर मंदिर के वित्तीय प्रबंधन में किसी तरह का हेरफेर कर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ होता है, तो इसके लिए जवाबदेही किसकी है?

अयोध्या स्थित राम मंदिर में हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं और वहां करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है। ऐसे में दान राशि में गड़बड़ी से इस तीर्थ स्थल की छवि को भी नुकसान पहुंचेगा। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि अमूमन किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच प्रकिया शुरू की जाती है, लेकिन इस मामले में पहले जांच की गई और अब एसआइटी ने प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। विपक्षी दलों का कहना है कि जब तब इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, तब तक कोई भी जांच बिना तीर के कमान जैसी है। ऐसे में एसआइटी न तो किसी आरोपी को पूछताछ के लिए समन भेज सकती है और न ही किसी को गिरफ्तार कर सकती है। इसके अलावा इस बात को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है कि मौजूदा जांच निचले स्तर के कर्मियों पर केंद्रित है, जबकि राम मंदिर में उच्चस्तर पर जिम्मेदारी संभालने वालों को इससे अलग रखा गया है। बहरहाल, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस मामले की निष्पक्ष और गहराई से जांच हो, ताकि सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके।

चुनौतियों की राह

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ती जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के बाद अब वैश्विक रेटिंग एजंसी एसएंडपी ने भी वर्ष 2026-27 में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.6 फीसद रहने का अनुमान जताया है। जबकि वर्ष 2025-26 में यह 7.7 फीसद और उससे पहले 7.1 फीसद थी। इसी की बदौलत भारत की गिनती दुनिया में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में की जा रही थी। इन अनुमानों के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजी वैश्विक अस्थिरता है। इससे पूरी दुनिया में पैदा हुए ऊर्जा संकट का देश की अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक सुस्ती का जोखिम भी सामने है। इसके अलावा अल-नीनो के प्रभाव से देश में मानसून कमजोर रहने की संभावना भी आर्थिक विकास की राह में बाधा उत्पन्न कर सकती है। स्पष्ट है कि चुनौतियां कम नहीं हैं और ऐसे में सरकार को देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए प्रभावी एवं कारगर कदम उठाने होंगे।

गौरतलब है कि पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए संकट का हवाला देकर अपनी रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.6 फीसद रहने का अनुमान जताया था। अब वैश्विक रेटिंग एजंसी एसएंडपी ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। इससे साफ है कि देश की आर्थिक वृद्धि दर सुस्त न पड़े, इसके लिए केंद्र और राज्यों सरकारों को हर मोर्चे पर तैयारी करनी होगी। ऊर्जा संकट से बाहर निकलने के लिए तेल और गैस आयात के नए विकल्पों पर विचार करने के साथ इसके नए स्रोत तलाशने होंगे। भारत इस समय कच्चे तेल की जरूरत का करीब अट्ठासी फीसद हिस्सा आयात करता है। कच्चे तेल की लागत बढ़ने से पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी का बोझ आम लोगों पर बढ़ रहा है। उत्पादन और परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई भी बढ़ रही है। बारिश कम होने और उर्वरकों की कीमतें बढ़ने से कृषि उत्पादन पर भी असर पड़ेगा, नतीजा यह कि खाने-पीने चीजें और महंगी हो सकती है। इन सब परिस्थितियों के बीच अगर अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा, तो आर्थिक वृद्धि दर में सुस्ती को रोका पाना आसान नहीं होगा।

जल संरक्षण में जवाबदेही की जरूरत

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पानी की कमी से वर्ष 2030 तक विश्व भर में करीब सात करोड़ लोग विस्थापित हो सकते हैं। ऐसे में जल संरक्षण के लिए व्यापक प्रयास करने होंगे।

चेतनादित्य आलोक

आजकल दुनिया भर के विचारकों, चिंतकों, समाज विज्ञानियों, मानवाधिकार विशेषज्ञों, पर्यावरण वैज्ञानिकों और सरकारों को संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुतरस घाली का लगभग तीन दशक पुराना वह कथन याद आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया भर में पानी की कमी से जुड़ी परेशानियों के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है। निस्संदेह उन्होंने बहुत ही गंभीर समस्या की ओर इशारा किया था। मगर उनकी चेतावनी पर ज्यादातर देशों ने कोई ध्यान नहीं दिया। अगर दुनिया ने उनकी बात मान ली होती, तो क्या संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में यह कहा जाता कि स्वच्छ पेयजल के अभाव में प्रतिवर्ष दुनिया भर में चौदह लाख से भी अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सभी देशों की सरकारों को जल संसाधन में निवेश करना चाहिए। वास्तव में यह दुखद स्थिति है कि साफ पीने का पानी न मिलने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार होकर लाखों लोग प्रतिवर्ष अपनी जान गंवा देते हैं। जाहिर है कि दुनिया भर की सरकारों को संयुक्त राष्ट्र की बात को गंभीरता से लेते हुए जल संसाधनों के संरक्षण में निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र ने जिस निवेश की बात कही है, वह दरअसल, देशों की अर्थव्यवस्था तथा उनके नागरिकों के भविष्य में निवेश है। जब यह निवेश जन-साधारण तक शुद्ध पानी की पहुंच को सुनिश्चित करेगा, तब इसके अभाव में होने वाली बीमारियों से नागरिकों का बचाव हो सकेगा। इससे मानव संसाधन की सुरक्षा तो होगी ही, साथ ही लोगों के इलाज पर होने वाले खर्चों पर भी अंकुश लग सकेगा। इससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले अनावश्यक बोझ में भी कमी आएगी। इस प्रकार, यह निवेश पानी के मामले में दुनिया के तमाम जागरूक देशों का भविष्य निश्चित रूप से सुरक्षित कर सकता है। विश्व बैंक की उस चेतावनी को याद करना चाहिए, जिसमें उसने अपने ही एक अध्ययन के आधार पर यह दावा किया है कि वैश्विक सूखे और पानी के अभाव के कारण वर्ष 2030 तक विश्व भर में लगभग सात करोड़ लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ सकता है। विश्व बैंक की आशंका विश्व भर के जलाशयों में जल भंडारण की लचर व्यवस्था को लेकर है, जो बिल्कुल सही प्रतीत होती है। ऐसे में विस्थापितों का आंकड़ा उसके आंकड़े से अधिक भी हो सकता है।

भारत की बात करें, तो देश के प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण की व्यवस्था आज भी लचर बनी हुई है और इसमें सुधार होने के बजाय यह लगातार बिगड़ती जा रही है। जलाशयों और नदियों की निगरानी करने वाले केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, देश भर के सभी 166 जलाशयों में जल भंडारण 40 फीसद से भी नीचे गिर गया है। वहीं, देश के सभी 20 नदी बेसिनों में भी जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। असम, गोवा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के जलाशयों में जलस्तर पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हो गया है।

आयोग ने नौ अप्रैल 2026 को जारी अपने बुलेटिन में जलस्तर में तेजी से गिरावट की चेतावनी दी थी। फिर 30 अप्रैल के अपने बुलेटिन में भी आयोग ने बताया था कि इन जलाशयों में उपलब्ध सक्रिय भंडारण 71.082 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इनकी कुल क्षमता का केवल 38.72 फीसद ही है, जबकि नौ अप्रैल को यह 44.71 फीसद था। यानी महज 21 दिनों में ही देश के सक्रिय जल भंडारण में छह फीसद से अधिक की कमी आ गई।

देश के प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण की व्यवस्था आज भी लचर बनी हुई है और इसमें सुधार होने के बजाय यह लगातार बिगड़ती जा रही है। जलाशयों और नदियों की निगरानी करने वाले केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, देश भर के सभी 166 जलाशयों में जल भंडारण 40 फीसद से भी नीचे गिर गया है। वहीं, देश के सभी 20 नदी बेसिनों में भी जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि समाज अब जल स्रोतों, विशेष रूप से भूजल स्रोतों के संरक्षण और उनके सदुपयोग के प्रति जागरूक एवं जवाबदेह बने। वर्षा जल एवं अपशिष्ट जल के शोधित स्वरूप के उपयोग के प्रति भी समाज को अपने नकारात्मक रवैए में बदलाव लाना होगा, नहीं तो परिस्थितियां और भी जटिल हो सकती हैं।

अब केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 11 जून 2026 को देश के सभी 166 जलाशयों में केवल 51.92 बीसीएम पानी ही बचा हुआ है, जबकि इन जलाशयों की कुल सक्रिय भंडारण क्षमता 183.565 बीसीएम है, जो देश में अनुमानित कुल क्षमता 257.812 बीसीएम का करीब 71.20 फीसद ही है। यानी देश भर के जलाशयों में अब उनकी कुल जल भंडारण क्षमता का केवल 28.28 फीसद जल ही बचा हुआ है, जो एक आपात स्थिति का संकेत है। तात्पर्य यह कि आने वाले सप्ताहों में सिंचाई, पेयजल आपूर्ति एवं जलविद्युत परियोजनाओं के लिए देश को एक बार फिर मानसून पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

बहरहाल, बुतरस घाली के अनुसार तीसरा विश्वयुद्ध तो शायद कभी न हो और हम सभी को ऐसा ही सोचना चाहिए। मगर यह सच्चाई है कि पानी के लिए भारत सहित दुनिया भर में हिंसक संघर्ष की घटनाएं लंबे समय से हो रही हैं। वैश्विक स्तर पर पानी पर काम कर रही संस्था 'पैसिफिक इंस्टीट्यूट' ने इस बारे में हैरान करने वाले आंकड़े साझा किए हैं। इनके अनुसार, वर्ष 2000 में जल संसाधनों को लेकर दुनिया भर में हुए टकरावों की महज बाईस घटनाएं ही सामने आई थीं। वहीं, 2022 में ऐसी 231 घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 में बढ़ कर 347 तक पहुंच गईं। इस प्रकार, वर्ष 2023 में जल संसाधनों को लेकर होने वाली हिंसक घटनाओं में नाटकीय बढ़ोतरी देखी गई। इन घटनाओं में वृद्धि का सिलसिला पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी है, जिसमें अब तक 1,477 फीसद तक की बढ़ोतरी हो चुकी है।

'पैसिफिक इंस्टीट्यूट' के अनुसार, वर्तमान दशक के पहले चार वर्षों में ही जल संघर्ष के 785 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले पूरे दशक (2010) की तुलना में काफी अधिक है। पानी को लेकर वर्ष 2024 में विश्व स्तर पर संघर्ष के 420 मामले दर्ज किए गए, जिनमें मध्य पूर्व, यूक्रेन, भारत, ईरान और मैक्सिको की घटनाएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था 'यूएनओडीसी' के अनुसार, वर्ष 2019-2021 के बीच भारत में दर्ज हत्याओं में से लगभग 20 फीसद यानी प्रत्येक पांच में से एक हत्या पानी के लिए ही हुई। यह सचमुच गंभीर स्थिति है। हालिया घटनाओं पर गौर करें, तो जून 2026 में देहरादून स्थित सहसपुर थाना क्षेत्र के बैरागीवाला गांव में पानी को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसी तरह, अप्रैल 2026 में मध्य अफ्रीकी देश चाड के एक प्रांत में दो समूहों के बीच एक जल-स्रोत पर कब्जे को लेकर शुरू हुई झड़प देखते-ही-देखते हिंसक प्रतिशोध में बदल गई। इसमें 42 लोग मारे गए। ये तमाम घटनाएं दुखद तो हैं ही, दुनिया को आगाह करने वाली भी हैं। वैश्विक सूखे और पानी के अभाव के कारण संघर्षों और विवादों से निपटने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का निर्वहन आवश्यक है। जरूरी है कि समाज अब जल स्रोतों, विशेष रूप से भूजल स्रोतों के संरक्षण और उनके सदुपयोग के प्रति जागरूक और जवाबदेह बने। इसके अतिरिक्त, वर्षा जल एवं अपशिष्ट जल के शोधित स्वरूप यानी शोधित जल के उपयोग के प्रति भी समाज को अपने नकारात्मक रवैए में बदलाव लाना बेहद जरूरी है, अन्यथा भविष्य में परिस्थितियां जीवन के प्रतिकूल बन सकती हैं।

प्रतिस्पर्धा के मायने

शोभा जैन

इन दिनों शिक्षा, साहित्य, कला या खेल से लेकर स्वास्थ्य एवं धार्मिक क्षेत्र तक, हर जगह प्रतिस्पर्धा ने अपनी जगह बना ली है। देखा जाए तो हमारे जीवन का अधिकांश हिस्सा दूसरों के साथ निरंतर प्रतिस्पर्धा में व्यतीत होता है- स्कूल में दाखिले से लेकर नौकरी के आवेदनों तक। कोई भी व्यक्ति संगठन, संस्था, समिति या समुदाय हो, मूल उद्देश्य से अधिक चिंता प्रतिस्पर्धा की चुनौती की है। समाज को प्रतिभागी प्रवृत्ति को अपनाना चाहिए, लेकिन वह प्रतिस्पर्धा की प्रवृत्ति की ओर जा रहा है। आज के दौर में प्रतिस्पर्धा हमारे कार्यक्षेत्र का एक हिस्सा हो सकती है, लेकिन उसका नैतिक आधार मापना जरूरी है। हर कलाकार अपने अंदर प्रतियोगिता जीता है। यह प्रतियोगिता वह समकालीनों से तो करता ही है, अतीत से भी करता है और अपने भविष्य से भी। यह प्रतियोगी-भाव ईर्ष्या, द्वेष, छल-छदम या षड्यंत्र तक पैदा कर देता है। राजनीति में तो प्रतिस्पर्धा आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर बराबर होती है।

जीवन में प्रतिस्पर्धा का गैर स्वभाविक पक्ष भी है। इस कदम से एक ऐसी खाई पैदा होनी शुरू हो गई है, जिसके एक सिरे पर गुणवत्ता है, गहराई है, उसके अपने सरोकार हैं और जीवन मूल्य हैं, जो दीर्घजीवी है, जिसे बाजार प्रचारित भी करता है। दूसरी ओर ऐसी प्रतिस्पर्धा भी है, जिसमें कोई गुणवत्ता नहीं, जिसके कोई सरोकार नहीं, जिसमें जीवन के सच्चे अनुभव नहीं। उसे तमाम तरह के तरीकों के जरिए बाजार में खपा दिया जाता है। अब चूंकि सतह पर बहुतायत में यही दिखाई देता है, इसलिए पहले प्रतिस्पर्धा एक नवाचार भी लाती थी, अब केवल प्रतियोगी खड़ा करती है।

पहले गुणवत्ता और श्रेष्ठता की छननी भी लगाती थी, मगर अब सफलता के लघुपथ भी इसी दूसरे किस्म की प्रतिस्पर्धा की देन है, जिसका काम केवल बाजार को विस्तार देना है। एक ही चीज के कितने ब्रांड बाजार में उपलब्ध हो गए, ये सब प्रतिस्पर्धा का ही प्रतिफल है। सबके मूल्य अलग, जबकि उपयोगिता समान है। एक औसत आर्थिक स्थिति वाला उपभोक्ता जीवन की अनिवार्य आवश्यकता के लिए किसी एक ब्रांड का चयन करता है, लेकिन अक्सर वहां भी ठगा जाता है। ऐसे में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा किसे कहेंगे?

वहीं, प्रतिस्पर्धा का चेतना संपन्न बौद्धिक पक्ष यह है कि प्रतिस्पर्धा मानसिक गुलामी का कारण न बने। प्रतियोगी होने पर भी प्रत्यक्ष भेंट वार्ताएं सम्मानजनक स्थिति में दर्ज हों, स्वस्थ संवाद बाधित न हो। आज संवाद की संभावना कितनी शेष बची है हमारे बीच कभी-कभी इस पर भी विचार कर लेना चाहिए। मनुष्य नौकरी, पदोन्नति, आय, सामाजिक प्रतिष्ठा और कई अन्य दुर्लभ वस्तुओं के लिए प्रतिस्पर्धा करता है। इन सबके बीच क्या हमने कभी सोचा है कि प्रतिस्पर्धा हमेशा ही लाभकारी होती है? कुछ स्थितियों में प्रतिस्पर्धा के जरिए सीमित चीजों का बंटवारा करना समाज के लिए फायदेमंद होता है। मगर प्रतिस्पर्धा करने से फायदे कम, काम में कमियां अधिक नजर आती हैं। क्योंकि उद्देश्य काम को सही तरीके से अंतिम रूप देना नहीं, बल्कि उद्देश्य अपनी जगह स्थापित करना है। हमें यह भी सोचना चाहिए कि कोई वस्तु कब दोबारा चलन में आ रही है। सबसे अधिक नकली उत्पाद सौंदर्य प्रसाधन, शीतल पेय और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री में होते हैं। ये किस गैर स्वभाविक प्रतिस्पर्धा का ही प्रतिफल है।

क्या हमने कभी सोचा है कि प्रकृति अपने आप से प्रतिस्पर्धा नहीं करती। हर पत्ती हरी, हर फल का स्वाद अलग और यह सब अपनी सुंदरता की भिन्नता से पर्यावरण को समृद्ध करता है। मगर हमने जाने-अजनाने प्रतिस्पर्धा जीवी समाज को विस्तार दे दिया, जिसने हमारी गुणवत्ता को बाधित तो किया है, साथ ही हमारे भीतर की चिंतन चेतना और ठहराव को भी कुंद कर दिया है। ऐसा न हो कि प्रतिस्पर्धा हमारा स्वभाव ही न बन जाए। स्वयं को आगे बढ़ाने के लालच में अवरोधक स्वभाव ही हमारे भीतर विकसित न होने लगे।

यह अक्सर देखने में आता है कि युवाओं ने प्रतिस्पर्धा के चलते अपने भीतर अवसाद को ग्रहण कर लिया है। वे अपनी कठिनाइयां, संघर्ष और द्वंद्व किसी से साझा नहीं करते। स्वयं को कमजोर साबित किए जाने का डर और प्रतियोगिता से बाहर हो जाने का संशय उनके मानस पर बना रहता है। असफलता में जीवन से हार मानने की स्थिति इसी से पैदा होती है। कुछ लोग अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी होते हैं, कुछ अधिक और कुछ तो हर परिस्थिति में जीतने के लिए जुनूनी प्रतीत होते हैं।

मनोवैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लोगों में प्रेरणा मुख्य रूप से आंतरिक कारकों के बजाय बाहरी कारकों से आती है। जो लोग किसी कार्य में महारत हासिल करने की इच्छा से प्रेरित होते हैं या जिनका आत्मसम्मान उच्च होता है, उनमें प्रतिस्पर्धा के प्रति जुनून होने की संभावना कम होती है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति अपनी आत्म-योग्यता मुख्य रूप से जीतने से या जीतने से मिलने वाली सामाजिक प्रतिष्ठा और मूर्त पुरस्कारों से प्राप्त करते हैं, उनमें अस्वस्थ स्तर तक प्रतिस्पर्धी होने की संभावना अधिक होती है। प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य अपनी छिपी हुई क्षमता को हासिल करना होना चाहिए। याद रखिए, आप अपने भविष्य के स्वरूप को कभी नहीं हरा सकते। आपके भविष्य का स्वरूप हमेशा आपसे एक कदम आगे होगा। बस, इसके लिए आपको प्रतिस्पर्धा अपने अतीत से रखनी होगी, किसी व्यक्ति से नहीं।

दुनिया मेरे आगे

यह अक्सर देखने में आता है कि युवाओं ने प्रतिस्पर्धा के चलते अपने भीतर अवसाद को ग्रहण कर लिया है। वे अपनी कठिनाइयां, संघर्ष और द्वंद्व किसी से साझा नहीं करते। स्वयं को कमजोर साबित किए जाने का डर और प्रतियोगिता से बाहर हो जाने का संशय उनके मानस पर बना रहता है।

अनदेखी की आग

लखनऊ में एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तो सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर अनदेखी की यह आग कब बुझेगी? इन घटनाओं की पुनरावृत्ति अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही की पोल खोल रही है। नियम-कानून और सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। अब तो यह कड़वी सच्चाई स्वीकार करनी होगी कि आग नहीं, बल्कि गैर जिम्मेदार व्यवस्था लोगों की जान ले रही है। यह व्यवस्था ही है, जो अपनी जिम्मेदारी निभाने में अक्षम साबित हो रही है। आज देश में कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है कि देश को अनदेखी का 'लाक्षागृह' बनाया जा रहा है। किसी की कोई जवाबदेही तय नहीं है। सभी नींद में सोए हुए हैं। देश की व्यवस्था में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। चंद रुपए के आगे इंसान की कोई कीमत नहीं रह गई है। आम आदमी की हैसियत चुनाव के समय महज एक वोट से ज्यादा कुछ नहीं है, शेष समय उसका कोई अस्तित्व नहीं रह गया है।

– हेमा हरि उपाध्याय, 'अक्षत', उज्जैन

व्यवस्था में खामी

पहले जब परीक्षाओं की बात की जाती थी, तो लगता था कि सब कुछ सही है। बच्चों को केंद्रित करते हुए सभी इंतजाम किए गए होंगे। मगर आज जैसे ही परीक्षा का समय आता है, कई खामियां नजर आने लगती हैं। फिर बार-बार संशोधन पत्र जारी किए जाते हैं। कभी प्रवेशपत्र में अभ्यर्थी के नाम की जगह किसी और का नाम, तो कभी परीक्षा केंद्र देश से बाहर होता है। आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है। व्यवस्था से जुड़े लोग इतने लापरवाह क्यों हैं? इन सब के इतर बार-बार प्रश्नपत्र लीक हो जाना भी आम बात हो गई है। यहां तक कि जब इसके विरोध में विद्यार्थी प्रदर्शन करते हैं, तो उन पर फर्जी मुकदमा दायर कर दिया जाता है। उन पर ऐसी धाराएं लगाई जाती हैं, जिससे उनका भविष्य खत्म हो सकता है। न्यायपालिका का कार्य पुलिस के हाथों में किसने दे दिया है? ऐसी व्यवस्था कब बनेगी, जब सब लोग अपना काम ईमानदारी से करेंगे।

– मनकेश्वर कुमार, पटना, बिहार

आत्मनिर्भरता की ओर

हाल ही में भारतीय नौसेना में आइएनएस दूनागिरी, संशोधक और अग्रय को शामिल किया गया। उनकी विशेषताएं यह है कि ये तीनों ही स्वदेशी सामग्री का उपयोग कर बनाए हैं। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में न केवल बड़ा खरीदार है, बल्कि उसे अब अपनी आवश्यकता के हिसाब से रक्षा सामग्री के उत्पादन में भी महारत हासिल हो गई है। यह बात भी सही है कि अभी तक भारत रक्षा उत्पाद के मामले में खरीदार के रूप में ही अधिक जाना जाता रहा है। मगर अब परिस्थितियां बदल गई हैं, पिछले एक दशक में रक्षा सामग्री को देश में ही बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अब भारतीय रक्षा उत्पाद विश्व के करीब अस्सी देशों में निर्यात किए जाते हैं। वर्तमान में देश का रक्षा उत्पादन 38 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। इसे वर्ष 2029 तक 50 हजार करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है। यह आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में अहम कदम है।

– एमएम राजावत 'राज', शाजापुर

बुराई की दीमक

अक्सर हम अपने जीवन में जाने-अनजाने दूसरों की कमियों पर चर्चा करने लगते हैं। क्या कभी किसी ने सोचा है कि दूसरों की बुराई करने या उनकी निंदा करने की आदत का हमारे स्वयं के व्यक्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है? जिस प्रकार दीमक बाहर से मजबूत दिखने वाली लकड़ी को अंदर ही अंदर खोखला कर देती है, ठीक उसी प्रकार दूसरों की बुराई करने की आदत हमारे चरित्र को भीतर से कमजोर कर देती है। जब हम अपना कीमती समय और ऊर्जा दूसरों की कमियां निकालने में खर्च करते हैं, तो हम अनजाने में अपने अंदर नकारात्मकता को पनपने देते हैं। यह आदत धीरे-धीरे हमारी सोचने की शक्ति, हमारी सकारात्मकता और आत्मविश्वास को नष्ट करने लगती है। अक्सर लोग दूसरों को छोटा दिखा कर खुद को बड़ा समझने की भूल करते हैं।

– प्रसिद्ध यादव, फुलवारी, पटना

फुटबाल

मैदान से परे बदलता फीफा विश्व कप

जनसत्ता खेल

फुटबाल विश्व कप अब केवल 90 मिनट के खेल, 22 खिलाड़ियों और एक गेंद का रोमांच नहीं रह गया है। आज का आधुनिक विश्व कप मैदान की हरी घास से बाहर निकलकर वैश्विक कूटनीति, अरबों डालर के व्यापारिक मुनाफे और डिजिटल तकनीक की प्रयोगशाला बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इस महाआयोजन को लेकर जो विश्लेषण सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। खेल का चरित्र अब पूरी तरह बदल चुका है, और यह बदलाव तीन बड़े मोर्चों पर साफ दिखाई देता है।

कारपोरेट विस्तार और खिलाड़ियों का शोषण

पहला बड़ा बदलाव विश्व कप के स्वरूप में हुआ है। टीमों की संख्या को 32 से बढ़ाकर 48 करना पहली नजर में खेल का लोकतांत्रीकरण लग सकता है, जिससे छोटे और नए देशों को वैश्विक मंच पर आने का अवसर मिलेगा। परंतु, खेल विश्लेषक इसकी तह में छिपे कारपोरेट लालच को उजागर कर रहे हैं। मैचों की संख्या बढ़कर 104 होना सीधे तौर पर प्रसारण अधिकारों से होने वाली कमाई और टिकटों की बिक्री से रिकार्ड मुनाफा कमाने की रणनीति है।

इस व्यवस्था का सबसे स्याह पहलू खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक शोषण है। लगातार मुकाबले खेलने से खिलाड़ियों की सहनशक्ति खत्म सी हो रही

है। खेल की गरिमा और उसकी दुर्लभता को मुनाफे की वेदी पर चढ़ाया जा रहा है। जिसे अवसरों का विस्तार कहा जा रहा है, वह वास्तव में व्यावसायिक लाभ को चरम पर ले जाने का एक सुनियोजित प्रयास है।

छवि चमकाने का भू-राजनीतिक हथियार

दूसरा और सबसे गंभीर आयाम है खेल का कूटनीतिक हथियार में बदल जाना। आज के दौर में विश्व कप और बड़े फुटबाल क्लबों की मिल्कियत किसी खेल प्रेमी उद्योगपति के पास नहीं, बल्कि संप्रभु राष्ट्रों और विशाल तेल कंपनियों के नियंत्रण में जा रही है। वैश्विक राजनीति में इसके लिए बाकायदा एक शब्द का इस्तेमाल हो रहा है, जहां कोई देश अपनी राजनीतिक कमियों, मानवाधिकारों के खराब रिकार्ड और वैश्विक छवि को सुधारने के लिए फुटबाल की बेपनाह लोकप्रियता का इस्तेमाल करता है।

अरब देशों और बड़ी ऊर्जा कंपनियों द्वारा विश्व कप के आयोजनों पर पानी की तरह पैसा बहाना या दुनिया के सबसे महंगे खिलाड़ियों को अपने पाले में करना महज खेल प्रेम नहीं है। यह पश्चिमी दुनिया में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने, पर्यटन को बढ़ावा देने और भविष्य की अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से मुक्त करने की एक बहुत बड़ी कूटनीतिक बिसात है। फुटबाल अब युद्ध और कूटनीति का एक नया और नरम चेहरा बन चुका है।

स्टेडियम से परदे तक का डिजिटल भटकाव

तीसरा संरचनात्मक बदलाव दर्शकों के व्यवहार और खेल के उपभोग के तरीके में आया है। वह दौर बीत चुका है जब पूरी दुनिया एक समय पर टेलीविजन के सामने बैठकर मैच देखती थी। आज की युवा पीढ़ी पूरा मैच देखने के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर उसके छोटे-छोटे अंश, वीडियो क्लिप और सोशल मीडिया पर होने वाली बहसों से जुड़ रही है।

अब स्टेडियम में होने वाला सजीव मैच सिर्फ एक कच्चा माल बन कर रह गया है, जिससे बाद में डिजिटल माध्यमों के लिए सामग्री तैयार की जाती है। सुबह उठकर सोशल मीडिया पर रील या शार्ट्स देखना और उन पर प्रतिक्रिया देना आधुनिक खेल संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। खेल का मैदान अब पूरी तरह से एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में बदल गया है।

लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे महान दिग्गजों के ढलते सूरज के बीच यह विश्व कप खेल की एक नई रणनीति और नई पीढ़ी के आगमन का गवाह भी बन रहा है। थामस ट्यूशेल जैसे प्रशिक्षकों की आक्रामक और ऊर्जावान शैली मैदान पर नए समीकरण लिख रही है। परंतु, सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि फुटबाल का यह महाकुंभ अब समाज, सत्ता और संपत्ति का आईना बन चुका है। आज का विश्व कप खेल से कहीं अधिक दुनिया की बदलती हुई आर्थिक और भू-राजनीतिक दिशा का संकेतक है।

कोना

जर्मनी : रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ मीरा आंद्रीवा बैड होम्बर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के राउंड आफ 16 मैच में शाट खेलती हुई।

भारत बनाम विश्व

140 करोड़- विश्व कप में एक बार, 1950 में

भारत 140 करोड़ की आबादी के साथ विश्व कप के लिए सिर्फ एक बार क्वालीफाई कर पाया है , साल 1950 में। इस बार एशियाई क्वालीफायर के दूसरे दौर में ही बाहर हो गया। इस विश्व कप में 48 टीमें हैं, यानी दुनिया की लगभग एक चौथाई टीमें। इंडोनेशिया पहली बार खेल रहा है। केप वर्दे जैसा छोटा देश, जिसकी आबादी महज छह लाख, विश्व कप में खेल रहा है। और भारत? खेल मंत्रालय का बजट बढ़ रहा है, आइएसएल की टीमें बढ़ रही हैं पर फीफा रैंकिंग 136 पर अटकी है। 48 तो बहुत दूर की बात है।

खटपट

विश्व कप में सेनेगल के खिलाड़ियों को तलाशी, दुनिया भड़की

नौ जून को एक बड़ा विवाद तब भड़का जब सेनेगल और उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय टीमें अमेरिका पहुंचीं। सेनेगल के खिलाड़ियों को विमान से उतरते ही एक-एक की तलाशी ली गई। उज्बेकिस्तान दल की नारकोटिक्स कुत्तों से जांच हुई। इराक के स्टार स्ट्राइकर अयमान हुसैन को शिकागो के ओ हेयर हवाई अड्डे पर घंटों रोका गया। आइवरी कोस्ट और सेनेगल के घरेलू प्रशंसकों को अमेरिकी वीजा नकार दिया गया, यानी सेनेगल पहली बार विश्व कप में बिना अपने देश के दर्शकों के खेल रहा है।

चटपट

नोआ लाइल्स की शादी-जमैकन एथलीट से, जहां एनबीए स्टार ने शादी की थी वहीं!

अमेरिकी स्प्रिंट स्टार नोआ लाइल्स ने जमैका की एथलीट जुनेल ब्रामफील्ड से शादी की और शादी की जगह वहीं चुनी जहां एनबीए स्टार केम्बा वाकर ने शादी की थी। ट्रैक पर लाइल्स की दुश्मनी जमैकाई धावकों से है, लेकिन दिल में जमैका बस गया! पेरिस ओलंपिक में लाइल्स ने 100 मीटर का स्वर्ण जीता था, महज 5 हजारवें सेकंड के फर्क से। अब उनकी दुल्हन भी उसी देश से है जो उनकी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी है।

कैलेंडर (26 जून-10 जुलाई)

क्रिकेट

महिला टी20 विश्व कप

26 जून : श्रीलंका बनाम स्काटलैंड।
27 जून : पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड। वेस्ट इंडीज बनाम आयरलैंड। इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड।
28 जून : दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश। आस्ट्रेलिया बनाम भारत।
30 जून : पहला सेमीफाइनल।
2 जुलाई : दूसरा सेमीफाइनल।
5 जुलाई : फाइनल।

फीफा फुटबाल

26 जून : कुराकाओ बनाम आइवरी कोस्ट। इक्वाडोर बनाम जर्मनी। जापान बनाम स्वीडन। ट्यूनीशिया बनाम नीदरलैंड। तुर्किये बनाम अमेरिका। पराग्वे बनाम आस्ट्रेलिया।
27 जून : नार्वे बनाम फ्रांस। सेनेगल बनाम इराक। कोप वर्दे बनाम सऊदी अरब। उरुग्वे बनाम स्पेन। मिस्र बनाम ईरान। न्यूजीलैंड बनाम बेल्जियम।
28 जून : पनामा बनाम इंग्लैंड। क्रोएशिया बनाम घाना। कोलंबिया बनाम पुर्तगाल। कांगो बनाम उज्बेकिस्तान। अल्जीरिया बनाम आस्ट्रिया। जार्डन बनाम अर्जेंटीना।
29 जून-4 जुलाई (राउंड आफ 32)। 4-8 जुलाई (राउंड आफ 16)। 10-12 जुलाई (क्वार्टर फाइनल)
15-16 जुलाई को सेमीफाइनल।
19 जुलाई (तीसरा स्थान)
20 जुलाई (फाइनल)।

बीता पखवाड़ा (11-25 जून)

क्रिकेट

महिला टी20 विश्व कप

12जून : इंग्लैंड ने श्रीलंका को 87 रन से हराया। 13 जून : स्काटलैंड ने आयरलैंड को 40 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने वेस्ट इंडीज को सात विकेट से हराया। 14 जून : बांग्लादेश ने नीदरलैंड को छह विकेट से हराया। भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से हराया। 16 जून : श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड ने आयरलैंड को चार विकेट से हराया। 17 जून : आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को नौ विकेट से हराया।

फुटबाल - फीफा

12 जून : मेक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया। दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया। 13 : कनाडा ने बोस्निया-हर्जेगोविना के साथ 1-1 से ड्रा खेला। अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से हराया। 14 : कतर ने स्विट्जरलैंड से 1-1 से ड्रा खेला। ब्राजील ने मोरक्को से 1-1 से ड्रा खेला। स्काटलैंड ने हैती को 1-0 से हराया। आस्ट्रेलिया ने तुर्कये को 2-0 से हराया। जर्मनी ने कुराकाओ को 7-1 से हराया। 15 : नीदरलैंड ने जापान से 2-2 से ड्रा खेला।

धूम

मैदान से परदे तक : डिजिटल युग में प्रचारित होते नए खेल सितारे

जनसत्ता खेल

आधुनिक खेल जगत अब केवल मैदान पर जीते गए पदकों या बनाए गए रनों से तय नहीं होता। आज के दौर में इंटरनेट और सोशल मीडिया की अपनी एक समानांतर दुनिया है, जहां कोई खिलाड़ी रातों-रात वैश्विक चर्चा का केंद्र बन जाता है। पिछले दो हफ्तों में खेल के मैदान से लेकर डिजिटल स्क्रीन तक कुछ ऐसे ही चेहरे और पल लगातार साझा हो रहे हैं, जिन्होंने प्रशंसकों और विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह प्रचारित संस्कृति दिखाती है कि कैसे एक अच्छा या बुरा पल किसी खिलाड़ी की तकदीर बदल सकता है।

दबाव व आलोचना के केंद्र में आलिया रियाज

महिला क्रिकेट और सोशल मीडिया पर इस समय पाकिस्तान की अनुभवी आलराउंडर आलिया रियाज लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। महिला टी-ट्वंटी विश्व कप के मुकाबलों के दौरान मैदान पर उनसे छूटे कुछ महत्त्वपूर्ण कैच और उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी न कर पाना इंटरनेट पर बड़ी बहस का कारण बन गया। पूर्व क्रिकेट दिग्गजों की तीखी टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके प्रदर्शन की कड़ी आलोचना शुरू कर दी। आलिया का साझा होना खेल के उस स्याह पहलू को दिखाता है, जहां आधुनिक तकनीक के दौर में खिलाड़ियों की एक छोटी सी मानवीय चूक भी तुरंत वैश्विक मंच पर आलोचना के घेरे में आ जाती है।

वैभव सूर्यवंशी : पंद्रह साल की उम्र में रनों का तूफान

दूसरी तरफ, भारतीय क्रिकेट के आकाश पर एक ऐसा सितारा चमका है, जिसने अपनी उम्र से कई गुना बड़ा धमाका किया है। महज पंद्रह वर्ष के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रनों की जो तूफानी पारी खेली, उसने पूरे विश्व क्रिकेट को हैरान कर दिया है।

सोशल मीडिया पर उनकी बल्लेबाजी के वीडियो क्लिप इस कदर प्रचारित हुए हैं कि अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक उन्हें भारतीय बल्लेबाजी का भविष्य बताने लगे हैं। इतनी कम उम्र में ऐसा आक्रामक प्रदर्शन खेल प्रेमियों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

ट्रैक पर मणिकांत होबलिधर की रफ्तार

क्रिकेट से इतर, भारतीय एथलेटिक्स के मैदान से मणिकांत होबलिधर का नाम पिछले दस दिनों में डिजिटल दुनिया में तेजी से फैला है। राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में सौ मीटर के फासले को 10.23 सेकंड में पूरा करने वाले इस धावक की रफ्तार के वीडियो इंटरनेट पर छाए हुए हैं। लोग उनके दौड़ने की शैली और देश के सबसे तेज धावक बनने के सफर की कहानियों को लगातार साझा कर रहे हैं।

वैभव सूर्यवंशी

दौड़-कूद

गति की नई गूंज : नीरज चोपड़ा से आगे का उभार

जनसत्ता खेल

भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में हालिया समय एक नए स्वर्णिम युग के उदय के रूप में दर्ज किया जा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में देश के अलग-अलग कोनों से आए युवा एथलीटों ने न केवल राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़े हैं, बल्कि दशकों पुरानी उस मानसिक हीनभावना को भी ध्वस्त कर दिया है जो भारतीय ट्रैक एंड फील्ड को वैश्विक स्तर पर पीछे रखती थी। अब भारत केवल भाला फेंक (जैवलीन थ्रो) में नीरज चोपड़ा की सफलताओं तक सीमित नहीं है। अब भारत फर्राटा दौड़ से लेकर लंबी कूद और गोला फेंक तक में दुनिया को चुनौती देने की तैयारी कर रहा है।

सौ मीटर की दीवार का टूटना : गति का नया राजा

भारतीय खेलों में लंबे समय से यह माना जाता था कि सौ मीटर जैसी फर्राटा दौड़ (स्प्रिंट) में एशियाई एथलीट दुनिया के अन्य देशों का मुकाबला नहीं कर सकते। परंतु, हाल ही में गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर जैसे युवा धावकों ने इस धारणा को हमेशा के लिए बदल दिया है। गुरिंदरवीर सिंह ने सौ मीटर की दौड़ को दस दशमलव शून्य-नौ (10.09) सेकंड में पूरा करके भारत के इतिहास में पहली बार 10.10 की अभेद्य दीवार को तोड़ा है। इसके ठीक बाद अनिमेष कुजूर द्वारा दो सौ मीटर और सौ मीटर में लगातार किए जा रहे धमाके यह बताते हैं कि भारतीय धावकों में अब वैश्विक स्तर की गति और आत्मविश्वास आ चुका है। यह उस मनोवैज्ञानिक बाधा को पार करना है जिसने पीटी उषा और मिल्खा सिंह के दौर से भारतीय एथलेटिक्स को जकड़ रखा था।

नीरज प्रभाव का विकेंद्रीकरण

नीरज चोपड़ा की ओलंपिक और वैश्विक सफलताओं ने भारतीय खेलों को जो सबसे बड़ा उपहार दिया, वह था- जीतने का अटूट विश्वास। आज इस विश्वास का असर मैदान पर साफ दिख रहा है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई खेलों की पात्रता हासिल करने के लिए छह सौ से अधिक एथलीटों का उमड़ना इस बात का प्रमाण है। गोला फेंक में तजिंदरपाल सिंह तूर का फिर से 21 मीटर की रेखा को पार करना, ऊंची कूद में सर्वेश कुशारे का बेहतरीन प्रदर्शन और बांस कूद में देव मीना तथा कुलदीप कुमार जैसे नए चेहरों का उभरना यह दिखाता है कि भारत में अब हर खेल विधा में सितारों की एक पूरी जमात तैयार हो रही है।

नई पीढ़ी की निडर मानसिकता

इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ा कारण युवा एथलीटों की निडर मानसिकता है। आज के छोटे शहरों और ग्रामीण परिवेश से आने वाले इन एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और विदेशी कोच उपलब्ध हो रहे हैं। ओड़ीशा जैसे राज्यों द्वारा खेल के बुनियादी ढांचे पर पानी की तरह पैसा बहाना और विश्व स्तरीय सिंथेटिक ट्रैक तैयार करना रंग ला रहा है। आज के एथलीट केवल ओलंपिक में भाग लेने के लिए नहीं जाते, वे वहां पदक जीतने की भूख के साथ उतरते हैं। आगामी एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों से ठीक पहले इस बात का संकेत है कि भारत अब एक बहु-खेलोन्मुखी राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है। यह विश्लेषण केवल पदकों की गिनती नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कहानी है।

अनिमेष कुजूर

बदलाव

अदृश्य कप्तान : कृत्रिम मेधा का एकाधिकार

जनसत्ता खेल

मैदान पर खड़े ग्यारह खिलाड़ी, उनकी आंखों में जीत की चमक और रणनीति बनाता हुआ एक मुख्य कोच—खेल का यह पारंपरिक दृश्य अब इतिहास बनने जा रहा है। आधुनिक खेल जगत में एक ऐसा अदृश्य कप्तान दाखिल हो चुका है जो न तो जर्सी पहनता है और न ही मैदान पर उतरता है, लेकिन मैच का हर एक पल उसी के इशारे पर चलता है। यह अदृश्य शक्ति है - कृत्रिम मेधा (एआइ) व डेटा विश्लेषण। इस बात पर एक गंभीर बहस छिड़ गई है कि क्या तकनीक ने खेल की सहज मानवीय कला और अनिश्चितता को पूरी तरह खत्म कर दिया है?

मैदान के बाहर से तय होती हर चाल

अब मैच के दौरान लिए जाने वाले फैसले केवल प्रशिक्षक के अनुभव या खिलाड़ी के अंतर्ज्ञान पर निर्भर नहीं करते। फुटबाल, क्रिकेट और बास्केटबाल जैसे बड़े खेलों में अब खिलाड़ियों के शरीर पर ऐसे सूक्ष्म यंत्र लगे होते हैं जो हर सेकंड उनके दिल की धड़कन, मांसपेशियों के तनाव और दौड़ने की गति का डेटा कंप्यूटर को भेजते हैं। यदि किसी खिलाड़ी की थकान का स्तर एक निश्चित आंकड़े को पार

करता है, तो कंप्यूटर तुरंत कोच को उसे बदलने का संकेत दे देता है। यहां तक कि विरोधी टीम का कौन सा खिलाड़ी किस दिशा में शाट मारेगा, इसका पूरा पूर्वानुमान मैच शुरू होने से पहले ही मशीनें तैयार कर देती हैं।

कला का अंत या विज्ञान की विजय?

इस बदलाव का सबसे विवादास्पद पहलू यह है कि खेल से अचानक होने वाला जादू गायब होता जा रहा है। पहले किसी खिलाड़ी की अप्रत्याशित चाल या रचनात्मकता मैच का रुख बदल देती थी। परंतु, अब हर खिलाड़ी को कंप्यूटर द्वारा तय खींचे गए खांचे के भीतर ही खेलना होता है। क्रिकेट में किस गेंदबाज के सामने कौन सा बल्लेबाज उतरेगा या फुटबाल में गेंद को किस कोण से पास दिया जाएगा, यह सब पहले से तय होता है। कई पूर्व दिग्गजों का मानना है कि इस अत्यधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने खेल को रोबोटिक बना दिया है, जहां खिलाड़ियों की मौलिक स्वतंत्रता छिन गई है।

खेल की नई आर्थिक असमानता

इस तकनीकी क्रांति ने खेल जगत में एक नई खाई पैदा कर दी है। जो अमीर देश या क्लब इन महंगे और आधुनिक साफ्टवेयर को खरीद सकते हैं, वे मैदान पर लगातार अजेय होते जा रहे हैं। वहीं, विकासशील देशों या कम बजट वाले क्लबों के पास बेहतरीन प्रतिभा होने के बावजूद वे तकनीक के इस युद्ध में पिछड़ रहे हैं।

हाकी

विश्व कप, एशियाई खेलों के लिए समान टीम उतार सकता है भारत

भारतीय महिला हाकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने बुधवार को संकेत दिया कि आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच महज 20 दिन का अंतर होने के बावजूद समान टीम उतारी जा सकती है।

महिला और पुरुष हाकी विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा, जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान में होंगे। ऐसी अटकलें हैं कि पुरुष वर्ग में भारत दो अलग अलग टीमें उतार सकता है लेकिन मारिन ने कहा कि वह विश्व कप के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने इस पर बात की है। हमें 2018 का भी अनुभव है जब यही स्थिति थी। एक टूर्नामेंट से दूसरे टूर्नामेंट की तैयारी में मदद मिल सकती है। एशियाई खेल सबसे अहम है क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है। उन्होंने कहा कि लेकिन 2018 विश्व कप से हमारा आत्मविश्वास बढा था और हम उसी सोच के साथ खेलेंगे। विश्व कप को एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इस्तेमाल करना है। विश्व कप में हमारे पास 20 खिलाड़ी होंगे जबकि एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय टीम रहेगी। मारिन ने कहा कि भारतीय महिला टीम के साथ अस्थायी तौर पर काम कर रहे नीदरलैंड के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ ताइके ताकेमा विश्व कप और एशियाई खेलों में भी रहेंगे।

शोर्ड मारिन

(ए)

प्रेरणा

धैर्य वह दीया है, जो अंधेरे समय में भी उम्मीद की रोशनी बनकर जलता रहता है। -अरस्तू

संपादकीय

देश के सामूहिक विवेक को झकझोरने वाले ब्योरे

देश की राजधानी संसद, राष्ट्रपति भवन, कर्तव्य पथ और तमाम बड़ी नियामक संस्थाओं का केंद्र होने के अलावा अपनी सड़कों, हवाई अड्डे, फ्लाईओवर्स, पांच सितारा प्लस होटल्स, आलीशान इमारतों और आडम्बर-निष्ठ जीवनशैली के लिए दुनिया के किसी भी प्रमुख शहर की बराबरी कर सकती है। लेकिन वहीं पर एक मेट्रो स्टेशन के सामने फुटपाथ पर सोए परिवार की 10 साल की बच्ची को एक ड्राइवर अगवा कर लेता है और दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर देता है। अगवा करते समय बच्ची की चीख पर गरीब पिता दौड़ता है पर अपराधी उससे तेज निकलता है और सिस्टम परम्परागत रूप से सुस्त। इस अपराधी के खिलाफ बिहार में पांच गंभीर अपराधों में मुकदमा दर्ज है, लेकिन सिस्टम इसे नजरअंदाज करता है और दो एग्रीगेटर्स उसे राजधानी में गाड़ी चलाने की अनुमति दे देते हैं। वह दस साल से दिल्ली की सड़कों पर ऐसी सेवा दे रहा था, जिसमें अपराध करने का मौका लोगों के संस्थागत भरोसे से मिलता है। इस तरह एक अपराधी दिल्ली में क्राइम करने का लाइसेंस पा जाता है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस के दबाव पर उसने बच्ची का शव फेंकने की जगह तो बताई, लेकिन अपने किए पर उसे कोई पछतावा नहीं था। क्या इस तरह के हादसे हमारे विकास के पैमानों की कलई नहीं खोल देते हैं? क्या इस तरह के ब्योरे देश के सामूहिक विवेक को झकझोरते नहीं हैं? क्या दिल्ली- जहां हर शाम लाखों की जूठन होटलों से फेंकी जाती हो- गरीबों का फुटपाथ पर रहना भी सुरक्षित नहीं कर सकती है?

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

कोई अज्ञात शक्ति या परम ऊर्जा है, जो मदद करती है

युवाओं को लेकर भारत ही नहीं, सारी दुनिया एक नए ढंग से चिंतित है और आश्वस्त भी। जेन-जी ने कई देशों में अपनी उपस्थिति अलग-अलग ढंग से दर्ज की है। पिछले दिनों एस्टोनिया में मेरा भ्रमण था। सुंदरकांड पर मैं बोल चुका था और वहां की राजधानी टालिन में एक महिला गाइड ने मुझे सुनकर जानना चाहा कि मैंने क्या बोला। जब मैंने सुंदरकांड में सफलता का महत्व उन्हें बताया तो उन्होंने अपने देश के युवाओं पर टिप्पणी की। उनका कहना था हमारे देश में भी युवा उद्दंड हो गए हैं, लेकिन 60% का धर्म और अध्यात्म में रुझान बढ़ गया। पहले वो धार्मिक स्थल नहीं जाते थे। अब विदेशों में भी लोग यहां जाते हैं और इसको मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हैं। उनकी बात सुनकर मुझे भारत के मंदिरों में जेन-जी के जयकारे सुनाई देने लगे। क्योंकि मैं देश में जब युवाओं से मिलता हूं तो वो कहते हैं- हम ईश्वर के बारे में बहुत नहीं जानते, लेकिन अब यह महसूस होने लगा है कि कोई अज्ञात शक्ति है, कोई परम ऊर्जा है, जो हमारी मदद करती है। हमारे दम में भी न दिखने वाला दमखम उतरने लगा है।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

घर लौट गया...

बरसों से एक घर दिल में रहता था
हमने एक दिन उसे वास्तुकार को सौंप दिया

उसने उसे राजगीर के हवाले किया
राजगीर हमारे रक्त और पसीने को उलीच-उलीच कर
गारा बनाता रहा और ईंटों के शिल्प से मकान बना डाला

अब उसे घर बनना था।

मैंने भाइयों से इसके लिए भाईचारा मांगा
अभिभावक की छत्रछाया चाही
पड़ोसियों का सहयोग जुटाया
इस तरह ईंटों का एक अदद मकान
घर बनने को तैयार हो गया।

पर अहं की चक्रीय पदचाप प्रवेश कर
इस तरह फैलने लगी कि
रंच मात्र भी नहीं बची जगह

लौट गए सारे अवयव
घर लौट गया।
-कला कौशल, बेगूसराय, बिहार
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

पेड़ों की कटाई रुके

सोलर प्लांट स्थापित करने में प्रकृति के साथ हो रहा खिलवाड़ चिंता का विषय है। प्लांट वाले इलाकों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और सोलर प्लेटों के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। समय रहते यदि पेड़ों की कटाई नहीं रोकी गई तो इसके दुष्परिणाम सभी को झेलने पड़ेंगे। -अजीतसिंह सिसोदिया, खारा

वाहन चलाते समय मोबाइल प्रतिबंधित हो

वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना गंभीर समस्या बन गया है। यह खुद की और दूसरों की जान के लिए खतरा है। मोबाइल पर बात करते समय ध्यान भटकने से दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इस प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाना समय की आवश्यकता है। -राकेश शर्मा, ग्वालियर, मध्यप्रदेश

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

क्या आप जानते हैं

उड़ते हुए ही आराम करते हैं ये पक्षी

कॉमन स्विफ्ट यानी अबाबील ऐसे अनोखे पक्षी हैं, जो वर्ष में 10 महीने हवा में उड़ते हुए ही बिताते हैं। वैज्ञानिक शोधों में पता चला है कि ये पक्षी उड़ते हुए ही भोजन और आराम भी कर लेते हैं। ये सिर्फ प्रजनन काल ही जमीन पर बिताते हैं। यूरोप, एशिया में इनकी 19 प्रजातियां खोजी गई हैं।

14000 मील तक की यात्रा कर लेते हैं अबाबील एक साल में।

नजरिया • फुटबॉल विश्वकप हमें बताता है कि देशप्रेम और जातीय-विविधता में कोई तकरार नहीं है...

मेलजोल से हम मनुष्य क्या कुछ नहीं कर सकते

एकजुटता

डेरोन एस्मोगलु
अर्थशास्त्र के नोबेल विजेता व एमआईटी में प्रोफेसर

जब जर्मन फुटबॉल खिलाड़ी देनीस उन्दव ने खेल के अंतिम क्षणों में दो गोल करके अपनी टीम को आइवरी कोस्ट पर 2-1 से जीत दिलाई, तो आपको ऐसे बहुत कम जर्मन प्रशंसक मिलेंगे, जो उन्हें राष्ट्रीय नायक न मानते हों। इस बात की बहुत कम परवाह की गई कि कुर्द-यजीदी माता-पिता के इस तुर्की-सीरियाई बेटे की शक्ल-सूरत पारंपरिक जर्मन नहीं थी। लेकिन उन्होंने जर्मन टीम को एक रोमांचक जीत दिलाई, जिससे साबित हुआ कि इस 'खूबसूरत खेल' को किसी भी अन्य खेल की तुलना में अधिक वैश्विक दर्शक क्यों मिलते हैं। उन्दव की सफलता अतिवादियों के मुंह पर एक तमाचा भी थी। वे और उनकी टीम इस बात का जीवंत प्रमाण है कि बहुत अलग-अलग पृष्ठभूमि और रूप-रंग वाले लोग एक साझा उद्यम में पिरोए जा सकते हैं, और वे सामूहिक गर्व का स्रोत भी बन सकते हैं। वे दिखाते हैं कि अपने देश से प्रेम करना (जिसे अकसर लेफ्ट की विचारधारा में विकृत रूप में पेश किया जाता है या जिसे अनफैशनेबल माना जाता है) और नए लोगों का स्वागत करना (जिसे धुर दक्षिणपंथी नापसंद करते हैं) एक-दूसरे के विरोधी विचार नहीं हैं।

और यह सिर्फ जर्मन टीम तक ही सीमित नहीं है। इस बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा फीफा विश्व कप लगातार अरबों प्रशंसकों के सामने जातीय रूप से मिश्रित टीमों को पेश करता रहा है। विश्व कप का हर गंभीर दावेदार देश ऐसे खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है, जिनके परिवार केवल एक या दो पीढ़ी पहले उनके यहां आए थे, और इसके बावजूद वे सभी एक प्रसन्नचित्त देशभक्ति की लहर को प्रेरित कर रहे हैं।

विविधता और राष्ट्रीय गर्व का यह संयोजन ही वह चीज है, जिसे राजनीतिक चरमपंथ असंभव बताता है।

औद्योगीकृत दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मुख्यधारा की राजनीति सांस्कृतिक और जातीय रूप से अलग-अलग लोगों के आगमन और इस तरह के प्रवासन से होने वाले कथित असंतोष को लेकर चिंता में डूबी रहती है। एक समय में इंटरनेट के अंधेरे कोनों तक सीमित विचार- जैसे 'ग्रेट रिप्लेसमेंट सिद्धांत' और 'री-इमिग्रेशन' की मांग अब सम्मानित मंचों पर व्यक्त किए जा रहे हैं और उन पर बातें हो रही हैं। एक हालिया सर्वेक्षण में पाया गया है कि 45% ब्रिटिश, 50% डैनिश, 51% फ्रांसीसी, 53% जर्मन, 51% इतालवी, 52% पोलिश और 46% स्पेनिश लोग एक ऐसे परिदृश्य का समर्थन करेंगे, जिसमें आप्रवासन को रोका जाए, और हाल में आए कई प्रवासी फिर से लौट जाएं।

निश्चित रूप से, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आप्रवासियों को 'एथनिक क्लीन्सिंग' जैसी किसी कठोर प्रक्रिया के चलते जबरन खदेड़ने वाली बातों को कोई बहुत समर्थन मिलेगा, लेकिन ऐसी चेतावनियों के बावजूद एक दशक पहले की तुलना में चौंकाने वाला बदलाव देखने को मिलता है। एक दशक पहले इन्हीं देशों में से कई में लोगों ने मध्य-पूर्व में युद्ध से भागकर आ रहे माइग्रेंट्स का अपने यहां स्वागत किया था।

इस बीच, लेफ्ट विचारधारा का एक बड़ा हिस्सा भी हर मुद्दे को उत्पीड़क और उत्पीड़ित के चश्मे से देखने की अपनी आदत के चलते एक अलग, लेकिन परेशान करने वाली दिशा में आगे बढ़ा है। इस सरलीकृत दृष्टिकोण के चलते पश्चिमी देश हमेशा खलनायक होते हैं और देशभक्ति को हमेशा संदेह या तिरस्कार की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह बदलाव मतदान के आंकड़ों में भी परिलक्षित होता है। गैलप के अनुसार, अमेरिकी होने पर गर्व महसूस करने वाले डेमोक्रेट्स का हिस्सा 2000 के दशक की शुरुआत में 60% से अधिक से घटकर 2019 में केवल 22% रह गया था (हालांकि तब से इसमें कुछ सुधार हुआ है)।

इस गिरावट का अधिकांश हिस्सा डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के साथ घटित हुआ, जिससे यह पता चलता है कि यह सत्ता में बैठे लोगों से असंतोष को दर्शाता है। फिर भी, ट्रेंड्स स्पष्ट हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राष्ट्रीय गौरव की बात वामपंथियों में से कई लोगों के लिए शर्मनाक बन गई है।

यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है, क्योंकि साझा पहचान के सहारे के बिना वंचित लोगों का समर्थन करने के लिए बनाई गई नीतियों के इर्द-गिर्द राजनीति के एकजुट होने की संभावना कम हो जाती है। इसमें कॉलेज डिग्री से वंचित कामगार भी शामिल हैं, जो औद्योगिकीकृत दुनिया में कई दशकों से संघर्ष कर रहे हैं।

बेशक, पेशेवर एथलेटिक्स समाज का एक आदर्श दर्पण नहीं है। कोई राष्ट्रीय टीम एक छोटा, संसाधन-संपन्न और गहराई से प्रबंधित समूह होती है, जो मैच जीतने के स्पष्ट लक्ष्य से एकजुट होती है। एक विजयी टीम बनाना, बड़ी आबादी को घर, स्कूलों और श्रम बाजारों में एकजुट करने जैसा नहीं है। और खेलों में भी एकीकरण उतना सहज नहीं रहा है।

अपने देश से प्यार और भिन्न पहचान के लोगों का स्वागत

बेशक, कोई भी विश्व कप यह साबित नहीं कर सकता कि अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों को एकसूत्र में पिरो देना आसान है। लेकिन यह इस बात की पुष्टि जरूर करता है कि जातीय एकजुटता और देशभक्ति का गर्व सह-अस्तित्व में रह सकते हैं।

यूरो 2020 का फाइनल हारने के बाद इंग्लैंड के अश्वेत खिलाड़ियों पर नस्लवादी गाली-गलौज की बौछार कर दी गई थी; फ्रांस की राष्ट्रीय टीम को हमेशा इस बहस में घसीटा जाता है कि उसमें कौन वास्तव में फ्रांसीसी है; और अमेरिका में तो कई खेलों में नस्लवाद का एक भद्दा इतिहास रहा है। एकीकरण का जश्न कई लोग मना सकते हैं, लेकिन एल्गोरिदम के द्वारा सशक्त की गई आवाजें आज बहुत बुलंद और अनुपातहीन रूप से प्रभावशाली हो चुकी हैं। इस मायने में, खेल भी समाज में नजर आने वाले पैटर्न की ही नकल करते हैं।

विश्व कप यह साबित नहीं करता कि अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों को एकसूत्र में पिरो देना आसान है। लेकिन यह उस बात की पुष्टि जरूर करता है, जिसे अतिवादी नकारना चाहते हैं : और वो यह है कि जातीय एकजुटता और देशभक्ति का गर्व नियमित रूप से सह-अस्तित्व में रहते हैं। अपनी बहु-जातीय टीम को राष्ट्रीय ध्वज उठाए देखने वाले अधिकांश प्रशंसक बिना किसी लाग-लपेट के इस सच्चाई का अनुभव करते हैं।

अगर कट्टर दक्षिणपंथी और धुर वामपंथी अपने अहंकार को थोड़ी देर के लिए छोड़कर विश्वकप के कुछ मैच देखें, तो वे उस बात को फिर से खोज सकते हैं, जो हम पहले से जानते हैं। वो यह कि जब एकजुटता और राष्ट्रीय गर्व साथ-साथ चलते हैं, तो ज्यादातर मामलों में परिणाम जीत दिलाने वाला ही होता है!

(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

दूरदृष्टि • 'नालेज कर्स' का जोखिम घटाना होगा

'सुपर स्मार्ट' प्रणालियों का नियंत्रण किनके हाथों में हो?

एआई

कौशिक बसु
विश्व बैंक के पूर्व चीफ इकोनॉमिस्ट

जो बौद्धिक कार्य पहले केवल इंसानों द्वारा किए जा सकते थे, अब उन्हें भी करने में सक्षम मानी जा रही आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) की संभावना ने उम्मीदें और चिंता, दोनों ही पैदा की हैं। दिलचस्प यह है कि एजीआई के फायदे-नुकसानों को लेकर हुए सबसे सूक्ष्म विश्लेषणों में से एक खुद ओपनएआई के सीईओ सैम आल्टमैन ने किया है। अपने एक ब्लॉग पोस्ट में आल्टमैन ने ऐसा संदेह जताया है, जो तकनीक के प्रति आशावादी लोगों में कम ही देखने को मिलता है। उन्होंने लिखा कि 'हम चाहते हैं एजीआई मानवता को ब्रह्मांड में अधिकतम रूप से फलने-फूलने की शक्ति दे।' लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकारा कि ऐसा करने के लिए 'बड़े जोखिमों से निपटना' होगा।

ज्ञानोदय काल के बाद से मानवता में अंधविश्वास और रूढ़िवाद के बजाय वैज्ञानिकता का संदेहवादी भाव बढ़ा है। यह भरोसा भी बढ़ा है कि वैज्ञानिक प्रगति स्वाभाविक रूप से लाभकारी है। यह सोच कहती है कि भले परमाणु बम जैसी खोजें विनाशकारी हों, लेकिन प्रकृति की गहरी समझ देने वाला विज्ञान नि:संदेह मानव-कल्याण में भी सक्षम है। अलबत्ता इस बात को अकसर नजरअंदाज कर दिया जाता है कि विज्ञान में अटूट भरोसा भी अपने में एक रूढ़िवादी धारणा बन सकता है।

2024 के एक शोध-पत्र में मैंने और यॉर्गेन वेइबुल ने गेम थ्योरी का उपयोग करके इस प्रवृत्ति का अध्ययन किया था। जब इंसान ऐसी अनिश्चितता भरी परिस्थितियों में एक-दूसरे से संवाद करते हैं- जिनमें किसी व्यक्ति के लिए क्या तर्कसंगत है, वह इस पर निर्भर करता हो कि दूसरे के लिए क्या तर्कसंगत है- तो कोई नई वैज्ञानिक खोज 'प्रिजनर्स डिलेमा' थ्योरी जैसे हालात पैदा कर सकती है। इसमें हर व्यक्ति का निजी, तर्कसंगत व्यवहार अंततः ऐसे नतीजे लाता है, जो सभी के लिए बदतर हों। एजीआई का उदय भी ऐसी ही घटना साबित हो सकता है।

और इसीलिए आल्टमैन का संदेह उचित है। वे कहते है कि एजीआई हर व्यक्ति को अविश्वसनीय क्षमताएं देने में सक्षम है, लेकिन यह गंभीर दुर्घटनाएं और सामाजिक व्यवधान भी पैदा कर सकता है। ऐसे में चुनौती यह है कि 'नालेज कर्स' के जोखिम को कम से कम किया जाए। चूंकि भविष्य अनिश्चित है तो सबसे बेहतर जो हम कर सकते हैं, वो यह है कि सोचे-समझे अनुमान लगाएं और रोकथाम के विवेकपूर्ण तरीके अपनाएं। इन चुनौतियों को केवल निजी क्षेत्र के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इनसे निपटने के लिए कुछ हद तक संसाधनों का पुनर्वितरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी होगा।

संभवतः एजीआई का सबसे गंभीर परिणाम श्रम की मांग में गिरावट होगा। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि लोगों के पास करने के लिए कुछ बचेगा ही नहीं। वास्तव में तो वे फुर्सत का पहले से कहीं अधिक मजा ले सकते हैं। लेकिन श्रम को यदि किताबी भाषा के तौर पर परिभाषित किया गया कि यह पारिश्रमिक के बदले किया गया कार्य है, तो फिर एजीआई की वो दुनिया श्रम को अप्रासंगिक बना सकती है, जिसमें मशीनें लगभग हर क्षेत्र में इंसानों से बेहतर प्रदर्शन करती हैं।

यदि इन प्रणालियों का नियंत्रण चंद हाथों में सिमटा तो गिने-चुने अरबपति पूरी मानवता पर अभूतपूर्व ताकत हासिल कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि पैसे और ताकत का अत्यधिक केंद्रीकरण न हो।

चूंकि ज्यादातर वयस्क आबादी श्रम से होने वाली आय पर निर्भर है, इसलिए ऐसा बदलाव अरबों लोगों को आजीविका से वंचित कर सकता है। इसीलिए आल्टमैन ने यूनिवर्सल बेसिक इनकम (यूबीआई) की हिमायत की है, जो हर आदमी को न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी देगी। लेकिन एजीआई नौकरियों और आय पर प्रभाव से परे जाकर वैश्विक अधिनायकवाद का रास्ता भी खोल सकती है। यदि इन प्रणालियों का नियंत्रण चंद हाथों में सिमटा तो गिने-चुने अरबपति पूरी मानवता पर अभूतपूर्व ताकत हासिल कर सकते हैं। एजीआई तक सभी की पहुंच होना भी समस्या-समाधान का एक हिस्सा मात्र है। उतना ही महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना भी है कि पैसे और ताकत का अत्यधिक केंद्रीकरण न हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

विमर्श • सामाजिक समूहों की अस्मिता का पोषण

आज की राजनीति में भी अतीत के नायक ही छाए हैं

देश-समाज

बद्री नारायण
टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस के कुलपति

भारतीय राजनीति ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है, जहां वर्तमान के राजनीतिक कुरुक्षेत्र में अतीत जंग लड़ रहा है। अतीत और स्मृतियों की सेना सजी है और इतिहास के नायक ही मानो फिर से जीवित हों घोड़े पर सवार अपने-अपने पक्ष के लिए युद्धरत हैं। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर यह परिघटना साफ-साफ देखी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव का राजनीतिक माहौल बनना शुरू हो गया है। सभी प्रतिद्वंद्वी सियासी दल चुनावी रणनीति बनाने में लग गए हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में 1857 के संग्राम- जिसे भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भी कहते हैं- के दलित नायक वीरा पासी की मूर्ति का अनावरण किया और उस अवसर पर दलित और सीमांत समुदायों को राजनीतिक रूप से जोड़ने की कोशिश की। वहीं एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भी अभी हाल ही में बहराइच में अपनी पहली रैली में गाजी मियां के शौर्य और महानता का वर्णन कर उनकी स्मृति को मुस्लिम समुदाय की अस्मिता-जागरण के लिए इस्तेमाल करने का प्रयास किया। ओवैसी की रैली के तुरंत बाद योगी आदित्यनाथ ने इसे काउंटर करने के किए गाजी मियां को परास्त कर मारने वाले हिंदू सीमांत समूह के महाराजा सुहल देव के गरिमा-जागरण की मुहिम को बल देते हुए कहा कि किसी भी विदेशी आक्रांता का गौरव-गायन ठीक नहीं। इसका विरोध किया जाएगा। लखनऊ में दलित समूह के राजा बिजली पासी के किले और उससे जुड़ी स्मृति में निहित प्रतीकात्मक शक्ति की राजनीतिक गोलबंदी के लिए बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में जंग चलती ही रहती है। समाजवादी पार्टी लगातार उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय को अपने से जोड़ने के लिए महर्षि परशुराम के प्रतीक का इस्तेमाल भी कर ही रही है।

यह जानना रोचक है कि ये ज्यादातर नायक वैदिक काल से लेकर सन् सत्तावन के संग्राम या इससे पहले के हैं। गांधी युग या समकालीन इतिहास के नायक इसमें न के बराबर है। दूसरे, इस प्रक्रिया में ज्यादातर नायक और उनके वृत्तांत एक अकादमिक तथ्य ना रहकर राजनीतिक तथ्य में बदल जाते हैं। तीसरे, इनसे जुड़ी स्मृतियां विभिन्न सामाजिक समूहों की अस्मिताओं के लिए भावनात्मक खाद-पानी देती हैं। ये भावनात्मक आधार ही उन्हें राजनीतिक लामबंदी के लिए तैयार करते हैं। इससे यह भी साबित होता है कि अतीत के कुछ मुद्दे अनसुलझे हैं, जो कि वर्तमान में एक-दूसरे में उलझ रहे हैं।

इससे यह भी लगता है कि विकासमान समाजों में जहां अनेक सामाजिक समूह आगे बढ़ने की प्रतिद्वंद्विता में लगे हैं, वहां अस्मिताओं और स्मृतियों का टकराव विकास, सत्ता और बेहतर सम्मान में उचित भागीदारी के लिए अवश्यम्भावी हो जाता है।

समकालीन राजनीति में अतीत का राजनीतिक रूप से ज्यादा आना यह दिखाता है कि हमारे यहां विकास की राजनीति और जनतंत्र के विस्तार का रास्ता अभी अनेक टकरावों से गुजरेगा। यूपी में जो हो रहा है, उस पर नजर रखें।

विकसित समाजों में भी इतिहास और स्मृतियां हमारे दैनंदिन जीवन में शामिल तो रहती ही हैं, लेकिन उनकी भूमिका बदल जाती है। राजनीतिक गोलबंदी से ज्यादा उनकी भूमिका अकादमिक और निरी ऐतिहासिक होकर रह जाती है। मसलन, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई समाजों में इतिहास और स्मृतियां राजनीति से ज्यादा प्रेरणा पैदा करने का काम करती हैं।

समकालीन राजनीति में अतीत का राजनीतिक रूप से ज्यादा आना यह भी दिखाता है कि हमारे यहां विकास की राजनीति और जनतंत्र के विस्तार का रास्ता अभी अनेक टकरावों से गुजरेगा। जब यह अतीत और अस्मिता-बोध हमारे लिए राजनीति से निकल जीवन-दर्शन, ज्ञान-विमर्श और प्रेरणा के तत्व में बदल जाएंगे, तो विकसित भारत की हमारी यात्रा कुछ ज्यादा आसान हो पाएगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

विशेष • 1975 में लगाए गए आपातकाल जितना गहरा प्रभाव किसी अन्य आपात-स्थिति ने नहीं डाला है

संविधान में निहित मूल्यों की याद दिलाने वाला है आज का दिन

इमरजेंसी

अर्जुन राम मेघवाल
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

'आपातकाल' शब्द अपने आप में एक गहरी बेचैनी का भाव उत्पन्न करता है। इस दौरान प्रायः किसी कथित बड़े उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूर्व स्थापित मानदंडों और प्रक्रियाओं को निलंबित कर दिया जाता है। इतिहास के प्रत्येक कालखंड में मानवता ने किसी न किसी प्रकार की आपात-स्थिति का सामना किया है। फिर भी, एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत की राष्ट्रीय चेतना पर वर्ष 1975 में राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर लगाए गए 'राष्ट्रीय आपातकाल' जितना गहरा प्रभाव किसी अन्य आपात-स्थिति ने नहीं डाला होगा। यह इतिहास का ऐसा काला अध्याय था, जिसे आज भी लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए चेतावनी के रूप में याद किया जाता है।

आज संपूर्ण राष्ट्र 'संविधान हत्या दिवस' मना रहा है। देश में आपातकाल लागू किया जाना हमारे लोकतांत्रिक इतिहास का अमिट कलंक बना हुआ है। इतिहास के इस अंधकारमय और पीड़ादायक कालखंड को 51 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, किंतु आपातकाल का वह समय भारत के जन-मन को आज भी विचलित करता है। लेकिन यह भारत के नागरिकों को लोकतांत्रिक व्यवस्था का सजग प्रहरी बने रहने के लिए दृढ़ संकल्पित भी करता है।

वर्ष 1975 में आपातकाल लागू कर इंदिरा गांधी सरकार ने संवैधानिक भावना की अवहेलना करते हुए देश में नैतिक शासन-व्यवस्था के ताने-बाने को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त किया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में हुई अनियमितताएं, उसके बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला तथा इंदिरा गांधी पर सत्ता से हटने के लिए बढ़ता जन-दबाव भारत के लिए कोई 'आंतरिक अशांति' उत्पन्न करने वाले कारण नहीं थे। आपातकाल लागू करने से पहले के घटनाक्रम इंदिरा गांधी की लोकतंत्र-विरोधी मानसिकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित चुनाव से संबंधित मामले में 19 मार्च 1975 में अदालत के समक्ष आकर गवाही देने वाली वे पहली भारतीय प्रधानमंत्री थीं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 12 जून 1975 को सुनाया गया अंतिम निर्णय दूरगामी परिणामों वाला था। इस निर्णय द्वारा श्रीमती गांधी के चुनाव को अमान्य एवं उन्हें 6 वर्षों के लिए किसी भी निर्वाचित पद को धारण करने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद 24 जून को उच्चतम न्यायालय ने उनकी अपील की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर सशर्त रोक लगा दी। इससे उन्हें संसद में उपस्थित होने की अनुमति तो मिल गई, किंतु मामले का फैसला उच्च पीठ द्वारा होने तक उन्हें मतदान करने या वेतन प्राप्त करने के अधिकार से वंचित कर दिया गया।

इसी बीच, जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई विशाल जनसभा ने जनता का दबाव और बढ़ा दिया तथा उनके इस्तीफे की मांग राजनीतिक हलकों में गूंज उठी। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लागू करने का फैसला लिया। 25 जून की मध्य रात्रि को उन्होंने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को मंत्रिमंडल की पूर्व सहमति के बिना आपातकाल घोषित करने की सलाह दी। यह सूचना सरकारी लेटरहेड के स्थान पर सादे कागज पर दी थी।

अतीत के घावों को याद करते हुए सरकार ने 11 जुलाई 2024 को जारी गजट अधिसूचना के माध्यम से 25 जून का दिन 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। यह उन सभी के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मानित करने का दिवस है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए दृढ़ता से खड़े रहे। यह दिन हमें संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के महत्व की भी याद दिलाता है।

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ
नई दिल्ली, गुरुवार 25 जून, 2026

न्यू इंडिया • टॉप-500 भारतीय कंपनियों की वैल्यू अब कनाडा की जीडीपी से ज्यादा

टेलीकॉम, डिफेंस, एआई, आईपीएल नए वेल्थ क्रिएटर; छोटे शहर भी उभरे

सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली

देश में प्राइवेट सेक्टर की टॉप-500 कंपनियों की कुल वैल्यू 3.4 ट्रिलियन डॉलर (₹321.3 लाख करोड़) से ऊपर निकल गई है। यह कनाडा की जीडीपी से भी ज्यादा है। टेलीकॉम, डिफेंस, रिन्यूएबल एनर्जी, एआई स्टार्टअप, आईपीएल फ्रेंचाइजी और यहां तक कि राजकोट, बीकानेर टियर-2,3 शहर भी नए वेल्थ क्रिएटर बनकर उभरे हैं।

एक्सिस बैंक और बरगंडी प्राइवेट 'हुरुन इंडिया 500' रिपोर्ट बताती है कि शेयर बाजार अब 'ग्रोथ स्टोरी' पर नहीं, बल्कि कंपनियों की मजबूत बैलेंसशीट और कैश जेनरेशन पर भरोसा कर रहा है। वैल्युएशन के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवें साल शीर्ष पर बनी रही। लेकिन भारती एयरटेल ने पांच साल में सबसे ज्यादा ₹7.64 लाख करोड़ की शेयरहोल्डर वैल्यू (निवेशकों की दौलत) बनाई है। इस मामले में करीब एक दशक तक बादशाहत बरकरार रखने वाली दिग्गज आईटी कंपनियां, मसलन टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो पांच साल में ₹8.5 लाख करोड़ का वैल्युएशन गंवा चुके हैं। हालांकि अब एआई कमाई का नया स्रोत बनने से इनकी आय और वैल्युएशन बढ़ने लगा है। इन दिनों आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज रिकवरी देखी जा रही है।

भारती एयरटेल की वैल्यू पांच साल में 198%, एनएसई की 189% बढ़ी

कंपनी	वैल्यू	2025 में	5 साल में
रिलायंस इंडस्ट्रीज	19.36	↑ 10%	↑ 16%
एचडीएफसी बैंक	11.88	↓ 17%	↑ 31%
भारती एयरटेल	11.49	↑ 18%	↑ 198%
आईसीआईसीआई बैंक	9.04	↓ 3%	↑ 68%
टीसीएस	8.95	↓ 44%	↓ 32%
बजाज फाइनेंस	5.83	↑ 37%	↑ 35%
एलएंडटी	5.52	↑ 2%	↑ 121%
एनएसई	4.86	↑ 3%	↑ 189%
इन्फोसिस	4.79	↓ 40%	↓ 36%
सन फार्मा	4.34	00%	↑ 119%

नोटः आंकड़े लाख करोड़ रुपए में, स्रोतः हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट

टॉप-500 कंपनियों ने दिए 89 लाख जॉब

- टॉप-10 कंपनियों की संयुक्त वैल्यू ₹86 लाख करोड़, देश की जीडीपी का 25%
- रैंकिंग में एंट्री की न्यूनतम वैल्यू ₹10,230 करोड़, हर कंपनी 1 अरब डॉलर से बड़ी
- इस साल लिस्ट में 95 कंपनियों की नई एंट्री, इनमें पांच आईपीएल टीमें भी शामिल
- टॉप-500 कंपनियों में 89 लाख कर्मचारी, इन्होंने कुल ₹3.23 लाख करोड़ टैक्स दिए

'वेल्थ क्रिएटर' की लिस्ट में पहली बार चार प्योर-प्ले एआई कंपनियां

एआईः पहली बार चार प्योर-प्ले एआई कंपनियां- फ्रैक्टल एनालिटिक्स, ग्लांस, नेया और सर्वम एआई हुरुन इंडिया-500 लिस्ट में शामिल हुई हैं। इनकी कुल वैल्यू ₹60,000 करोड़ से अधिक है।

आईपीएल फ्रेंचाइजीः पहली बार 5 आईपीएल टीमें- कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब सुपर किंग्स कॉरपोरेट इंडिया की मेनस्ट्रीम रैंकिंग में आईं। इनकी संयुक्त वैल्यू ₹71,000 करोड़ से ज्यादा है।

डिफेंस, एयरोस्पेसः घरेलू रक्षा खर्च में बढ़ोतरी के चलते इस सेक्टर के वैल्युएशन में 74% उछाल आया। सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया पहली बार टॉप 50 में पहुंची; एमटीएआर टेक्नोलॉजीज और स्काईरूट एयरोस्पेस ने भी लिस्ट में जगह बनाई।

रिन्युएबल एनर्जीः ग्रीनको, इनॉक्स क्लीन एनर्जी और एम्वी फोटोवोल्टाइक पावर की नई एंट्री के साथ क्लीन एनर्जी कंपनियों की संख्या 20 हो गई। इनकी संयुक्त वैल्यू ₹3.4 लाख करोड़ आंकी गई है।

टियर-2,3 शहरः वेल्थ क्रिएटर्स 50 शहरों तक फैल गए हैं। राजकोट, बीकानेर, कुंभकोणम, राजनांदगांव जैसे शहरों की कंपनियां नई लिस्ट में शामिल हैं।

सेंसेक्स 790 अंक उछला, निफ्टी एक बार फिर 24,000 से ऊपर निकला

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तगड़ी रिकवरी देखी गई। सेंसेक्स 790.5 अंक (1%) चढ़कर 76,991 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 197.5 अंकों (0.83%) की तेजी के साथ 24,021 के स्तर पर पहुंच गया। बैंकिंग, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी और सीमेंट सेक्टरों के शेयरों में जोरदार तेजी रही। इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे हैवीवेट शेयरों ने बाजार को संभाला। कच्चे तेल की घटती कीमतों ने महंगाई की चिंता कम की। इससे निवेशकों का सेंटिमेंट मजबूत हुआ। इस बीच रुपया भी 21 पैसे की मजबूत होकर 94.55 प्रति यूएस डॉलर पर पहुंच गया।

नई चुनौती • ईंधन की सप्लाई कम क्योंकि ज्यादातर देश भंडार भरने में जुटेः मैकिंजी

हवाई सफर 25% तक महंगा हो सकता है

भास्कर न्यूज | मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव और रिफाइनरी प्रोडक्शन में कमी के चलते विमान ईंधन (एटीएफ) की वैश्विक आपूर्ति बाधित हो रही है। इसे देखते हुए वैश्विक सलाहकार कंपनी मैकिंजी ने चेताया है कि 2026 में हवाई किराया 20-25% तक बढ़ सकता है। कच्चे तेल और उससे तैयार एटीएफ की कीमत के बीच अंतर (क्रैक स्पेड) 50 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकलने की आशंका को इसकी वजह बताई गई है, जो अमूमन 20% होता है। मैकिंजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान ईंधन की कीमतें मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम बढ़ने के कारण बढ़ी हैं, लेकिन असली समस्या आपूर्ति की है। खाड़ी क्षेत्र और एशिया के प्रमुख विमान ईंधन निर्यातक देश, जो दुनिया की 40% आपूर्ति करते हैं, अपना उत्पादन घटा चुके हैं। चीन, भारत और दक्षिण कोरिया ने भी निर्यात पर आंशिक प्रतिबंध लगाए हैं। गर्मियों के ट्रैवल सीजन से पहले मांग बढ़ने और भंडार घटने से स्थिति और गंभीर हो सकती है।



विमानन कंपनियों पर ईंधन महंगा होने का असर ऐसे...

- एयरलाइन टिकट की कुल कीमत का करीब 30% हिस्सा ईंधन की लागत है।
- ईंधन यानी एटीएफ की लागत दोगुनी होने पर किराया अमूमन 20-25% बढ़ता है।
- एयरलाइंस बढ़ी हुई ऑपरेशन लागत के बड़े हिस्से का बोझ यात्रियों पर डालती हैं।

तीन कारणों से किराए में वृद्धि थमने के आसार नहीं

1. होर्मुज जल मार्ग से टैंकर ट्रैफिक पूरी तरह सामान्य होने पर दाम घट सकती हैं, जिसकी संभावना बढ़ी है।
2. दिक्कत यह है कि ज्यादातर देश रणनीतिक भंडार भर रहे हैं, इसलिए कीमतें ऊंची रह सकती हैं।
3. वैश्विक रिफाइनरी पहले से ऊंची क्षमता पर चल रही हैं। अतिरिक्त उत्पादन की गुंजाइश सीमित है।

राहत की उम्मीद... कच्चे तेल के दाम 4 माह में सबसे कम

कच्चे तेल की कीमत 4 महीनों के निचले स्तर पर आ गई है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड के दाम करीब 2% घटकर 75.55 डॉलर प्रति बैरल रह गया। दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और होर्मुज जल मार्ग से टैंकरों की आवाजाही धीरे-धीरे सामान्य होने से क्रूड ऑयल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। ईरान युद्ध के दौरान ब्रेंट क्रूड 120 डॉलर तक पहुंच गया था। मौजूदा कीमत उससे 37% कम है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि मांग मजबूत बनी रहेगी क्योंकि उत्पादन में कटौती की आशंका है।

एआई मॉडल पर लगाम की तैयारी में आरबीआई, बैंक ग्राहक को बताएंगे-आप एआई से बात कर रहे

अनुप्रेक्षा जैन | मुंबई

बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में एआई के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर रिजर्व बैंक ने सख्त रुख अपनाया है। आरबीआई ने बुधवार को 'मॉडल रिस्क मैनेजमेंट' पर ड्राफ्ट गाइडलाइन जारी की। इसमें हर बैंक और वित्तीय संस्था के लिए बोर्ड-अनुमोदित फ्रेमवर्क अनिवार्य कर दिया गया है। बैंक/संस्थाएं ग्राहकों को बताएंगी कि वे एआई से बात कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर इंसानी सहायता का विकल्प भी मिलेगा।

आरबीआई का कहना है कि एआई/एमएल (मशीन लर्निंग) मॉडल के इस्तेमाल में कमजोर गवर्नेंस और कमजोर निगरानी तंत्र से वित्तीय, परिचालन और प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम पैदा हो सकते हैं। इसलिए यह फ्रेमवर्क सभी एआई/एमएल मॉडलों पर लागू होगा, चाहे उन्हें संस्था ने खुद बनाए हों, किसी थर्ड पार्टी से लिए हों या दोनों की साझेदारी में तैयार किए गए हों।

प्रस्ताव के तहत बोर्ड को समय-समय पर फ्रेमवर्क की समीक्षा करनी होगी और 'स्ट्रेस टेस्टिंग' के आधार पर समग्र जोखिम की सीमा तय करनी होगी। ग्राहकों का सामना करने वाले एआई सिस्टम, मसलन जेनरेटिव एआई के लिए अतिरिक्त साइबर सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए गए हैं। इस ड्राफ्ट पर 24 जुलाई तक सुझाव मांगे गए हैं।

बिजनेस ब्रीफ

स्विगीः इंस्टामार्ट के 2 टॉप अधिकारियों का इस्तीफा

बेंगलुरु | स्विगी के क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट के सीओओ अंकित जैन और सीबीओ हरि कुमार ने अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्लिपकार्ट से आए हरि कुमार नवंबर 2024 में ही कंपनी से जुड़े थे। कंपनी ने इनमें से एक पद के लिए रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है, लेकिन नाम का खुलासा नहीं किया है।

मेटा ने उतारे स्मार्ट ग्लास, दाम ₹28,000 से शुरू

न्यूयॉर्क | एसिलॉरलक्सोटिका के साथ पार्टनरशिप की मदद से मेटा ने एआई-पावर्ड 'मेटा ग्लासेस' लाइनअप लॉन्च किया है। इनकी कीमत 299 डॉलर (₹28,000) से शुरू होगी। इनमें मेटा एआई, हैंड्स-फ्री फोटो/वीडियो, वॉइस कंट्रोल और 8+ घंटे बैटरी लाइफ जैसे फीचर्स हैं। ये रे-बैन और ओकली मॉडल्स से सस्ते हैं।

भीम एप के जरिए लेनदेन एक साल में तीन गुना बढ़े

नई दिल्ली | भीम एप के जरिए लेनदेन सिर्फ एक साल में तीन गुना बढ़ गए हैं। एनपीसीआई भीम सर्विसेज की सीईओ ललिता नटराज ने बताया कि भीम एप से मासिक ट्रांजेक्शन जून 2025 के 7.9 करोड़ से बढ़कर मई 2026 में 24.4 करोड़ हो गए। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल ग्रॉसरी, फूड आउटलेट्स और क्विक कॉमर्स में हुआ।

दुबई की जेम्स एजुकेशन भारत में स्कूल खोलेगी

नई दिल्ली | दुबई की जेम्स एजुकेशन भारत आ रही है। संस्था ने 3 करोड़ डॉलर (लगभग 283 करोड़) के शुरुआती निवेश की घोषणा की है। पहले चरण में 21 स्कूल खोले जाएंगे। पहले 5 कैंपस इसी साल में मुंबई, उत्तर प्रदेश, केरल और राजस्थान में खुलेंगे। लंबे समय में 30+ स्वामित्व वाले स्कूल और 1000+ पार्टनर स्कूलों का नेटवर्क बनाने का लक्ष्य है।

क्विक कॉमर्स की होड़, अमेजन के बॉस भारत में

नई दिल्ली | अमेजन के सीईओ एंडी जेसी कंपनी की कमान संभालने के बाद पहली बार भारत के दौरे पर आए हैं। वे अमेजन नाउ को 300+ शहरों में विस्तार देने की योजना पर फोकस कर रहे हैं। क्विक कॉमर्स सेगमेंट में ब्लिंकिट, जेप्टो, इंस्टामार्ट और फ्लिपकार्ट से कंपनी का मुकाबला तेज हुआ है।

मुनाफा लागत से कम

पैनासोनिकः मध्य प्रदेश में प्लांट बंद हो सकता है

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

जापान की पैनासोनिक एनर्जी की भारतीय यूनिट बंद हो सकती है। कड़े सरकारी बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के कारण कंपनी मध्य प्रदेश के पीथमपुर में स्थित देश का अपना एकमात्र ड्राई-सेल बैटरी प्लांट बंद करने पर मजबूर है। वडोदरा की पैनासोनिक एनर्जी इंडिया कंपनी के सीएमडी अकिओ फुजिता ने कहा नई नीति से अनुपालन लागत मुनाफे से अधिक हो जाएगी। इससे कंपनी की कुल बिक्री भी प्रभावित होगी। कंपनी सालभर से सरकार से बातचीत कर रही है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। यदि नियमों में सुधार नहीं हुआ, तो 1972 से चल रही इस पुरानी यूनिट पर ताला लग जाएगा। इससे देश की पूरी ड्राई-बैटरी इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगेगा।

ट्रेड वॉच रिपोर्ट • भारत वैश्विक 'दवाखाना', पर 86% तक कच्चा माल चीन से आ रहा

70% एचआईवी दवा, 60% वैक्सीन भारत बना रहा

उन्नति झाबक | नई दिल्ली

भारत दवा उत्पादन और आपूर्ति में दुनिया की बड़ी ताकत के तौर पर उभरा है। लेकिन कच्चे माल के लिए चीन पर 86% तक निर्भरता, रिसर्च पर कम निवेश और विकसित देशों के गैर-टैरिफ बाधाएं इसकी राह में बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

जनवरी-मार्च तिमाही के लिए नीति आयोग की 'ट्रेड वॉच' रिपोर्ट भारतीय फार्मा इंडस्ट्री की ताकत और कमजोरियों, दोनों को सामने लाती है। इसके मुताबिक भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दवा उत्पादक है। लेकिन रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी बिक्री का सिर्फ 7% खर्च करती हैं, जबकि वैश्विक कंपनियां इसमें 15-20% तक निवेश करती हैं।

अमेरिका को 40%, ब्रिटेन को 25% दवाएं भारत भेज रहा

- फार्मा सेक्टर देश के जीडीपी में 1.7% योगदान करता है। यह इंडस्ट्री करीब 27 लाख लोगों को रोजगार देता है।
- दुनिया की 20% जेनरिक दवाएं भारत में बन रहीं; अफ्रीका 50%, अमेरिका 40%, ब्रिटेन को 25% दवाएं भारत भेजता है।
- एचआईवी की करीब 70% दवा की वैश्विक सप्लाई भारत करता है।
- दुनिया का 60% वैक्सीन उत्पादन भारत में, पर निर्यात सिर्फ ₹20,790 करोड़ का, स्विट्जरलैंड ₹6.5 लाख करोड़ का निर्यात करता है।

फार्मा हबः देश का 40% दवा उत्पादन तेलंगाना में

देश में फार्मा उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र तेलंगाना है। इस राज्य में देश का लगभग 40% दवाओं का उत्पादन होता है। इसमें गुजरात की हिस्सेदारी 33-40% और महाराष्ट्र की 14% है। दवा निर्यात में भी गुजरात और महाराष्ट्र सबसे आगे हैं।

प्रतिस्पर्धाः मैक्सिको से दवा निर्यात सालाना 24% बढ़ रहा

मैक्सिको भारतीय दवा उद्योग के लिए तेजी से उभरता बाजार बन रहा है। वहां निर्यात सालाना 24% कम्पाउंडेड रेट से बढ़ रहा है। हालांकि चीन जैसे बड़े बाजार में भी भारत की हिस्सेदारी अभी केवल 0.2% ही है।

तैयारीः पेटेंट फाइलिंग 10 साल में 8 गुना

आरएंडडी पर कुल बिक्री का सिर्फ 7% खर्च के बावजूद मेडिकल और लाइफ साइंस पेटेंट फाइलिंग 10 साल में 8 गुना हो गई। 2013 में जहां केवल 440 पेटेंट फाइल किए गए थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 3,576 हो गई।

चुनौतीः रिसर्च के पैसे से साफ हो रहा कचरा

पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सख्त मानकों के कारण दवा कंपनियों के आरएंडडी बजट का 35-40% कचरा प्रबंधन और ट्रीटमेंट प्लांट पर खर्च हो जाता है। इससे नई दवाओं और इनोवेशन पर निवेश सीमित हो जाता है।

नया दांव • वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स बनाई

वेदांताः डीमर्जर के हफ्तेभर बाद रियल एस्टेट में भी एंट्री

भास्कर न्यूज | मुंबई

डीमर्जर से 4 नई कंपनियों की लिस्टिंग के महज हफ्तेभर बाद वेदांता ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अनिल अग्रवाल की अगुआई वाली माइनिंग कंपनी ने रियल एस्टेट सेक्टर में एंट्री की है। मुंबई में पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (वीपीपीएल) बनाई गई है।

वेदांता ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि वीपीपीएल रियल एस्टेट और उससे जुड़े बिजनेस के लिए एक रणनीतिक प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगी। हालांकि अभी किसी प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि कंपनी इस बिजनेस में अपनी अतिरिक्त जमीन और गैर-मुख्य संपत्तियों का इस्तेमाल करना चाहती है। यह घोषणा कंपनी की सालाना आम बैठक से पहले की गई है, जो 14 जुलाई को होनी है। बैठक में कुछ और ऐलान किए जा सकते हैं।

इस महीने अब तक वेदांता में ये बड़े बदलाव हुए...

- नई कंपनियां-वेदांता लिमिटेड, वेदांता एल्युमीनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील की स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टिंग।
- वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स की शुरुआत। इसकी पूंजी की पूरी राशि ग्रुप ने खुद लगाई, फिलहाल किसी प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं की गई है।

अल्टीमेट • 71 मिनट में लंदन से न्यूयॉर्क... यूरोप बना रहा है कॉनकॉर्ड से भी तेज हाइपरसोनिक स्पेसप्लेन

पेरिस | हवाई सफर की दुनिया बदलने वाली है। कॉनकॉर्ड की पहली उड़ान के 57 साल बाद यूरोप एक बार फिर सुपरसोनिक रेस में उतरा है। यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की स्पेस एजेंसी हाइड्रोजन-पावर्ड हाइपरसोनिक स्पेसप्लेन 'इनविक्टस' विकसित कर रही है। यह न्यूयॉर्क से लंदन का सफर सिर्फ 71 मिनट में पूरा करेगा। अभी 7-8 घंटे लगते हैं। इतने समय में अमेरिका का बूम सुपरसोनिक विमान 'ओवरचर' सिर्फ जेएफके से ह्यूस्टन तक पहुंच पाएगा। यह विमान 2036 तक तैयार हो जाएगा।

सुपरसोनिक रेस तेज

- 80,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ान
- 6,115 किमी प्रति घंटे की रफ्तार
- 'इनविक्टस' अमेरिकी सुपरसोनिक विमान 'ओवरचर' से तीन गुना तेज एयरक्राफ्ट

3 माह में सोना 12%, चांदी 17% टूटी

सोना अभी 10 साल की बड़ी गिरावट के करीब

एजेंसी | न्यूयॉर्क

लगातार पांच तिमाहियों की तेजी के बाद सोने-चांदी में भारी गिरावट आई है। जून तिमाही में सोना 12% गिरा है, जो 10 साल की सबसे बड़ी गिरावट है। चांदी भी 17.6% फिसलकर चार साल के सबसे खराब प्रदर्शन पर है। इस साल 28 जनवरी को सोना 5417 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई से 24% और चांदी 117 डॉलर प्रति औंस के स्तर से 47% टूट चुकी है। साल 2024 में सोना 28%, चांदी 22% और 2025 में सोना 65%, चांदी 148% बढ़ी थी। जनवरी से मार्च 2026 के बीच सोना 10% और फरवरी तक चांदी 28% चढ़ी थी। अमेरिका, ईरान, इजराइल के समझौते के बाद भी बाजार नहीं संभला। मजबूत डॉलर, बढ़ती बॉन्ड यील्ड और फेड के कड़े रुख से दबाव है।

चंद्रशेखरन ने खुद संभाली कमान

एअर इंडिया को मुनाफे में लाने की बड़ी तैयारी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

एअर इंडिया को मुनाफे में लाने की तैयारी नए सिरे से शुरू हो गई है। टाटा समूह के नियंत्रण में आने के बाद वित्त वर्ष 2026 में एअर इंडिया को 296 करोड़ डॉलर (करीब 28,016 करोड़ रुपए) का सबसे बड़ा सालाना घाटा हुआ है। इस भारी नुकसान और सीईओ कैंपबेल विल्सन के इस्तीफे के बीच टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कमान सीधे अपने हाथ में ले ली है। वे अब हर हफ्ते कामकाज की समीक्षा करेंगे। पूर्व नागरिक विमानन सचिव प्रदीप सिंह खरोला को मैनेजमेंट की मदद के लिए एग्जीक्यूटिव एडवाइजर बनाया गया है। महंगे ईंधन, लंबे रूट और विमानों के अपग्रेडेशन में देरी से वित्तीय दबाव बढ़ा है।

गिरवी गहने खोने का जोखिम कम

गोल्ड लोनः सिर्फ 3% ज्वेलरी होती है नीलाम

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश में बांटे गए कुल गोल्ड लोन का 3% से भी कम हिस्सा ही नीलामी तक पहुंचता है। इससे आम आदमी के लिए गिरवी आभूषण खोने का डर बेहद कम है। दरअसल, एक साथ पूरा पैसा चुकाने की शर्त पर लिए गए 12 महीने के कर्ज में से लगभग 90% ग्राहक समय से पहले ही अपना भुगतान कर देते हैं। बाकी बचे डिफॉल्टर्स में से भी 75% से अधिक लोग नीलामी शुरू होने से पहले बकाया चुकाकर गहने छुड़ा लेते हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सोने की कीमतों में 20% तक गिरावट आने पर भी कंपनियां अपना पोर्टफोलियो सुरक्षित रखने में सक्षम हैं। आम आदमी को बाजार की अस्थिरता से घबराने की जरूरत नहीं है। आरबीआई ने ₹5 लाख से कम के लोन पर 85% एलटीवी (लोन-टू-वैल्यू) की मंजूरी दी है।

बिजनेस एंकर • घर खरीदने में टिकाऊपन बना नया पैमाना, लागत के साथ बचत पर भी फोकस

ग्रीन होम 4% तक महंगे, बिजली-पानी पर 30% तक बचत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

घर खरीदने का पैमाना अब सिर्फ लोकेशन, दाम और सुविधाएं नहीं, बल्कि सस्टेनेबिलिटी भी है। प्रॉपटेक फर्म स्क्वेयर याड्र्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीन होम की निर्माण लागत सामान्य घरों से 3.5-4% ज्यादा हो सकती है। लेकिन ये लंबे समय में घर के मालिक के लिए ज्यादा किफायती साबित होते हैं। सस्टेनेबिलिटी का मतलब है कि घर ऐसे बनाए जाएं जो पर्यावरण पर कम से कम दबाव डाले और लंबे समय तक संसाधनों की बचत कर सके। इसमें सोलर पावर, रेन-वॉटर हार्वेस्टिंग और कचरा प्रबंधन शामिल हैं। ये आरामदायक होने के साथ ही बिजली-पानी की खपत घटाकर बचत भी कराते हैं।

भविष्यः नेट-जीरो लक्ष्य में पर्यावरण की सुरक्षा, पारदर्शिता की बड़ी भूमिका

भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। भविष्य में सस्टेनेबिलिटी से जुड़ी जानकारियां ग्राहकों को फैसले करने में मुख्य भूमिका निभाएंगी। विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका कोचर के अनुसार, इससे सूचनाओं की कमी दूर होगी। अब खरीदार पर्यावरण के साथ-साथ वित्तीय बचत के नजरिए से भी घर चुन सकेंगे।

सस्टेनेबल घर पानी की खपत 30-50% और बिजली बिल 20-30% तक कम कर सकते हैं। देश में वर्ष 2050 तक 40 करोड़ लोग शहरों में बसेंगे। शहरों में घरों का निर्माण दोगुना होने का अनुमान है। कंस्ट्रक्शन सेक्टर देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एक-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब पर्यावरण के अनुकूल घरों की अहमियत बढ़ रही है। खरीदारों को अब सही प्रोजेक्ट चुनने के लिए नए मानदंडों की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रीन होम में रहने से खर्चों में कमी आती है। बिजली की बचत और बेहतर तापमान नियंत्रण से बजट घटता है। हालांकि, खरीदारों के लिए अच्छे प्रोजेक्ट्स चुनना थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि सस्टेनेबिलिटी से जुड़ी जानकारियां कई प्रमाणपत्रों और तकनीकी रिपोर्टों में बिखरी रहती है। रिपोर्ट में इसे 'ग्रीन हाउसिंग पैराडॉक्स' कहा गया है। खरीदार स्वस्थ वातावरण पसंद तो करते हैं, लेकिन सूचनाओं के अभाव में फैसला नहीं कर पाते हैं। अब सस्टेनेबिलिटी को लोकेशन और कीमत जैसे पारंपरिक कारकों के समान अहमियत मिल रही है। यह लंबी अवधि में घर की क्वालिटी और जीवन स्तर को प्रभावित करता है।

देश में 16 अरब वर्ग फीट मे 19,715 ग्रीन प्रोजेक्ट्स और 130 नेट-जीरो प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। इनसे हर साल 199.3 अरब लीटर पानी और 66.4 अरब यूनिट बिजली की बचत होगी। साथ ही सालाना 5.31 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी। स्क्वेयर याड्र्स ने 'स्क्वेयर याड्र्स ग्रीन लिविंग इंडेक्स' भी लॉन्च किया है। यह सस्टेनेबिलिटी, सुविधाएं, घर की मजबूती और स्मार्टनेस मापने का एक पैमाना है। यह सिस्टम रेरा की जानकारी और लोकेशन डेटा को आम लोगों के समझने लायक आसान स्कोर में बदलता है।

400 किलो उत्पादन लक्ष्य

देश में सोने की पहली प्राइवेट खदान चालू

बिजनेस संवाददाता | अमरावती

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में देश की पहली निजी सोने की खदान 'स्वर्णगिरी' से उत्पादन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को इस ऐतिहासिक माइनिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। जियोमैसूर सर्विसेज इंडिया द्वारा 405 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित यह खदान आजारी के बाद से देश की एकमात्र चालू निजी प्राथमिक सोने की खदान है। 598 हेक्टेयर में फैले इस प्रोजेक्ट से 700 लोगों को रोजगार मिलेगा, जिसमें 80% स्थानीय होंगे। खदान से वित्त वर्ष 2026-27 में 400 किलोग्राम सोना निकालने का लक्ष्य है, जिसे बढ़ाकर एक टन किया जाएगा।

विसंगति • वेतन ढांचे पर ईडी ने उठाए सवाल

राजेश एक्सपोर्ट्सः CFO को सैलरी नहीं, MD को 17 हजार

बिजनेस संवाददाता | बेंगलुरु

सालाना ₹7.7 लाख करोड़ टर्नओवर वाली गोल्ड कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स के अजीब सैलरी स्ट्रक्चर को देखकर ईडी हैरान है। छापेमारी में पता चला है कि सीएफओ को साल 2020 से कोई वेतन नहीं मिला, जबकि एमडी को हर महीने महज ₹17 हजार सैलरी दी जा रही थी। इस विसंगति से कंपनी की कॉरपोरेट गवर्नेंस पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार को एनएसई पर कंपनी का शेयर 5% गिरकर 102 रुपए पर खुला और लोअर सर्किट लगने से दिनभर इसमें कोई ट्रेडिंग नहीं हुई। ईडी ने बेंगलुरु-मुंबई के 9 ठिकानों पर छापेमारी में भारी हेरफेर और संदिग्ध विदेशी लेनदेन पकड़े हैं।

गड़बड़ीः ईडी की जांच में सामने आई 4 बड़ी खामियां

- संदिग्ध लेनदेनः यूएई व अन्य विदेशी संस्थाओं के साथ 3,000 करोड़ रुपए का संदेहास्पद बिजनेस एडजस्टमेंट मिला।
- लापता रिकॉर्डः अफ्रीकी देशों में सोने की खदानों में किए गए 1,035 करोड़ रुपए के निवेश के दस्तावेज गायब हैं।
- स्टॉक में अंतरः कंपनी के बहीखाते और वास्तविक फिजिकल स्टॉक में 40% की भारी विसंगति पकड़ी गई।
- पुरानी कड़ियांः वैलकाम्बी के जरिए आय 15.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ाकर दिखाने के सेबी के आरोप गहरे हुए।

Lifetime Free Newspapers Access

Editorials PDF

- English Editorials PDF with International Neespapers Editorials [35-40pages]
- Hindi Editorials PDF
- Daily Vocabulary PDF

Magazine Channel

National & International
[Genaral & Exam related]

International Newspapers

Newspapers around world.
Asian, Europian & American

Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click below to Join this Community 👇